जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 14 संख्याः 172 प्रभात चूरू, बुधवार 19 अक्टूबर, 2022 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



*साउथ वैस्ट एल्बेनिया में व्लोरा के निकट है नार्ता लगून (मार्शलैंड), यहां डैल्मेशियन पैलिकन देखे जा सकते हैं। उड़ते समय अति भव्य नज़र आने वाले इन पक्षियों के पंखों का फैलाव लगभग एल्बैट्रॉस के पंखों जितना होता है। ये पक्षी इस स्थान पर प्रजनन नहीं करते, लेकिन यहाँ के जल कुण्डों में इनके लिए भोजन पर्याप्त मात्रा में होता है। बहुत से प्रवासी पक्षी भी अफ्रीका से मध्य और उत्तरी यूरोप जाते समय इस क्षेत्र में विश्राम के लिए रुकते हैं। ये मैडिटरेनियन के प्रमुख वैटलैण्ड्स हैं, जो पूर्व में एल्बेनिया के लगभग समूचे तटवर्ती भाग में फैले थे। लेकिन 1950 से 60 के दशक में एनवर होक्सा की तानाशाह सरकार ने मलेरिया का उन्मूलन करने और निचले भागों में खेती को प्रोत्साहन देने के लिए इन वैटलैण्ड्स का बड़ा भाग सुखा दिया। डैल्मेशियन पैलिकन्स यूरेशिया के अधिकांश भाग में मिलते हैं। तथापि, 20 सवीं सदी में, मार्शलैंड सुखाने, विकास हेतु इंसानी हस्तक्षेप व अवैध शिकार की वजह से इनकी आबादी में भारी कमी हुई। इंटरनैशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (आई.यू.सी.एन.) ने इन्हें ''निअर थ्रैटन्ड'' (खतरे के करीब) वर्ग में रखा है। कभी समूचे तटवर्ती भाग में मिलने वाले ये पक्षी 90 के दशक तक गायब हो गए थे। सन् 1991 में जब होक्सा के शासन का अंत हुआ तब जाकर हालात में बदलाव आने लगा। इन पक्षियों को कानूनी संरक्षण दिया गया। एल्बेनिया ऑर्निथॉलजिकल सोसायटी के प्रमुख, टॉलैंट बिनो ने वर्ष 2000 में जब इन पक्षियों के संरक्षण के लिए काम शुरु किया था तब डिवजाका-कारावास्ता नैशनल पार्क में इन पक्षियों के मात्र 19 घोंसले थे, फिर कानूनी संरक्षण से स्थिति और बिगड़ने से रुकी। सन् 2007 में उत्तर में शकुम्बिन नदी से लेकर दक्षिण की सेमन नदी तक समूचे क्षेत्र को नैशनल पार्क घोषित कर दिया गया। अब जनवरी से जून के बीच हर वर्ष यहां पैलिकन प्रजनन करते हैं। वर्ष 2020 में यहां पैलिकन के 85 जोड़ों ने घर बनाया था। लेकिन, अब फिर से पैलिकन को समस्या का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि, एल्बेनिया की सरकार ने व्लोरा में इंटरनैशनल एयरपोर्ट बनाने की अनुमति दे दी है। एयरपोर्ट के लिए चयनित स्थान संरक्षित क्षेत्र के अंदर है। यहां निर्माण कार्य शुरु होने से पैलिकन के लिए विनाशकारी नतीजे हो सकते हैं। हवाई मार्ग से प्रवासी पक्षियों का माइग्रेशन रुट भी प्रभावित हो सकता है।*

# गहलोत मंगलवार को देर शाम दिल्ली पहुंचे

## बुधवार को नये निर्वाचित अध्यक्ष को सबसे पहले बधाई देने का ''सौभाग्य'' प्राप्त करने के लिये

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज देर शाम को दिल्ली पहुँच गये। उनका उद्देश्य कल मतगणना से पूरा होते ही, नये अध्यक्ष को सबसे पहले बधाई देने वाले व्यक्तियों में से एक होना है।

सूत्रों का कहना है कि उन्होंने सोनिया गांधी से मिलने का समय माँगा है लेकिन अभी तक उन्हें कोई जवाब नहीं मिला है।

सूत्रों ने कहा कि अशोक गहलोत के बारे में लिया जाने वाला निर्णय, जिसे नये अध्यक्ष के चुनाव तक रोक दिया गया था, नये अध्यक्ष के साथ परामर्श के बाद लिया जायेगा।

एक निर्णय राजस्थान के उन तीन वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के बारे में भी लिया जाना है, जिन्हें अनुशासनहीनता के नोटिस भेजे गये थे। ज्ञातव्य है कि ये तीनों नेता अशोक गहलोत के निकटस्थ हैं। इन नेताओं ने अपने जवाब अनुशासन समिति के पास भेज दिये है तथा ए.के. एंटनी शीर्ष ही एक मीटिंग करेंगे तथा इस मामले में निर्णय लेंगे।

- **गहलोत ने सोनिया गांधी से भी मिलने का समय मांगा है, पर अभी 10, जनपथ, से कोई जवाब नहीं मिला है।**
- **गहलोत के भविष्य के बारे में जो निर्णय अध्यक्ष के चुनाव तक स्थगित कर दिया गया था, अब लेने की पूरी तैयारी है।**
- **यह ही स्थिति गहलोत के उन तीन समर्थकों की है, जिन्हें ''नोटिस'' दिया गया था। अब अनुशासन समिति के अध्यक्ष उनके स्पष्टीकरण के बारे में निर्णय लेंगे।**
- **विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने भी भाजपा विधायकों के प्रतिनिधिमण्डल को कहा कि, उन्हें 52 विधायकों के जो इस्तीफे प्राप्त हुए हैं, उनके बारे में वे ''एतिहासिक'' निर्णय लेंगे, जो मिसाल कायम करेगा।**
- **गौरतलब बात है, वे केवल 52 इस्तीफे प्राप्त होने की ही बात कर रहे हैं।**
- **भाजपा का सोच है, अगर 52 विधायकों ने इस्तीफे दिये हैं, तो गहलोत सरकार अल्पमत में आ गयी है, अतः वे अविश्वास प्रस्ताव लाने की सोच रहे हैं, विधानसभा में।**

इस बीच, राजस्थान के स्पीकर सी.पी. जोशी ने बड़ी रोचक बात कही है। उन्होंने कहा है कि वे उन्हें अपना त्याग पत्र देने वाले उन 52 विधायकों के त्याग पत्रों पर ऐसा निर्णय लेंगे, जो एक इतिहास बन जायेगा। यह बात उन्होंने भाजपा नेता राठौड़ से कही, जो एक भाजपा प्रतिनिधिमंडल के साथ स्पीकर ने मिलने तथा यह कहने गये थे कि वे संबंधित विधायकों के इस्तीफों पर अपना निर्णय दे दें, जिससे भाजपा तदनुरूप कोई नया कदम उठाने के विषय में विचार कर सके। भाजपा की सोच यह हो सकती है कि अगर इन 52 विधायकों ने सचमुच इस्तीफे दे दिये हैं तथा गहलोत सरकार अल्पमत में आ जायेगी और फिर भाजपा सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार कर सकती है।

इस समय तक की स्थिति यह है कि हर व्यक्ति पूरी तरह से तैयार है तथा अब राजस्थान में स्थिरता को वापस लाने के लिये नेतृत्व को निर्णय लेना ही होगा।

# 'जयललिता की मृत्यु की और गहराई से जांच की आवश्यकता'

## सरकार द्वारा गठित जांच आयोग ने जयललिता की परम मित्र शशिकला, जयललिता के व्यक्तिगत डॉक्टर, तमिलनाडू के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री व तत्कालीन स्वास्थ्य सचिव की भूमिका की भी गहरायी से जांच की राय दी

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री तथा ए.आई.ए.डी.एम.के. (अन्नाद्रमुक) प्रमुख जे. जयललिता की लगभग छः साल अस्पताल में भर्ती रहने के बाद हुई मृत्यु अभी तक रहस्य बनी हुई है तथा इस सिलसिले में उनकी ''धर्म बहिन'' (सोल सिस्टर) तथा नजदीकी सहायक वी.के. शशिकला, उनके निजी चिकित्सक, तमिलनाडु के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री तथा स्वास्थ्य सचिव की भूमिका की नये सिरे से जाँच किये जाने की जरूरत है।

सितम्बर-दिसम्बर 2016 में, जब अपोलो अस्पताल में जयललिता का इलाज चल रहा था, तब भी इस पर रहस्य का पर्दा पड़ा हुआ था तथा उनके इलाज को लेकर भी अफवाहों का दौर चल रहा था तथा यह प्रश्न उठ रहा था कि आखिर उन्हें बीमारी क्या है। यह रहस्य इतना जोर पकड़ रहा था कि डी.एम.के. (द्रमुक) के दिग्गज नेता तथा पार्टी प्रमुख रहे स्व.एम. करुणानिधि ने जयललिता की बीमारी तथा उन्हें दिये जा रहे इलाज पर श्वेत पत्र की माँग की थी।

- **अपोलो अस्पताल के चेयरमैन डॉ. प्रताप सी. रेड्डी की भी जांच की मांग की आयोग ने। क्योंकि, डॉ. रेड्डी समय-समय पर जयललिता के स्वास्थ्य के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके जानकारी देते थे, पर, जयललिता की मूल बीमारी के बारे में कुछ नहीं बोलते थे। आयोग ने कहा, यह संदिग्ध है और इसकी जांच होनी चाहिये।**
- **दूसरी ओर एम्स के डॉक्टरों की समिति, जिसका गठन जांच आयोग की मदद करने के लिये किया गया था, ने अपोलो अस्पताल व उनके संचालकों को ''क्लीन चिट'' दी है।**

अब चूँकि जाँच आयोग ने शशिकला तथा अन्नाद्रमुक सरकार के एक प्रमुख मंत्री की कथित भूमिका की गहन जाँच की जरूरत बताई है, इसलिये यह तो तय है कि यह मुद्दा राज्य के आगामी चुनावों में जरूर उठेगा। द्रमुक द्वारा इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाना सुनिश्चित है। अन्नाद्रमुक सरकार के एक प्रमुख मंत्री की कथित भूमिका की गहन जाँच की जरूरत बताई है, इसलिये यह तो तय है कि यह मुद्दा राज्य के आगामी चुनावों में जरूर उठेगा। डी.एम.के. द्वारा इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाना सुनिश्चित है। अन्नाद्रमुक में अन्दर भी पूर्व अन्नाद्रमुक नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम इस मुद्दे का दोहन करेंगे। ज्ञातव्य है कि जयललिता की मृत्यु के बारे में दिये गये स्पष्टीकरणों पर उन्होंने एक बार गंभीर आपत्ति दर्ज कराई थी तथा विस्तृत एवं गहन जाँच की माँग की थी।

जस्टिस अगुमुगा स्वामी कमीशन ऑफ इन्क्वायरी ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में पेश की गई अपनी रिपोर्ट में उन चार मुख्य व्यक्तियों की भूमिका की जाँच किये जाने की माँग की है, जिन्हें रिपोर्ट में दोषपूर्ण माना गया है।

जस्टिस अगुमुगा स्वामी कमीशन ऑफ इन्क्वायरी ने वी.के. शशिकला,

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# ईरानी का बचाव?

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। गोवा सरकार ने केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी के परिवार की मददे के लिये गोवा एक्साइज़ रूल्स में चुपचाप संशोधन कर दिया है। गोवा के एडवोकेट एरीज रॉड्रिग्ज़ के अनुसार,

- **गोवा के एडवोकेट एरीज़ रॉड्रीगस ने आरोप लगाया है, कि गोवा सरकार ने स्मृति ईरानी के परिवार को क्लीन चिट देने के लिए एक्साइज़ नियमों में संशोधन कर दिया और एक्साइज़ लाइसैंस ट्रांसफर की अनुमति दे दी।**

गोवा सरकार ने यह कदम, गोवा के गाँव असागाँव में चल रहे ''सिली सोल्स कैफे एण्ड बार'' के ईरानी के परिवार के व्यवसाय की मदद के लिये उठाया है। एडवोकेट रॉड्रिग्ज़ ने इस व्यवसाय के कानून-विरोधी बिन्दुओं के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की बीसवीं कांग्रेस के दौरान ''विरोध प्रदर्शन'' भी!

## प्रदर्शनों की श्रृंखला, एक प्रोफेसर द्वारा बीजिंग के पुल पर हस्तलिखित बैनर लगाने से शुरू हुई

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। बीजिंग में चाइनीज़ कम्युनिस्ट पार्टी की बीसवीं कांग्रेस चल रही है, जिसमें मौजूदा सर्वोच्च नेता राष्ट्रपति शी जिनपिंग को अप्रत्याशित रूप से एक अभूतपूर्व कार्यकाल मिलने की उम्मीद है, हालांकि मौजूदा नियम तीसरे कार्यकाल का निषेध करते हैं, इधर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन होने लगे हैं।

ये विरोध प्रदर्शन राजधानी में हुई एक घटना के बाद शुरु हुए जिसमें युनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर ने राजधानी के एक पुल पर हस्तलिखित बैनर लगा दिए और फिर पुल पर आग लगा दी और धुंआ उठते देखा गया।

विरोधी स्पष्ट रूप से मौजूदा राष्ट्रपति का ज़ीरो कोविड पॉलिसी के बारे में अपनी भावनाएं जाहिर कर रहे थे, जिसकी वजह से लोगों की गतिविधियां सीमित कर दी गई हैं और किसी भी विरोध को बहुत कठोरता से दबा दिया जाता है। प्रशासन इस कदर आतंकित है कि किसी भी खबर के प्रकाशन या आलेख को कुछ खास शब्दों के उल्लेख पर भी इन्टरनैट सैंसर कर दिया जाता है।

- **सरकार द्वारा लगाई गई सख्त पाबंदियों व सैंसरशिप के बावजूद, विश्व विख्यात न्यूज़ एजेंसी ब्लूमबर्ग ने चीन में कई जगहों पर धरने प्रदर्शन शुरू होने की खबरें दी हैं।**
- **प्रदर्शनों से यह साबित हुआ कि, बीसवीं कांग्रेस की गतिविधियाँ सहज तरीके से शांति से नहीं चल पा रहीं, जैसा कि, सरकार व पार्टी दावा कर रही थी।**

चीन में सैंसर शिप बहुत कठोर व दमनात्मक है। इसके तहत खबरों में या आलेखों में कुछ शब्दों के उल्लेख मात्र पर प्रतिबंध लगाया जाता है। उदाहरण के लिए वर्तमान में किसी भी न्यूज या आलेख में ''ब्रिज'' शब्द का उल्लेख नहीं हो सकता है कि क्योंकि उक्त प्रोफेसर ने पुल पर ही अपना विरोध प्रदर्शित किया था।

बैनर्स में कहा गया है भोजन दो प्रतिबंध नहीं। इनमें भारी लॉकडाउन की बजाय आज़ादी और अपनी बात कहने का अधिकार मांगा गया है। पार्टी कांग्रेस में शी को एक और कार्यकाल मिलने की उम्मीद है, जिसकी परिणती उन्हें आजीवन राष्ट्रपति बनाए रखने में होगी।

इससे पहले यह स्थिति चीन के सबसे शक्तिशाली नेता माओत्से तुंग की थी उनकी मौत के बाद देंग सियाओ पिंग राष्ट्रपति बने थे उन्होंने चीन को नई सुधारवादी दिशा दी और नियम बनाया कि किसी भी नेता को दो कार्यकाल ही मिल सकते हैं। यह परम्परा अभी तक जारी थी और अब शी आजीवन राष्ट्रपति

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# समान कानून

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। केन्द्र सरकार समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड) को बनाने के मामले में मंगलवार को चालबाजी से काम लेते हुये बच निकली। केन्द्र सरकार

- **पूरे देश में समान कानून और आचार संहिता लागू करने के मुद्दे पर केन्द्र सरकार पीछे हट रही लगती है। कोर्ट में सरकार ने कहा कि, वो संसद को ऐसा कानून पारित करने की हिदायत नहीं दे सकती है।**

ने सर्वोच्च न्यायालय से कह दिया कि वह संसद को ऐसा कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकती।

केन्द्र की ओर से, केन्द्रीय विधि मंत्री ने सर्वोच्च न्यायालय से प्रार्थना की कि देश में समान नागरिक संहिता लागू करने

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# पी.यू.सी.एल. ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के खिलाफ कई सवाल उठाये

## 'प्रो. साईबाबा के रिहाई के आदेश को निरस्त करने की सुप्रीम कोर्ट की निर्णय की प्रक्रिया गैर वाजिब है'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। द पीपल्स यूनियन फोर सिविल लिबर्टीज़ (पी.यू.सी.एल.) ने चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) उदय उमेश ललित द्वारा दिल्ली यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर जी.एन. साई बाबा की रिहाई के विरूद्ध महाराष्ट्र सरकार की अपील पर सुनवाई किए जाने को लेकर मंगलवार को सवाल खड़े किए। इस अपील का निस्तारण करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की एक बैंच की शनिवार को एक असाधारण मीटिंग हुई जिसमें रिहाई पर रोक लगाई गई।

पी.यू.सी.एल. ने कहा कि आगामी 9 नवम्बर को सी.जे.आई. बनने जा रहे जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़ ने सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता के कहने के बावजूद शनिवार को विशेष सुनवाई से इंकार कर दिया था और यह बात खुली अदालत में कही थी कि यदि महाराष्ट्र सरकार की अपील पर सोमवार को सुनवाई हो भी जाए तब भी साई बाबा की रिहाई पर स्टे नहीं लगाया जा सकता।

- **पी.यू.सी.एल. का कहना है कि, शनिवार को न्यायालय की असाधारण बैठक बुलाना ''गैर वाजिब'' लगता है, क्योंकि ऐसी बैठक तभी बुलायी जाती है, जबकि, वह किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का गंभीर मसला हो तथा कोई संवैधानिक संकट उत्पन्न हो रहा हो।**
- **पी.यू.सी.एल. ने यह भी कहा कि, जब भावी मुख्य न्यायाधीश चन्द्रचूड़ यह राय दे चुके थे कोर्ट में कि, प्रो. साईबाबा की रिहाई का बॉम्बे हाई कोर्ट का आदेश किसी भी सूरत में निरस्त नहीं किया जाना चाहिये, तो फिर वर्तमान मुख्य न्यायाधीश उदय उमेश ललित द्वारा विशेष बैंच गठित करके रिहाई के आदेश को निरस्त करना, चौंकाने वाला निर्णय है।**
- **पी.यू.सी.एल. ने यह सवाल भी उठाया कि, बॉम्बे हाई कोर्ट ने टैक्निकल खामी के कारण, सैशन कोर्ट के प्रो. साईबाबा को सज़ा सुनाने के आदेश को निरस्त किया।**
- **पर, सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के निर्णय को निरस्त किया। क्या इसका मतलब यह है कि, तथाकथित ''अरबन नक्सलियों'' को तकनीकी खामी के कारण कभी भी रिलीफ नहीं मिलेगी। क्या यह अनुचित नहीं है?**

पी.यू.सी.एल. ने आश्चर्य व्यक्त किया कि सी.जे.आई. ललित ने जस्टिस चन्द्रचूड़ के रूख पर ध्यान क्यों नहीं दिया और अपनी प्रशासनिक शक्तियों का उपयोग करते हुए जस्टिस एम.आर. शाह और बेला त्रिवेदी की एक विशेष बैंच के समक्ष अंतिम शनिवार को प्रकरण की सुनवाई करवाई ताकि हाई कोर्ट के आदेश पर स्टे लगवाया जा सके।

उसने ध्यान दिलाया कि नियमित कार्य दिवसों के अलावा असाधारण सुनवाई की मंजूरी तभी अपवाद स्वरूप दी जाती है जबकि प्रकरण में व्यक्तिगत स्वतंत्रता का खतरा आसन्न हो या किसी गंभीर संवैधानिक संकट पर कोर्ट के त्वरित हस्तक्षेप की जरूरत हो।

पी.यू.सी.एल. ने कहा कि चिंताजनक बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने एक सक्षम कोर्ट (बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बैंच) के रिहाई आदेश पर स्टे लगा दिया। उसने कहा कि जब सरकार एक असाधारण प्रक्रिया अपनाकर रिहाई के न्यायिक आदेश पर रोक सुनिश्चित करती है तो इससे ''कानून के शासन'' के मूल ढांचे को ही गंभीर चुनौती मिलती है। उसने प्रश्न किया कि यू.ए.पी.ए. के तहत दोषी पाए गए किसी व्यक्ति को क्या कभी अपील कोर्ट से रिहाई का लाभ मिलेगा।

उसने भारत के संवैधानिक न्याय क्षेत्र और अपराध के मूल आशयों की बात कही। यह वास्तविकता कि, देश की शीर्ष अदालत का यह आदेश एक नज़ीर है और रिहाई आदेशों पर स्टे लगवाने का दबाव डालने को लेकर यह राज्यों का हौंसला बुलंद करेगा और इस तरह से व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को चुनौती पेश करेगा।

पी.यू.सी.एल. ने कहा कि बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक ऐसा फैसला दिया था जो बहुत ही निष्पक्ष था और जिसमें निचली अदालत की दोष सिद्धि को अनुचित माना गया था। हाई कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि गढ़चिरोली के विशेष यू.ए.पी.ए. सत्र न्यायालय ने कहा था आरोपी-6-जी.एन. साईबाबा के लिए आजीवन कारावास पर्याप्त दण्ड नहीं है और इन तथ्यों को देखते हुए कोर्ट के हाथ बंधे हुए हैं कि वैधानिक रूप से

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# डार्क वैब और ड्रग माफिया

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने न्याय-मित्र एडवोकेट शोएब आलम की 900 पृष्ठों की उस रिपोर्ट पर केन्द्र से जवाब माँगा है, जो भारत के ड्रग माफिया तथा ड्रग के लाने ले जाने के खतरों के बारे में है।

आलम ने अपनी रिपोर्ट में इन्टरनेट

- **सुप्रीम कोर्ट ने अपने एमिकस क्यूरे शोएब आलम की रिपोर्ट पर केन्द्र सरकार से ड्रग रैकेट और डार्क वैब से हो रहे ड्रग ट्रेड पर जवाब मांगा।**

के डार्क वैब का भी जिक्र किया है, जिस पर ड्रग्स का ऑर्डर दिया जाता है तथा उनका भुगतान वैकल्पिक मुद्रा ''क्रिप्टो करैंसी'' में कर दिया जाता है तथा कूरियर्स के जरिये, वे संबंधित जगह पहुँचा दी जाती हैं। उन्होंने अदालत को बताया कि यह माँग और पूर्ति का मामला

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

कहानी जहाँ खत्म होती है, जीवन वहीं से शुरू होता है। – संजीव

# शासन तंत्र को पसंद नहीं आता सूचना का अधिकार

संसदीय लोकतंत्र में सूचना का अधिकार इसलिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि जब देश का नागरिक सरकार बनाने के लिए अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करने के वास्ते मतदान के लिए जाता है तब सही चुनाव करने में वह तभी सक्षम होता है जब उसके पास पूरी जानकारी हो। इसी से जन-भागीदारी वाला गणतंत्र विकसित होता है और सुशासन की नींव पड़ती है। नागरिकों को सूचना का अधिकार देने में राजस्थान अव्वल रहा जहा पहली बार वर्ष 2000 में इसका कानून बना और अगले साल वह लागू भी हो गया। बाद में वर्ष 2005 में संसद ने भी सूचना के अधिकार का कानून पारित किया। सूचना के अधिकार का कानून सभी सरकारों, स्थानीय शहरी निकायों, पंचायती-राज संस्थाओं तथा उन सभी निकायों पर लागू होता है जो सरकार के स्वामित्व में हो या उसके द्वारा स्थापित, गठित एवं नियंत्रित हो। यह सरकार द्वारा वित्तपोषित ग़ैर सरकारी संगठनों पर भी लागू होता है। इसे एक मूलभूत एवं संवैधानिक अधिकार माना जाता है क्योंकि लोकतंत्र के प्रभावी संचालन में एक पारदर्शी, ज़िम्मेदार एवं जवाबदेह सरकार के साथ जागरूक नागरिकों का भी अहम हिस्सा होता है।

जब से सूचना पाने का हक़ सीधा नागरिकों को मिला है तभी से शासन व्यवस्था तंत्र और सूचना चाहने वालों के बीच रस्साकशी चलती रही है। इस कानून को अधिक मजबूत बनाने की बजाय कमजोर करने के प्रयास होते ही नज़र आते हैं। बार-बार यह बात सामने आती है कि शासन में बैठे लोग जानकारी आसानी से नहीं देते और उनकी हरचंद यह कोशिश रहती है कि किसी न किसी बहाने से सूचना देने से बचा जाय। राजस्थान में इतने वर्षों बाद भी प्रशासन तंत्र के अधिकारियों की अड़ंगेबाजी के चलते इस क़ानून का वह उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है जिस कल्पना से विधि निर्माताओं ने इसे बनाया था। यह बात किसी से छुपी नहीं है कि सूचना उपलब्ध कराने की जिस तीव्र, निर्बाध एवं सुगम प्रक्रिया की बात क़ानून के उद्देश्यों में कही गई है वह व्यावहारिक रूप में कहीं नहीं दिखायी देती। लोक सूचना अधिकारियों की शिथिलता एवं अनिच्छा के कारण लोगों को हर कहीं सूचना पाने में अनावश्यक बाधाओं का सामना करने की खबरें मिलती रहती हैं। मनमाने ढंग से आवेदन निरस्त कर देना, अनावश्यक रूप से लंबे समय तक जवाब न देना आम है। इसके अलावा आवेदन को लटकाए रखने का रास्ता बना लेने में भी शासन तंत्र प्रखर कौशल रखता है। प्रथम अपील के बाद द्वितीय अपील एवं शिकायतों को सुनने का कोई निश्चित समय निर्धारित नहीं होने का भी लाभ उठाया जाता है। सरकारी जवाबदेही के लिए सक्रिय लोग मानते हैं कि लोक सूचना अधिकारियों में दुर्भाग्य से यह मानसिकता पनप रही है कि जितने समय में राज्य सूचना आयोग द्वारा द्वितीय अपील एवं शिकायतें सुनी जाएगी उतने समय में सूचना मांगने वाला खुद ही थक-हार कर भाग छूटेगा। यह स्थिति सूचना का अधिकार क़ानून के उद्देश्यों, भावनाओं तथा प्रावधानों को निरर्थक बना देती है। जन सूचना अधिकारियों के ऐसे व्यवहार के कारण इस क़ानून की धारा 7(1) के अस्तित्व पर ही सवाल खड़ा हो गया है। यह धारा प्रावधान करती है कि लोक जन सूचना अधिकारी द्वारा समयबद्ध रूप से या तो उस आवेदन में वांछित सूचना प्रदान करेया या फिर अस्वीकार करेगा। यहां तक कि इस क़ानून की धारा 7(2) यह भी प्रावधान है कि यदि लोक जन सूचना अधिकारी निर्धारित समयावधि में उस आवेदन पर निर्णय लेने में असफल होता है तो यह मान लिया जायेगा कि उस आवेदन को अस्वीकार कर दिया गया है। इसी धारा का ग़लत फ़ायदा उठाते हुए जन सूचना अधिकारियों में आवेदनों को बिना निर्णय किए पड़े रखने की प्रवृत्ति घर कर गई है जिसका परिणाम है बड़ी संख्या में आवेदनों का लंबित रहना। लंबित आवेदनों की प्रति वर्ष बढ़ती संख्या इसकी गवाही देती है। ऑनलाइन आवेदनों के वर्तमान आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अब तक कुल 147611 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 36260 आवेदन अभी लम्बित पड़े है। ये आंकड़े सूचना का अधिकार कानून के क्रियान्वयन में साल दर साल बिगड़ती जा रही हालत को दर्शाते हैं। जहां वर्ष 2020 में कुल आवेदनों के 5.34 प्रतिशत आवेदन लम्बित थे वहीं वर्ष 2022 में अभी तक कुल 24.56 प्रतिशत आवेदनों लम्बित हैं। इस तरह देखा जाए तो लम्बित आवेदनों की संख्या में लगभग चार गुना वृद्धि हो गयी है। मात्र दो वर्षों में इतनी वृद्धि को किसी भी जनहितकारी सरकार के कामकाज पर सवालिया चिन्ह ही कहा जा सकता है। लम्बित आवेदनों की संख्या में इतनी बड़ी वृद्धि जन सूचना अधिकारियों की कार्यक्षमता और कार्यकुशलता, दोनों पर भी प्रश्नचिन्ह लगाती है। यह प्रश्नचिन्ह इसलिए भी वाजिब है क्योंकि वर्ष 2022 में 36290 कुल लम्बित आवेदनों में से 33810 आवेदन विभागीय स्तर पर लंबित रहे हैं। इसका मतलब हुआ कि 93.16 प्रतिशत आवेदन ऐसे हैं जो सिर्फ विभागों के स्तर पर रुके हुए हैं तथा जिन पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हो रही है। यह आंकड़ा सूचना उपलब्ध कराने में जनसूचना अधिकारियों की घोर अरुचि को भी प्रकट करता है। समयावधि के बाद निस्तारित किए जाने वाले आवेदनों की तुलना करने पर भी जन सूचना अधिकारियों का निराशाजनक प्रदर्शन सामने आता है। जहां वर्ष 2020 में कुल आवेदनों के 7.32 प्रतिशत आवेदन समयावधि के बाद निस्तारित किए गए वहीं वर्ष 2022 में अब तक 18.64 प्रतिशत आवेदन ऐसे रहे हैं जिनका निस्तारण निर्धारित समयावधि के बाद किया गया है। ऐसे में यह प्रश्न पूछना जरूरी हो जाता है कि पर्याप्त संसाधनों के बावजूद भी इस लेटलतीफ़ी का क्या कारण हो सकता है? इसका एक बड़ा कारण जो नज़र आता है वह स्पष्ट रूप से है शासन में जवाबदेही की कमी।

**जब से सूचना पाने का हक़ सीधा नागरिकों को मिला है तभी से शासन व्यवस्था तंत्र और सूचना चाहने वालों के बीच रस्साकशी चलती रही है। इस कानून को अधिक मजबूत बनाने की बजाय कमजोर करने के प्रयास होते ही नज़र आते हैं। बार-बार यह बात सामने आती है कि शासन में बैठे लोग जानकारी आसानी से नहीं देते और उनकी हरचंद यह कोशिश रहती है कि किसी न किसी बहाने से सूचना देने से बचा जाय।**


नागरिकों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले सभ्य समाज का कहना है कि एक स्पष्ट जवाबदेही कानून के अभाव में जन सूचना अधिकारियों का यह प्रदर्शन अपेक्षित ही है। ऐसे कानून के लिए वर्षों से मांग चली आ रही है किंतु सरकार की इच्छाशक्ति के अभाव में अभी तक यह कानून नहीं बन पाया है। हालांकि यह कानून बनाने के लिए वर्तमान कांग्रेस सरकार विधान सभा में अपना इरादा घोषणा कर चुनी है मगर चार वर्ष बाद अब भी यह घोषणा इरादा ही बनी हुई है क्योंकि बताते हैं सचिवालय में बैठे बड़े अधिकारी सभ्य समाज द्वारा दिया गया मसौदा पसंद नहीं करते और उसे पूरी तरह दंतविहीन बना देना चाहते हैं। यह अनिच्छा जनहित से वास्तविक सरोकार रखने वाली नीतियों और क़ानूनों को कमजोर करती है जिसका नुक़सान अंततः देश की जनता को ही भुगतना पड़ता है।

राज्य सूचना आयोग ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2020 में खुद यह स्वीकार किया है कि अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत जिन लोक सूचना अधिकारियों से आवश्यक कदम उठाये जाने या कार्यवाही करने की अपेक्षा है, वे इस विषय में स्वयं उचित ध्यान नहीं दे रहे हैं। सामान्यतया वे इस कार्य को अपने कार्यालय के लिपिकों के भरोसे छोड़ रहे हैं जिन्हें विषय की विधिक बारीकियों का वह ज्ञान नहीं होता, जिसकी इस प्रकार की अर्द्धन्यायिक प्रक्रियाओं को आवश्यकता होती है। राज्य सूचना आयोग द्वारा जारी नोटिसों पर भी लोक सूचना अधिकारी सुनवाई के समय स्वयं उपस्थित नहीं होते है और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रतिनिधि के रूप में भेज देते हैं। हालत तो इतनी गंभीर है कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत मुख्य सचिव के आदेश की भी परवाह नहीं की जा रही है। ऐसे में यह और भी जरूरी हो जाता है कि सरकार के एक स्पष्ट जवाबदेही क़ानून को अतिशीघ्र ले कर आये और साथ ही सूचना आयोग भी अपनी कार्यशैली में परिवर्तन करे ताकि लोक सूचना अधिकारी त्वरित तरीके से सूचना के अधिकार कानून को उसकी भावना के अनुरूप काम करें और समयबद्ध प्रक्रिया की अनुपालना के लिए और कठोर कदम उठाये जायें।

राज्य सूचना आयोग के कामकाज की हालत भी अच्छी नहीं है। वहां दो वर्षों में लंबित प्रथम अपीलों की संख्या में लगभग 5 गुना वृद्धि हुई है। यह स्थिति बिल्कुल सामान्य नहीं है तथा भविष्य में अति गंभीर परिणामों की ओर संकेत करती है। प्रथम अपीलों के सम्बंध में वर्ष 2022 के आंकड़ों की सरसरी तौर पर तुलना वर्ष 2020 के आंकड़ों से करने पर एक गंभीर स्थिति सामने आती है। वहां निस्तारित की जाने वाली प्रथम अपीलों की संख्या में वर्ष दर वर्ष कमी आ रही है जबकि लंबित अपीलों की संख्या बढ़ती जा रही है। जहां वर्ष 2020 में 13.03 प्रतिशत अपीलें लंबित रहीं थी वहीं पर वर्ष 2022 में लंबित अपीलों की संख्या बढ़ कर 53.88 प्रतिशत हो गयी हैं। यह भी स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि आयोग में आई कुल अपीलों में से करीब आधी (50.44 प्रतिशत) को ही सुनवाई के लिए स्वीकार किया गया जबकि 36.54 प्रतिशत अपीलों को खारिज कर दिया गया। इसके साथ ही वर्ष 2020 में 13.03 प्रतिशत प्रथम अपीलें लंबित रहीं। आयोग का सरकारी विभाग जैसा रवैया इसलिए है क्योंकि इसमें नियुक्तियां सरकार के शीर्ष नेतृत्व के मरजीदानों की ही होती है। इन हालत को सुधारने की राजनैतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है जो नेतृत्व के सत्ता की ऊहापोह में बलवती नहीं हो पाती जिससे नागरिक को सशक्त बनाने वाला कानून बने होने के बाद भी उनका लाभ नहीं मिल पाता। मतदाताओं का दबाव ही शासन तंत्र को लोकहित के रास्ते पर चलने के लिए मजबूर कर सकता है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# जयपुर फुट




डॉ. श्रीगोपाल काबरा

**■ पैर से दिव्यांग निरंजन एसएमएस के पास कच्ची बस्ती में रहता है और एसएमएस में जयपुर फुट बनाने का काम करता है**

**निरंजन।** उसका एक पांव घुटने से नीचे से कटा है जिसमें कृत्रिम पांव लगा है- जयपुर फुट। इसमें टखने और उससे नीचे का पंजा, जिसे अंग्रेजी का 'फुट' कहते हैं, निरंजन ने स्वयं बनाया है। वह सवाई मान सिंह अस्पताल में फुट बनाने का ही काम करता है। पास की कच्ची बस्ती में परिवार के साथ रहता है। मैं ही उसे दुर्लभजी अस्पताल में काम करने के लिए लाया था। डॉ. पी के सेठी एस एम एस अस्पताल से रिटायर हो कर दुर्लभजी अस्पताल में आ गये थे। वे चाहते थे कि यहां भी जयपुर फुट कार्यशाला बने ताकि आगे अनुसंधान हो और उनके काम को और आगे बढाया जा सके। मेरे लिए यह सर्वथा नया विषय था। मुझे अंदाज नहीं था कि जयपुर फुट बनाने की प्रक्रिया इतनी बहुआयामी, बहुस्तरीय और जटिल होती है। मैं सोचता था, टायर रीट्रीडिंग में जैसे सांचे में पका कर रबड़ का टायर बनाते हैं वैसे ही रबड़ का जयपुर फुट बनता होगा। निरंजन को दक्ष हाथों से फुट बनाते देख भ्रम टूटा। अनपढ निरंजन को किसने और कैसे मानव पांव की जटिल संरचना के बारे में समझाया होगा ताकि वह उसी अनुरूप पंजा गढ सके? कृत्रिम पंजा चलने में उसी तरह काम करे। खाली दिखने में ही मानव पांव जैसा नहीं, चलने भी वैसा ही हो। निरंजन पंजा बनाता ही नहीं था वरन् पहन कर उसकी ट्रायल भी करता था। 'जयपुर फुट' लगा कर चलना, दौड़ना, साइकिल चलाना और पेड़ पर चढना सब करता था। बड़ा सरल स्वभाव व कम बोलने वाला व्यक्ति था परन्तु जो कुछ बताता वह पंजे की डिजाइन सुधारने में बड़ा सटीक व अहम होता था। पंजे में टखने का लकड़ी का ब्लॉक चटक जाता है, अतः वह लेमिनेटेड लकड़ी का बनाया गया। ऐड़ी का रबर का इन्सर्ट दबाव से पिचक जाता है, अतः वह अपेक्षाकृत अधिक दबाव झेलने वाले रबर का होना चाहिए। किस जोड़ पर और कहां पर लचक ज्यादा है और उसे रोकने के लिए टायर कॉर्ड कैसे क्रोस कर लगानी है, वह निरंजन करता, आंकता और दिखाता। चाल में पंजे के अग्र भाग पर जब पूरा जोर पड़े तब उसे मुड़ने से रोकने के लिए एड़ी से उंगलियों तक सख्त टायर कॉर्ड की पांच लम्बी पट्टियां लगाता। फुट का स्टेप-बाई-स्टेप फेब्रिकेशन कर हर स्टेप की अहमियत जब उसने समझाई, तो मैं और मेरे साथी सर्जन आश्चर्य चकित रह गए। एनाटोमी का प्रोफेसर और मानव फुट की 26 हड्डियों की संरचना और 33 जोड़ों का ज्ञाता होने के बावजूद मैं अपने आपको बौना महसूस कर रहा था। जयपुर फुट बनाने में निरंजन का योगदान विलक्षण था। अनपढ, कच्ची बस्ती में रहने वाले निरंजन की, डॉ. पी के सेठी की अवधारणा के अनरूप जयपुर फुट को मूर्तरूप देने में अहम भूमिका थी। डॉ. महेश उदावत, जिनके एम एस थीसिस के अनुसंधान और डिजायन का विषय जयपुर फुट था, के अलावा और प्रयोगशाला के प्रमुख मास्टर रामचंदर का इसे टायर रीट्रीडिंग विधि से क्रियान्वित करने में अहम योगदान था। बड़ी सधी हुई टीम का कार्य था, जिसके प्रणेता व जनक थे डॉ. पी के सेठी। बाद में इसका श्रेय लेने और अहम की पूर्ती के लिए जो बदमजगी और छीछालेदर हुई यह बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण थी। जयपुर फुट का जनक कौन था यह अगर आप निरंजन से पूछते तो वह कहता, डॉ. पी के सेठी और डॉक्टर सेठी से पूछते तो वे कहते, निरंजन। जयपुर फुट का ब्रांड एम्बेसडर अवश्य निरंजन ही था। वे हमेशा उसे ही आगे करते थे।

विकलांग रोगियों के लिए 'जयपुर फुट' रबर का पंजा नहीं कटे पांव में लगने वाला पूरा पांव था। घुटने के नीचे कटे भाग को पंजे से जोड़ने वाला पांव। इसको बनाने की विधि इतनी सरल थी कि रोगी वैसाखी पर चल कर आता और कुछ ही घंटो में पांव पर खड़ा हो कर चलने लगता। विश्व में अन्यंत्र कहीं भी यह संभव नहीं था। महीनों, सालों का विकलांग जब कुछ ही घंटों में पांव लगने के बाद अपने पांव पर खड़ा होता तो उसके चेहरे के भाव देखने लायक होते थे। इसको बनाने की विधि भी बड़ी मौलिक थी, वैज्ञानिक भी। थान सिंह और राम नारायण दोनों बड़े कुशल कारीगर थे जिन्हें पांव बनाने में दक्षता थी। मरीज के पांव का विधिवत नाप लेते, उसके आधार पर एल्यूमीनियम की शीट पर डिजाइन ड्रा करते, उसे काटते, मोड कर उसे ट्यूब का आकार देते, पीछे से शोल्डर करते और फिर कुशल हाथों से ठोक पीट कर दूसरे पांव के समकक्ष बना देते। जिस फुर्ती और दक्षता के साथ रोगी के सामने वे पांव गढते रोगी को लगता उसका नया पांव सृजित हो रहा है। कटे पांव पर उसको लगा कर देखते, वेट बीयरिंग प्रेसर पोंइन्ट्स पर दबाते, अन्य जगह से उभार कर मरीज के कटे पांव पर उससे पूछ पूछ कर सटीक फिट कर देते। नीचे पंजा लगाते और रोगी को उस पर खड़ा कर देते। आवश्यकता अनुरूप उसमें बदलाव करते और फिर उसे हाथ पकड़ कर चलाते। बैसाखियों पर आया रोगी मात्र दो घन्टे मे पांव पर चलने लगता। कॉनफिडेंस आने पर मरीज स्वयं चलने लगता। एक दो दिन के ट्रायल के बाद उसे रंग रोगन कर दूसरे पांव जैसा बना देते। 'जयपुर फुट' की सफलता में इस पांव की अहमियत पंजे से कम नहीं थी। मरीज के लिए कृत्रिम पांव तो थान सिंह और राम नारायण ही लगाते थे, पंजा बनाने वाला निरंजन तो नेपथ्य में होता था। पांव बनाने में किसी मंहगे उपकरण की आवश्यकता नहीं होती थी। साधारण औजार और दक्ष हाथों का कमाल था यह पांव। यह पांव जिसके कारण जयपुर फुट को विश्वव्यापी स्वीकार्यता मिली। इसे डिजाइन करने में डॉ. सेठी, मास्टरजी और इन आर्टिसन्स की बड़ी भूमिका थी। मूर्त रूप देने में थान सिंह आदि की दक्षता। 'जयपुर फुट' को आम लोगों की आशा, अपेक्षा, सहूलियत और सामर्थ्य के अनुरूप बनाने का श्रेय इन्हीं नेपथ्य के दावेदारों का है। लेकिन इन्होंने कभी कोई दावेदारी नहीं की। न उन्हें किसी सम्मान से नवाजा गया। विकलांगों के चहरे पर कृतज्ञता का भाव ही उनका अपेक्षित सम्मान था।




**जा की कृपा पंगु गिरी लंघे**
**जयपुर फुट का ब्रान्ड एम्बेसडर**

कुशल सामान्य कारीगरों द्वारा हस्त निर्मित 'जयपुर फुट' (पंजा लगा पांव) का अपनी तकनीकी सरलता और सहज उपलब्ध संसाधनों के कारण ही विश्वव्यापी प्रचार प्रसार हुआ है। जयपुर फुट की उपयोगिता और सफलता प्रमाणित है। मानक निर्धारित नहीं है। इसी लिए बतौर प्रोस्थेसिस इसे अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संस्थानों की मान्यता नहीं हैं। इसकी स्वीकार्यता आयुर्वेद व अन्य परम्परागत चिकित्सा विधियों के समकक्ष है। अपेक्षा है इसकी यही विशेषता बनी रहेगी। भय लगता है कि बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के जाल में फंस कर कहीं उन्नत तकनीक आधारित यह लाखों की प्रोस्थेसिस न बना दी जाय। निरंजन, थान सिंह, रामनायण के हाथों में ही यह सुरक्षित है।

**डॉ. श्रीगोपाल काबरा,**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# हिण्डौन में सैण्ड स्टोन पर नक्काशी और कारीगरी देख अभिभूत हुए राजदूत

**■ यूक्रेन, मोरक्को, बुल्गारिया, निमिबिया, अर्मानिया और साउथ सूडान के राजदूतों ने सेंड स्टोन की जानकारी ली**

**हिण्डौन सिटी** (निस)। 6 देशों से आए भारतीय दूतावासों के राजदूत मंगलवार को रीको क्षेत्र में सेंड स्टोन पर नक्काशी और कारीगरी को देखकर अभिभूत हो गए। इस दौरान उन्होंने जिले के सैण्ड स्टोन और कारीगरी को अलग-अलग देशों में पहचान दिलाने का भरोसा दिया। वही व्यापारियों ,अधिकारियों व उद्योगपतियों से उनकी संभावनाओं और समस्याओं के बारे में भी चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि भ्रमण के लिए यूक्रेन में भारतीय दूतावास के राजदूत हरीश कुमार जैन, मोरक्को के राजेश वैष्णव, बुलगारिया के संजय राणा, निमिबिया के प्रशांत अग्रवाल, अर्मानिया के किशन दान देवल और साउथ सूडान के विष्णु कुमार शर्मा ने एक जिला एक उद्योग योजना के अंतर्गत हिण्डौन में रीको क्षेत्र का दौरा कर सेंडस्टोन के कारोबार के बारे में जानकारी ली। इस दौरान वे गायत्री स्टोन कंपनी जिंदल स्टोन व कोमल इंटरप्राइजेज आदि प्रसिद्ध सैण्ड स्टोन व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर पहुंचे। जहां सैण्ड स्टोन पर हाथ की कारीगरी से की जा रही नक्काशी व मूर्ति तलाशने की कला को देखकर अभिभूत हो गए। उन्होंने इस कारीगरी को अपने कैमरों में कैद कर लिया। इस दौरान गायत्री स्टोन कंपनी के मालिक गोपाल शर्मा व जिंदल स्टोन के मालिक विष्णु जिंदल से रीको उद्योग मंडल के अध्यक्ष शिवकुमार सिंहल ने सैण्ड स्टोन व्यवसाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने व्यवसाय से जुड़ी विभिन्न खूबियों , संभावना और समस्याओं से राजदूतों को अवगत कराया। जिस पर उपस्थित राजदूतों ने आश्वासन देते हुए कहा कि आगामी 2 दिन बाद गुजरात में उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मीटिंग है। जिसमें उनकी समस्याओं के बारे में अवगत कराया जाएगा और व्यापारियों को पूरी मदद का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक नारायण सिंह टोंगस, उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार हरसोलिया, पुलिस उपाधीक्षक किशोरी लाल, रीको के आरएम महेश मीणा जिला उद्योग महाप्रबंधक कमलेश मीणा, मीडिया प्रभारी एम इक्वल बबलू आदि मौजूद रहे।



मोरक्को के राजदूत हिण्डौन रीको क्षेत्र में सेंड स्टोन के बारे में जानकारी लेते हुये।

# 'दान की रद्दी से बनेंगे लिफाफे, पैसा बेसहारा-वृद्धों पर खर्च होगा'

**■ परभ का आसरा के नाम से चल रहे वृद्धाश्रम ने शुरू किया रद्दी दान का अभियान**


**अलवर,** (निसं)। घर, दुकान या ऑफिस की रद्दी दान कर आप किसी बुजुर्ग के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। उसके जीवन को खुश बनाने में मदद कर सकते हैं। इसी मकसद से अलवर शहर के शांतिकुंज में परभ का आसरा के नाम से चल रहे वृद्धाश्रम के जरिए रद्दी दान का अभियान शुरू किया गया है। इसकी शुरूआत मंगलवार से की गई। उद्घाटन के दौरान पूर्व विधायक रामहेत यादव, बनवारी लाल सिंघल, जयराम जाटव व तारीफ सिंह सहित कई प्रतिनिधि मौजूद थे।

वृद्धाश्रम के संचालक तारीफ सिंह ने बताया कि सबके सहयोग से शांतकुंज में 108 मकान नंबर में वृद्धाश्रम चलता है। यहां अभी 22 बुजुर्ग रहते हैं। इनको तनाव से दूर करने के लिए कई तरह की व्यवस्थाएं हैं लेकिन संस्थान में बुजुर्गों को आत्मनिर्भर बनाने और उनको व्यस्त रखने के मकसद से लिफाफे बनाने का काम शुरू किया गया है। रोजाना 200 के आस-पास लिफाफे बनने भी लग गए हैं। तारीफ सिंह ने बताया कि सरकार ने पॉलिथिन बंद कर दी। तब हमारी टीम को यह आइडिया आया कि पॉलीथिन की पूर्ति की जरूरत बाजार में पड़ेगी। क्यों ना लिफाफे बनाने का काम शुरू करें। फिर बुजुर्गों से बातचीत कर इस काम की शुरूआत की गई। करीब 200 लिफाफे रोज बनाते भी हैं लेकिन तब यह नया आइडिया आया कि आमजन की मदद कैसे ली जाए। फिर रद्दी दान लेने का विचार आया। जिसमें हर घर से मदद मिल सकेगी जो रद्दी आएगी उसे बुजुर्गों तक पहुंचाकर लिफाफे बनवाए जाएंगे। ये लिफाफे बेचकर बुजुर्गों के जीवन का सहारा बनेंगे। उनकी सहूलियत बढ़ाई जा सकेगी।




रद्दी दान वाहन को पूर्व विधायक रामहेत यादव ने झण्ड़ी दिखाई।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 19 अक्टूबर, 2022**

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, पुष्य नक्षत्र प्रातः 8:02 तक, साध्य योग सांय 5:31 तक, गर करण दिन 2:14 तक, चन्द्रमा कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मिथुन, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-तुला, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

ज्वालामुखी योग दिन 2:14 से आरम्भ होगा। भद्रा रात्रि 3:09 से गुरूवार सांय 4:05 तक रहेगी।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:22 तक, शुभ 10:47 से 12:12 तक, चर 3:02 से 4:27 तक, लाभ 4:27 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:32, सूर्यास्त 5:51

**मेष**
परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**सिंह**
मन में असंतोष बना रहेगा। मानसिक तनाव बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आज शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।

# फसल बीमा क्लेम सहित विभिन्न मांगों को लेकर उपखण्ड कार्यालय पर प्रदर्शन

## राजगढ़ में प्रस्तावित तीनों नहरों को धरातल पर लाये जाने की मांग रखी

**सादुलपुर, (निसं)।** फसल बीमा क्लेम को लेकर जांगिड धर्मशाला में सुबह 10 बजे बैठक कर फसल बीमा क्लेम सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर चूरू जिले के सभी तहसील मुख्यालयों, उपखण्ड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए एसडीएम के नाम ज्ञापन सौपा।

वहीं बैठक की अध्यक्षता रामनिवास लाम्बा ने की। किसान सभा के सुनील पूनियां ने बताया कि खरीफ-2021 का क्लेम क्रॉप कटिंग के अनुसार दिया जाए व चक्का जाम समझौता लागु किया जाए, न्यूनतम मूल्य (एमएसपी) पर बाजरा, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन आदि फसलों की खरीद तुरंत शुरू करने, प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना में सही क्रॉप कटिंग करवाई जाने, क्रॉप कटिंग के बाद बरसात से फसलों को हुए नुकसान के लिए दुबारा रिपोर्ट करवाकर मुआवजा



**किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधि मण्डल।**

■ **चूरू जिले के सभी तहसील मुख्यालयों, उपखण्ड कार्यालय पर प्रदर्शन किया**

और कर्षि बीमा क्लेम दिया जाने, किसान का बकाया कृषि बीमा क्लेम तुरंत दिया जाने, राज्य के किसानों को डीएपी, बीज और यूरिया की आपूर्ति बिना बाधा के तुरंत की जाने, बिजली के डिमांड जमा कृषि कुओं को तुरंत बिजली कनेक्शन दिए जाने व किसानों को 6 घंटे बिजली दी जाने, फसल तुलाई केंद्र भैंसली, चाँदगोठी, हरपालु व गुलपुरा में वापिस शुरू किये जाने, रतनपुरा ओर साँखू में नए तुलाई केंद्र शुरू किए जाने, ग्राम विकास सेवा सहकारी समिति में जीवन बीमा के नाम पर हो रही लूट को बंद की जाने, नहरों और बाँधों से पर्याप्त पानी दिया जाए, राजगढ में प्रस्तावित तीनों नहरों को धरातल पर लाया जाने व राजस्थान में किसानों पर किसान आंदोलनों में बने सभी मुकदमो को वापिस लिए जाने के लिए एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर राजकुमार, राजेन्द्र ढाका, मनीराम, रामनिवास, मीरसिंह रेड़ू, मातूराम, बलकेश, रामचंद्र, मांगेराम, हनुमान, प्रभुराम, दीपक, जयकरण, आदराम, राकेश, रोहताश, नरेश, शशी मांजू, महेंद्र, चानणमल, शुभराम, सीताराम, लीलूराम, जगदीश व बलकेश महला आदि सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

## लोक अदालत की प्रचार रैली निकाली

**सादुलपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के अध्यक्ष जिला एवं सेशन न्यायाधीश बलजीत सिंह एवं प्रमोद बंसल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू, दीपक पाराशर अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति के निर्देशन में मंगलवार को ताल्लुका विधिक सेवा समिति राजगढ द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ में न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय हर्ष मीणा ने वर्ष 2022 में 12 नवम्बर को आयोजित होने वाली प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत के अधिकाधिक प्रचार-प्रसार के मध्येनजर स्कूल के विद्यार्थियों की रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। ताकि रैली के माध्यम से आम लोगों में लोक अदालत के प्रति जागरूकता पैदा हो सके एवं राजीनामा योग्य प्रकरणों का अधिकाधिक निस्तारण हो सके। छात्र-छात्राओं ने तख्तियों पर लिखे संदेशों 'लोक अदालत जायेंगे-वादों को सुलझायेंगे, लोक अदालत का सार, न कोई जीत न कोई हार, छोडो रंजिश भाई-भाई, लोक अदालत की गंगा आई आदि के माध्यम से लोक अदालत का प्रचार किया।

## दिव्यांग शिविर कल

**उदयपुरवाटी, (निसं)।** निकटवर्ती नांगल गांव मे एक दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर बुधवार को नांगल मे आयोजित होगा, ट्रस्ट के नांगल प्रभारी ताराचंद नांगल ने बताया है की कल एक दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर नांगल पंचायत भवन मे आयोजित होगा।


**बेदखली सूचना**

मै इन्द्र सिंह पुत्र फूलाराम उम्र 60 वर्ष जाति जाट निवासी हरपालू सांवल तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.) का रहने वाला हूं तथा निम्न नोटिस के जरिये सर्वसाधारण को सूचित कर रहा हूं यह कि राकेश कुमार मेरा जाइन्दा पुत्र है, जो करीब 27 वर्ष का है। मेरा उक्त पुत्र राकेश कुमार शराबी व झगड़ालू प्रवृति का व्यक्ति है, जिनका सम्पर्क आवारा व शराब ठेकेदारों व भूमाफियों जैसे व्यक्तियों से है। तथा हमारे परिवार के व्यक्तियों व मेरे कहने-सूनने में नहीं है। इसलिए अब मेरा उक्त पुत्र किसी प्रकार का लेन-देन व उधार रूपये किसी से प्राप्त करता है तो उसकी जिम्मेवारी मेरी नहीं रहेगी व किसी अन्य व्यक्ति से किसी प्रकार से लड़ाई-झगड़ा करता है तो उसकी जिम्मेवारी मेरी नहीं रहेगी तथा मेरे उक्त पुत्र के विरूद्ध पहले से एक मुकदमा भी न्यायालय में विचाराधीन है। इसलिए मैं मेरे उक्त पुत्र को मेरी समस्त सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। मेरी किसी भी प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति में आज के बाद से किसी भी प्रकार का कोई हक व हिस्सा नहीं रहेगा। सूचित रहे।

दिनांक 18.10.2022

शपथ ग्रहिता
इन्द्र सिंह

संख्याक -6
**न्यायालय जिला कलेक्टर, झुंझुनूं**
**अपीलान्ट शर्मा बबीता**
बनाम
**श्रीमती गायत्री वगैरह**
दावा बाबत :- **अपील**
अपील नं.- **146/2022**

प्रेषितः-
1.श्रीमती गायत्री तथाकथित पुत्री शुभकरण पत्नी नटवरलाल जोशी जाति ब्राह्मण निवासी हॉल निवासी नवलगढ़ रोड़ लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर, 2. रेखा जोशी पत्नी रामगोपाल पारीक ज्ञाति ब्राह्मण निवासी वार्ड नं. -2 मण्डावा हॉल निवासी वार्ड नं.-2 मण्डावरा तहसील उदयपुरवाटी जिला झुंझुनूं, 3. गीता पुत्री शुभकरण पत्नी नरसिंह प्रसाद मिश्रा जाति ब्राह्मण निवासी झगड़ा मस्जिद के पास, शेखावाटी रामगढ़ जिला सीकर, 4. तहसीलदार महोदय मण्डावा तहसील मण्डावा जिला झुंझुनूं, 5. बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाख मुकन्दगढ़ जिला झुंझुनूं जरिये शाखा प्रबंधक

आपको सूचित किया जाता है कि इस मामले में नकल संलग्न है की डिक्री की अपील अपीलांटस द्वारा उपस्थापित की गई है और इस न्यायालय में दर्ज रजिस्टर कर ली गई है। और इस अपील की सुनवाई के लिए समय 10.00 बजे इस न्यायालय द्वारा तारीख 10.11.2022 नियत की गई है।

यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपका प्लीडर या आपके कार्य करने के लिए विधिक प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा, तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जायेगी।

यह आज तारीख 5443-47/17.10.2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की गई।

आज्ञा से
रीडर
जिला कलेक्टर, झुंझुनूं

**नाम परिवर्तन**

मनके अनिता कुमारी पत्नी श्री राजपाल बिशु जाति जाट निवासी बास किरतान पोस्ट सरदारपुरा तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.) की हूं जो कि शपथपूर्वक ब्यान करती हूं यह कि मेरे पति के आर्मी रिकॉर्ड नम्बर 3200304- K रैंक हवलदार राजपाल बिशु 2 जाट C/O 56 APO बास किरतान पोस्ट सरदारपुरा तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.), में मेरा नाम अनीता देवी दर्ज हो गया, जो कि गलत है। अब मैं अपने पति के आर्मी रिकॉर्ड में मेरा नाम अनिता कुमारी दर्ज करवाना चाहती हूं, जो कि सही एवं सत्य है।

**शपथ ग्रहिता-अनिता कुमारी**

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी स्थान लक्ष्मणगढ़ सीकर**
**विशाल आदि** बनाम **कजोड़ी देवी आदि**
वाद बाबत- **उदघोषणा व स्थायी निषेधाज्ञा**
वाद सं **242** सन **2021**
**बनाम**

1.कजोड़ी देवी पत्नी घीसाराम, 2. चन्दा देवी पुत्री घीसाम, 3. दुर्गा देवी पत्नी बजरंगलाल, 4. नेमीचंद पुत्र विश्वनाथ, 5. प्रमोद पुत्र विश्वनाथ, 6. रतनी देवी पुत्री घीसाराम, 7. राकेश कुमार पुत्र बजरंगलाल, 8. राजेश कुमार पुत्र बजरंगलाल, 9. राधा देवी पुत्री घीसाराम, 10. लक्ष्मी देवी पत्नी विश्वनाथ, 11. सत्यनारायण पुत्र घीसाराम, 12. संतोष देवी पुत्री घीसाराम समस्त जाति नाई निवासीगण ग्राम बीदसर तहसील लक्ष्मणगढ़ जिला-सीकर राज., 13 बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा नवलगढ़ जिला-झुंझुनूं जरिये शाखा प्रबंधक, 14. पंजाब नेशनल बैंक शाखा बीदासर जिला-सीकर जरिये शाखा प्रबंधक, 15. बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा नानसा गेट नवलगढ़ जिला-झुंझुनूं जरिये शाखा प्रबंधक, 16. प्रभाती देवी पत्नी मालाराम, 17. राजेश पुत्र कुरड़ाराम, 18. विष्णु पुत्र नंदलाल जाति नाई निवासीगण बीदसर तहसील लक्ष्मणगढ़ जिला-सीकर राज.

वादीगण ने आपके विरूद्ध उदघोषणा व स्थायी निषेधाज्ञा के लिये वाद पंजीयन किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 17.11.2022 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से संबंधित जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्ष का लिखित साक्ष्य दाखिल करेंत और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में है या शक्ति में पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा दाखिल/सुरजाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे व आपके कब्जे व शक्ति में हो, तो अपना प्रतिरक्षा या मुजाराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे, तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद ता. 14 माह 10 सन 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश
उपखण्ड अधिकारी, लक्ष्मणगढ़ (सीकर)


## किसान सभा का प्रदर्शन

**सरदाशहर, (निसं)।** अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में किसान सभा के राज्यव्यपी आहान के तहत विभिन मांगो को लेकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। किसान सभा के प्रदेश महामंत्री छगनलाल चौधरी ने

■ **बीमा क्लेम व कनेक्शन देने की मांग**

बताया कि मंगलवार को प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ पूरे प्रदेश की हर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन और धरने आयोजित किये गये हैं। जिसमें बकाया बीमा क्लेम, कृषि कुओ के कनेक्शन देने, अच्छी बिजली देने, लम्पी बीमारी से हुए नुकशान का मुवावजा देने सहित अनेक मांगो को लेकर किसान सभा ने आंदोलन शुरू कर दिया है जो आगामी दिनों में ओर तेज किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष भगवनाराम जाखड, मंत्री कासीराम सारण, पालाराम मेघवाल, सांवरमल डूडी, कुमाराम जाखड, इमिलाल मुंड खेजडा, डूंगराराम बेनीवाल सहित सेंकडो किसान मौजूद रहे।

## चिड़ावा में निर्धारित स्थान पर ही तीन दिन मिलेंगे पटाखे

**चिड़ावा, (निसं)।** दीपावली के पर्व पर उपखंड कार्यालय में एसडीएम संदीप चौधरी ने चिड़ावा और सूरजगढ़ के अधिकारियों और व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की सामूहिक बैठक ली। बैठक में एसडीएम ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी।

चिड़ावा शहर के लिए तहसीलदार को प्रभारी बनाया गया और दो नायब तहसीलदार और नगरपालिका ई ओ को सहायक अधिकारी लगाया गया है। वहीं सुलताना के लिए बीडीओ रण सिंह को अधिकारी लगाया गया है। मंड्रेला में नायब तहसीलदार और एस एच ओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह सूरजगढ़ व पिलानी में भी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीडीओ और दोनों नगरपालिका के ई ओ को जिम्मेदारी सौंपी गई। तीनों नगरपालिका और मंड्रेला में दमकल और पानी के टैंकर अनहोनी को देखते हुए तैनात किए जाएंगे। वहीं चिकित्सा विभाग को भी निर्देश दिए है कि सभी अस्पतालों में 22 से 24 अक्टूबर तक स्टाफ 24 घंटे तैनात रहे ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर मरीज को तुरंत ट्रीटमेंट मिल सके।

**पटाखे तय स्थान पर ही मिलेंगे:-** एसडीएम ने चिड़ावा, पिलानी और मंड्रेला में पटाखा बिक्री के लिए स्थान तय कर दिए है। चिड़ावा में झुंझुनूं रोड पर नगरपालिका के सामने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में, पिलानी में उत्सव मैदान में और मंड्रेला में गुमान पार्क में पटाखा की स्टाल लगाई जाएगी। इसके अलावा अन्य किसी स्थान पर पटाखा बिक्री नहीं कर सकेंगे। प्रशासन इसके लिए दुकान अलॉट करेगा। वहीं पटाखा बिक्री केवल 22 से 24 अक्टूबर तक ही हो सकेगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार केवल ठीन पटाखे ही बेचे जा सकेंगे।

**व्यापारियों से अतिक्रमण ना करने की अपील:-** एसडीएम चौधरी ने व्यापारियों से भी अपील की है कि त्योहार को देखते हुए प्रशासन का सभी सहयोग करें और दुकानों के बाहर ज्यादा समान ना रखकर अतिक्रमण ना करें। क्योंकि अतिक्रमण से मुख्य बाजार से कबूतरखाना बस स्टैंड तक रास्ता सकड़ा हो जाता है।

## विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन दिया

**चिड़ावा, (निसं)।** अखिल भारतीय किसान सभा चिड़ावा की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम संदीप चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसके माध्यम से किसानों की लंबित मांगों को उठाया गया। ज्ञापन के माध्यम से राजस्थान किसान आंदोलन में लगे मुकदमे वापस लेने, एम एस पी पर बाजरा, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन आदि फसलों की खरीद शुरू करवाने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सही क्रॉप कटिंग करवाने व बरसात में फसलों के हुए नुकसान की दोबारा रिपोर्ट करवाकर मुआवजा और बीमा क्लेम दिलवाने की मांग रखी। वहीं राज्य के किसानों को डीएपी, बीज और यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित करने, बिजली कटौती रोकने, बिजली के डिमांड ड्राफ्ट जमा कृषि कुओं को तुरंत कृषि कनेक्शन देने की मांग भी रखी गई। इस दौरान किसान महासभा के तहसील प्रभारी बजरंग सिंह बराला, एडवोकेट धर्मपाल सिंह, अमित कुलहरी, भवानी सिंह राठौड़, रामकुमार झझड़िया, सुशील कुमार, रमेश कटेवा आदि मौजूद रहे।

## ई मित्र यूनियन की बैठक में समस्याओं का समाधान किया



**ई-मित्र यूनियन की बैठक पंचायत समिति वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में आयोजित की गई।**

**रतनगढ़, (निसं)।** ई-मित्र यूनियन की बैठक पंचायत समिति वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में रखी गई जिसमें ई-मित्र संबंधित कुछ सेवाओं का प्रशिक्षण दिया गया और विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर समाधान किया गया।

इस मौके पर तहसील अध्यक्ष ईश्वरराम श्योराण उपाध्यक्ष अमित फोगला कोषाध्यक्ष सुनील स्वामी मीडिया प्रभारी दातार सिंह प्रदीप सिंह चारण को ऑर्डिनेटर सुभाष शर्मा आदि उपस्थित रहे। ई मित्र वालों को बार बार सूचना देने के बाद भी मीटिंग मे ना आना यह प्रतीत होता है की ई-मित्र वालों को कोई किसी प्रकार की समस्या नहीं है। हर माह के प्रत्येक प्रथम गुरुवार को मीटिंग रखी जाती है अगर किसी प्रकार की समस्या हो तो मीटिंग मे आ कर बताये ताकि समस्या का समाधान कर सके।

## ९0 वर्षीय महिला के कुल्हे की हड्डी का सफल ऑपरेशन

**सादुलपुर, (निसं)।** कस्बे के रोहिला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पीटल राजगढ की टीम ने पाँव फिसलकर फर्स पर गिरी ९० वर्षीय महिला सकिला बानो के पैर के कुल्हे से टूटी हड्डी का राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी चिरंजीवी योजना के तहत सफल ऑपरेशन कर सकिला बानो को सकुशल अस्पताल से छूट्टी दे देने पर सकिला बानों के परिजनों ने हॉस्पीटल के निदेशक डॉ हरिराम रोहिला एवं उनकी टीम का कोटि-कोटि आभार जताया है।



**फिसलने से कुल्हे की हड्डी टूटने के दौरान ऑपरेशन के लिये रोहिला नर्सिंग होम में भर्ती 90 वर्षीय महिला सकिला बानो।**

रोहिला नर्सिंग होम के निदेशक डॉ. हरिराम रोहिला ने बताया कि 90 वर्षीय महिला सकिला बानो का घर में टहते समय फर्स पर गिरने से कुल्हे की हड्डी टूट गई थी, जिसका राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजना चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत निःशुल्क ऑपरेशन कर उन्हें सकूशल डिस्चार्ज किया गया है। डॉ. रोहिला ने बताया कि पूर्व में भी इस योजना के अन्तर्गत टीएचआर घूटना जोड प्रत्यारोपण व अन्य बडे-बडे ऑपरेशन निःशुल्क किये जा चूके हैं।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले में सड़क सुरक्षा के लिए जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। कुड़ी

■ **जिले में सड़क सुरक्षा होगी पुख्ता**

ने एनएचएआई के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि झुंझुनूं-चिड़ावा मार्ग पर साइन बोर्ड लगवाएं, ताकि दुर्घटनाएं घटित नहीं हो। बैठक में सदस्य सचिव पीडब्ल्यूडी एसई हुकमचंद बैरवा और डीटीओ संजीव दलाल ने सड़क और परिवहन की स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। जिला कलेक्टर ने समिति के सदस्यों से सुझाव भी मांगे। जिनमें विभिन्न मार्गों पर साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, ओवरलॉडिंग वाहनों को रोकना, बालवाहिनियों की नियमित रूप से जांच और सड़क-सुरक्षा से संबंधित नियमों का प्रचार इत्यादि प्रमुख सुझाव रहे। बैठक में एडीएम जेपी गौड़, एएसपी डॉ. तेजपाल सिंह, एनएचएआई के एईएन हिमांशु चौधरी, नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनियां, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन शंकरलाल आदि मौजूद रहे।

## 25 लाख की लॉटरी के नाम पर 2.50 लाख ठगे

**सूरजगढ़, (निसं)।** दिवाली को लेकर शॉपिंग का अपना ही अलग क्रेज है। लेकिन ऑनलाइन शॉपिंग में सावधानी ना बरतने वाले साइबर ठगों के शिकार भी हो रहे है। दिवाली के मौके को देखते हुए ठग गिरोह भी सक्रिय हो गए है। सूरजगढ़ थाना इलाके में दो मामले सामने आए है। जहां पर साइबर ठगी हुई है। एक व्यक्ति से 25 लाख रूपए की लॉटरी के नाम पर ढाई लाख रूपए ठगे गए है। तो दूसरे को 20 हजार रूपए में स्कूटी देने के नाम पर 20 हजार रूपए की ठगी कर दी गई है। दोनों ही पीड़ितों ने थाने में अपनी ठगी की वारदात की लिखित शिकायतें दी है।

पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सूरजगढ़ मंडी में धींगडिया निवासी सुदेश पुत्र कालूराम ने हलवाई की दुकान कर रखी है। 15 अक्टूबर को उसके पास एक व्हाट्स एप कॉल आया कि उसके 25 लाख रूपए की लॉटरी निकली है। जिस पर सुदेश खुश हो गया। इसके बाद ठगों ने उससे टैक्स के नाम पर 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर के 10200, 25000, 95000 रूपए मंगवा लिए। यही नहीं 17 अक्टूबर को बैंक सिक्योरिटी के नाम पर भी 1.20 लाख रूपए मंगवा लिए। सुदेश लगातार ठगों के कहे मुताबिक खातों में पैसे डलवाता रहा। लेकिन मंगलवार को ठगों ने फिर से सुदेश को फोन किया और कहा कि 3 लाख 70 हजार रूपए और खाते में डलवाने पड़ेंगे। तभी उसे 25 लाख की लॉटरी की राशि दी जाएगी। सुदेश के पास इतने पैसे भी नहीं थे और वह ठगों की मंशा को भाप गया। उसने अपने अब तक दिए हुए पैसे वापिस लौटाने के लिए कहा। लेकिन ठगों ने वापिस देने से मना कर दिया और फिर फोन उठाना भी बंद कर दिया।

**पिता के ईलाज के लिए इकट्ठा किए थे पैसे:-** सुदेश ने बताया कि उसके पिता कालूराम बीमार है। जिनके ईलाज के लिए उसने पाई पाई जोड़कर ढाई लाख रूपए जुटाए थे। लेकिन ठगों ने महज तीन दिन में उससे सारे के सारे पैसे ठग लिए।

**ओएलएक्स पर सस्ती स्कूटी देख ललचाया मन, 20 हजार की ठगी हुई:-** इधर, सूरजगढ़ थाना इलाके के भावठड़ी की माडू की ढाणी निवासी दिनेश जाट ने भी थाने में अपने साथ ठगी की रिपोर्ट दी है। दिनेश के भाई डॉ. अजय पूनियां ने बताया कि 14 अक्टूबर को मोबाइल देखते वक्त उसके भाई दिनेश के सामने ओएलएक्स का एक एड आया। जिसमें छह हजार किलोमीटर चली हुई स्कूटी महज 20 हजार रूपए में मिल रही थी। उसने जब इस स्कूटी को खरीदने के लिए रिक्वेस्ट भेजी तो उसके पास व्हाट्स एप पर स्कूटी की तस्वीरें आई। दोनों के बीच इस स्कूटी का सौदा तय हो गया। दिनेश से पहले ठगों ने एक रूपया मंगवाकर ट्रांजेक्शन को सुनिश्चित किया। इसके बाद दो बार में 10 हजार और 9999 रूपए मंगवा लिए। ठगों की ठगी यही नहीं रूकी। उन्होंने दिनेश को कहा कि उनके पास पैसे नहीं पहुंचे है। इसलिए वह 20 हजार रूपए और उनके खाते में भेजे। यदि पुराना ट्रांजेक्शन भी आ जाएगा तो वे वापिस लौटा देंगे। इस बात की जानकारी दिनेश ने अपने भाई डॉ. अजय पूनियां को दी। उसने आकर देखा तो वह सुन्न हो गया और उसने अपने भाई को बताया कि यह कोई स्कूटी नहीं देने वाले। ठग है। जिसके बाद ओएलएक्स पर स्कूटी बेचने वाले नंबरों पर कई बार कॉल किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत ढ़ाणी बड़ी पंचायत समिति राजगढ़ (चूरू)**

क्रमांकः-ग्राप/ढ़ाणी बड़ी/ई-निविदा/2022-23 दिनांक 17.10.2022

**ई-निविदा सूचना 03/2022-23**

राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से निर्माण कार्य करवाने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेवसाईट www.eproc.raj.gov.in पर दिनांक 18.10.2022 सायं 5 पी.एम. से ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण तथा शर्ते www.sppp.raj.nic.in तथा www.eproc.raj.gov.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

यू.बी.एन. नं.- ZCR2223WSOB01099

सरपंच
ग्राम पंचायत ढ़ाणी बड़ी
पंचायत समिति राजगढ़ (चूरू)

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज.)**
Fax:-01537-250043, Email.nagarpalikarawatsar@gmail.com, phone no-01537-250043
क्रमांक :- न.पा.रा./भूमि/2022/3931-33 दिनांक :- 17.10.2022

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संतों देवी पत्नी श्री सहीराम जाति जाट निवासी वार्ड नं. 04 रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर अपन आवासीय भूखण्ड साईज 3224.52 वर्गफुट या 299.64 वर्गमीटर का विरासतन नामान्तरण श्रीमती संतोष देवी पत्नी श्री सहीराम व मनोहरी देवी, बिरमा देवी, शारदा रानी, विनोद कुमार, धर्मपाल पुत्र-पुत्रियां श्री सहीराम के नाम पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा स्टेट ग्रान्ट एक्ट के तहत दिनांक 13.05.2017 द्वारा साईज 3224.52 वर्गफुट का श्री सहीराम पुत्र श्री गुलाबराम व श्रीमती संतोष देवी पत्नी श्री सहीराम के नाम से जारीशुदा है। श्री सहीराम की मृत्यु दिनांक 23.05.2018 को हो चुकी है, जिसके जायज वारिस श्रीमती संतोष देवी पत्नी सहीराम व मनोहरी देवी, बिरमा देवी, शारदा रानी, विनोद कुमार, धर्मपाल पुत्र-पुत्रियां श्री सहीराम है। अतः अपने विरासतन भूखण्ड का प्रार्थीगण अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है।

अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो, तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(प्रमोद कुमार)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, रावतसर

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिद्धमुख पंचायत समिति राजगढ़ (चूरू)**

क्रमांकः-ग्राप/सिद्धमुख/निविदा/2022-23 दिनांक 17.10.2022

**सीमित निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सिद्धमुख के ग्राम सिद्धमुख में डोर टू डोर ठोस कचरा संग्रहण तथा वार्षिक साफ-सफाई के कार्य हेतु ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 27.10.2022 को 11.00 ए.एम. तक मुहरबन्द लिफाफे में राजकीय विभागों में पंजीकृत प्राधिकृत ठेकेदारों से सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यों का विस्तृत विवरण www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा के लिए फार्म शुल्क 500/-रूपये नगद जमा करवाना होगा। अमानत राशि के लिए 2 प्रतिशत राशि का डी.डी./चेक प्रस्तुत करना होगा। बोली/निविदा फार्म व समस्त शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सामग्री उपापन समिति के पास सुरक्षित है।

यू.बी.एन. नं.- ZCR2223WSOB01100

सरपंच
ग्राम पंचायत सिद्धमुख
पंचायत समिति राजगढ़ (चूरू)


# जिला कलेक्टर ने रात्रि चौपाल से पहले चार विभागों का औचक निरीक्षण किया

**पाटन, (निसं)।** राजस्थान सरकार द्वारा चलाई गई रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने मंगलवार को ग्राम पंचायत न्योराणा में आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम से पहले पाटन तहसील में 4 विभागों में जाकर उन का औचक निरीक्षण किया एवं सक्षम अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर डाक्टर अमित यादव ने पंचायत समिति में कार्यालय का निरीक्षण किया।

उसी दौरान बीपीएल परिवार का एक पीड़ित व्यक्ति कालूराम बावरिया द्वारा अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि मेरा परिवार बीपीएल परिवार से है तथा विगत 5 वर्षों से मेरे परिवार को खाद्य सामठी का लाभ नहीं मिल रहा है। इसपर जिला कलेक्टर ने विकास अधिकारी राजूराम सैनी को तुरंत उसकी समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए एवं नर्सरी का अवलोकन किया। इस दौरान विकास अधिकारी राजूराम सैनी एवं पंचायत समिति प्रधान सुवालाल सैनी उपस्थित



**जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने पाटन तहसील में 4 विभागों में जाकर उनका औचक निरीक्षण किया**

रहे। जवाहर नवोदय विद्यालय में जिला कलेक्टर ने बच्चों के आवासीय हॉस्टल, मैदान, किचन जंहा बच्चों का खाना बनाया जाता है व बच्चों को किस तरह से पढ़ाया जा रहा है उनकी क्लासों का भी अवलोकन किया। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य हरिप्रसाद बैरवा के साथ जिला कलेक्टर ने दोपहर का लंच लेकर खाना भी चेक किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने लैबोरेट्री, मरीजों के वार्ड भी देखें तथा डॉ मोनिका माथुर को डिलीवरी बढ़ाने व सिजेरियन एनेथेसिया के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली।

दंत चिकित्सक अधिकारी डॉ देवेंद्र यादव को आरसीटी चालू करने की बात कही तथा चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ अमित यादव को रेडियोठाफर की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिए। एवं हॉस्पिटल की साफ सफाई देखकर जिला कलेक्टर ने डॉ अमित यादव की प्रशंसा की।तहसील कार्यालय का अवलोकन करते समय जिला कलेक्टर को प्रथम मंजिल पर बने एक कमरे की दीवार में दरार दिखाई दी तो कलेक्टर महोदय ने तहसीलदार मुनेश सर्वा को निर्देश देते हुए कहा की दीवार में जो दरार आ रही है उस दरार को शीघ्र ठीक करवाई जाए। कलेक्टर ने तहसील कार्यालय का रिकॉर्ड रूम, एल आर शाखा का भी अवलोकन किया तथा तहसीलदार मुनेश सर्वा के साथ विस्तार से चर्चा की। जिला कलेक्टर के औचक निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता नीमकाथाना, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक यादव भी साथ रहे। ठाम पंचायत न्योराणा में रात्रि चौपाल के दौरान सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे तथा जन सुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, एवं आम रास्ते संबंधी शिकायतों का मौके पर ही अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रधान सुवालाल सैनी, न्योराणा सरपंच श्रीमती मीना देवी, सरपंच प्रतिनिधि उमराव सैनी, डोकन सरपंच प्रतिनिधि बलराम गिराटी, पाटन सरपंच मनोज चौधरी, डूंगा की नांगल सरपंच प्रतिनिधि माला राम गुर्जर सहित दर्जनों ग्राम पंचायतों के सरपंच गण भी उपस्थित रहे।

## पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया

**सादुलपुर, (निसं)।** पर्यावरण प्रेमी एवं समाज सुधारक सतगुरू कबीर मानवधर्म चेतन आश्रम ज्योतिनगर सादुलपुर के महंत रतनदास स्वामी द्वारा राजगढ तहसील के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय राऊ ताल (चूरू) में पीपल का पेड लगाकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते हुए पौधारोपण किया गया। इस

■ **राऊ ताल विद्यालय (चूरू) में पीपल का पेड़ लगाया**

अवसर पर संस्था प्रधान कृष्णा प्रजापत, अध्यापक मधुसूदन शर्मा, नरेश कुमार तथा धर्मवीर शमा ने स्वामी रतनदास के स्वास्थ्य एवं समाजोपयोगी कार्यो की प्रशंसा को विद्यार्थियों के बीच सांझा किया। वहीं स्वामी रतनदास महाराज ने एक्यूप्रेसर पद्धति के विचारों को सभी विद्यार्थियों ने ध्यानपूर्वक सूना। इसी दौरान विद्यालय स्टाफ ने स्वामी रतनदास का आभार व्यक्त किया।

# 1800 किलोग्राम मिलावटी मावा, कलाकन्द जब्त

## बानसूर थाना पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिलने पर की कार्रवाई

**■ मावा, कलाकांद की जांच के बाद मिलावटी होने की पुष्टि हुई**

**अलवर, (निसं)।** जिले में त्यौहार के मौके पर मिलावटी खाद्य सामग्री पकड़ने में जिला प्रशासन एवं पुलिस ने कमर कस रखी है आज बानसूर थाना पुलिस ने राजकुमार राजोरा पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में करीब 180 किलोग्राम मिलावटी मावा कलाकन्द को लेकर जा रही पिकअप गाडी को जब्त किया।

बानसूर थाना पुलिस को मुखबिर खास सूचना मिली की किशनगढ बास की तरफ से एक पिकअप गाडी आ रही है जिसके अन्दर मिलावटी मावा कलाकन्द भरा हुआ है। उक्त सूचना पर टीम गिरुडी बस स्टैण्ड पर पहुंचे जहां लेकडी गांव की तरफ से आने वाले गुप्त रास्ते से एक पिकअप गाडी आती हुई दिखाई दी। जिसे टीम द्वारा रोककर चैक किया गया तो पिकअप गाडी के अन्दर मावा कलाकन्द भरा हुआ था तथा गाड़ी में मुनवर मेव निवासी इस्माईलपुर बागोर थाना किशनगढ बास, आजाद मेव निवासी देवता थाना किशनगढ़ बास, कमरुदीन मेव निवासी बेरा का बास डुगडा थाना किशनगढ़ बास जिला अलवर, साहिल मेव निवासी खोवाबास थाना किशनगढ़ बास जिला अलवर बैठे हुये थे। गाडी में भरे मावा कलाकन्द से बदबू आ रही थी तथा सूघंने व चखने पर उक्त मावा दूषित होना प्रतीत हो रहा था।

मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बुलवाया गया तथा उक्त सदिंग्ध मिलावटी मावा कलाकन्द से भरी हुई पिकअप गाडी को व उसमें बैठे व्यक्ति मुनवर, आजाद, कमरुदीन, साहिल को थाने ले जाया गया। मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा करीब 1800 किलोग्राम मावा कलाकन्द जांच करने पर मिलावटी होना पाये जाने पर सैम्पल प्राप्त कर नष्ट किया गया।

## पांच हजार किलो बूरा सीज किया

**करौली, (नि.स.)।** आमजन को मिलावट रहित खाद्य वस्तुऐं उपलब्ध कराने के लिए चलाए जा रह 'शुद्ध के लिये युद्ध' विशेष अभियान 17 से 21 अक्टूबर के तहत खाद्य वस्तुओं के सैंपल लिये गये और जगदंबा ट्रेडिंग कंपनी हिंडौन सिटी में 5 हजार किलो बूरा सीज किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेशचंद मीना ने बताया कि फूड सेफ्टी एवं स्टेंडर्ड एक्ट 2006 के प्रावधानों के अनुसार मिलावटी खाद्य पदार्थ आपूर्तिकर्ताओं के विरूद्ध शुद्ध के लिए युद्ध विशेष अभियान संचालित है जिसके तहत गठित टीम ने एफएसओ जगदीश गुप्ता के नेतृत्व में जोधपुर स्वीट होम बयाना मोड हिण्डौन सिटी से रसगुल्ला, ज्वाला मां मिष्ठान भंडार बयाना रोड हिण्डौन सिटी से खीरमोहन मिठाई एवं जोधपुर मिष्ठान भंडार बयाना मोड़ से मावा व दूध के नमूने लिए तथा 60 किलो खट्टा व बदबूदार मावा नष्ट कराया।

## स्वास्थ्य विभाग ने 457 क्विं. मशाले पाउडर जप्त किए

**■ 9 मील के तेज पारस कोल्ड स्टोर से एक्सपायरी मिर्ची, हल्दी व धनिया पाउडर जप्त किया**

**■ देसुरिया बिश्नोइया की किचन हार्वेस्ट फूड फर्म पर कार्रवाई**

**जोधपुर, (कास)।** शहर में "शुद्ध के लिए युद्ध अभियान" के तहत मिलावट खोरों के खिलाफ कार्रवाई मंगलवार को भी जा रही। सीएमएचओ ने बताया कि मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सूचना के आधार पर सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 45,680 किलो एक्सपायर हुए मसाला पाउडर जप्त किया गया। उन्होंने बताया कि देसुरिया बिश्नोइया की फर्म किचन हार्वेस्ट फूड फर्म पर एक्सपायरी मसाले पाउडर होने की सूचना मिली थी, जिसकी पुष्टि होने पर खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा नौ मिल के तेज पारस कोल्ड स्टोर में रखे एक्सपायरी मिर्ची, हल्दी व धनिया पाउडर जप्त किया।

डॉ सांखला ने बताया कि फर्म द्वारा उक्त एक्सपायरी मसाले को विक्रय करने की मंशा से स्टॉक किया गया था। जप्त किए गए मसालों का खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निस्तारण किया जायेगा। इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रजनीश शर्मा, किशन कड़वासड़ा, सुरेश माली एवं विजय कंवर की टीम ने अहम भूमिका निभाई।

# डीएपी से भरे ट्रक को पकड़ा

## जिप्सम के नाम पर ले जाए जा रहे डीएपी के 232 कट्टे जब्त किए

**■ डीएपी से भरे ट्रेलर के हिंदौर गांव में पहुंचने पर किसानों में खाद लेने की होड़ मच गई**

**सूरतगढ़, (निसं)।** उपखण्ड के राजियासर थाना क्षेत्र के गांव हिंदौर में डीएपी खाद से भरी गाड़ी को लेकर किसानों ने रोष व्यक्त किया। किसानों ने इसकी सूचना कृषि विभाग, सहकारी समिति, इफको व पुलिस को दी। इस पर इफको के क्षेत्रीय अधिकारी रविंद्र सिंह, सहायक अधिकारी शेलेंदर कुमार, सुमित गोदारा व राजियासर पुलिस मौके पर पहुंचे।

इस पर डीएपी भरे ट्रक को राजियासर पुलिस थाने ले जाया गया। इसी बीच कृषि अधिकारी सरजीत बिश्नोई, सहायक कृषि अधिकारी मुकुंद भट्टी व कृषि पर्यवेक्षक बिरमा स्वामी भी थाने पहुंच गए। इससे पूर्व इफको अधिकारियों को गांव में मौके पर गाड़ी में भरी डीएपी के बिल व कागजात देखने पर 1.995 लाख रुपए का 38 टन जिप्सम का बिल उपलब्ध करवाया गया। जो कि उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद से भरकर श्रीगंगानगर की किसी फर्टिलाइजर केमिकल्स फर्म के नाम से बनाया गया है।

मामले की सूचना मिलने पर पहुंचे इफको अधिकारी और कृषि विभाग के अधिकारी मुकदमे की कार्यवाही को लेकर आपस में एक दूसरे का बताते रहे वहीं किसान कार्यवाही के इंतजार में देर शाम तक ताकते रहे। इससे पूर्व डीएपी खाद से भरे ट्रेलर के हिंदौर गांव में पहुंचने पर किसानों में डीएपी के लिए होड़ मच गई। राजियासर व पीपासर के कुछ किसान डीएपी खाद के कट्टे खरीदकर ले भी गए। इसी बीच किसानों को खाद के नकली होने का अंदेशा हुआ तो इधर-उधर जानकारी के लिए पूछताछ शुरू कर दी। किसी जागरूक किसान ने इसकी सूचना कृषि विभाग, इफको और किसान सहकारी को भी दे दी। इस पर गांव में किसान एकत्रित हो गए और गाड़ी को मौके पर ही रोके रखा। पुलिस व अधिकारी गाड़ी को राजियासर थाने लेकर आ गए। किसानों ने खाद ले जाने के दौरान कट्टे को खोलकर खाद की गुणवत्ता को लेकर संदेह जताया तो उन्होंने अपने स्तर पर जांच कर इसके नकली होना बता दिया।

इफको के क्षेत्रीय अधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि गाड़ी में जिप्सम के नाम पर डीएपी के 232 कट्टे जब्त किए गए हैं। उच्चाधिकारियों ने कार्यवाही के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को अवगत करवा दिया है। श्रीगंगानगर के कृषि अधिकारी सरजीत बिश्नोई ने बताया कि हमने गाड़ी में मिले डीएपी के सैंपल ले लिए हैं। इफको के ब्रांड में अनाधिकृत रूप से माल बेचने पर इफको को ही मुकद्दमा दर्ज करवा कर कार्यवाही करनी चाहिए। राजियासर किसान सहकारी समिति के अध्यक्ष कालूराम गोदारा ने बताया कि रबी फसल की बिजाई के मौके पर डीएपी की कालाबाजारी और नकली मिलना या बेचना किसानों के साथ सरासर धोखाधड़ी है। इस प्रकार के कृत्य करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

# 21 सौ किलो मावा व मिठाइयों के सैंपल जांच के लिए भेजे

**■ पाली जिले में बिकने आया घटिया स्तर का 250 किलो मावा नष्ट करवाया**

**पाली, (नि.सं.)।** राज्य सरकार के निर्देश पर पाली जिले में सरकार की महत्वकांक्षी योजना शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया। कलेक्टर नमित मेहता के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ.इन्दरसिंह राठौड की अगुवाई में की गई कार्यवाही के दौरान मिलावट के संदेह के आधार पर 21 सौ किलोग्राम मावा व अन्य मिठाइयां भी जब्त की गई। साथ ही जब्त किए गए मावे व अन्य मिठाइयों के 6 सेंपल लेकर जांच के लिए जोधपुर प्रयोगशाला में भेजे तथा मौके पर ही 250 किलो मावा घटिया स्तर का होने के कारण टीम ने नष्ट करवाया। कार्यवाही से मिठाई विक्रेताओं में हड़कंप मच गया।



पाली के सीएमएचओ के निर्देशन में सैम्पल जांच के लिए भेजे।

मंगलवार को सुबह बीकानेर से निजी यात्री बस में भारी मात्रा में नकली मावा व अन्य मिठाईयों के पाली आने की सूचना मिलने पर चिकित्सा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब 107 पीपों व कार्टन में भरा 2100 किलोग्राम संदिग्ध मिलावटी मावा व मावे से बनी मिठाइयां पकडी एवं पाली जिले के पाली शहर, सोजत व सुमेरपुर में विभिन्न दुकानदारों को सप्लाई किए जाने वाले मावे के 6 सैंपल लिए जिन्हें जांच के लिए जोधपुर प्रयोगशाला भेजा। उन सभी मावा विक्रेताओं जिसमें मैसर्स बीकानेर मावा भंडार सुपर मार्केट पाली, चौधरी मिष्ठान भंडार नया बस स्टैंड पाली, बीकानेर मावा भंडार पाली रोड सोजत सिटी, देवीलाल शर्मा-इन्दरचंद शर्मा पाबूसर जिला चूरू, रामूराम देवासी भूण्डाराम राइको का बास रूपावास,को मौके पर बुलाकर मावा विक्रेताओं को मावे का नमूना एवं रसगुल्ला के नमूने जांच वास्ते लिए गए।

# मांडलगढ़ के 292 आंगनबाड़ी केन्द्र में लोहा बॉक्स खरीद में घोटाला

**मांडलगढ़, (निस)।** भीलवाड़ा के मांडलगढ़ ब्लॉक में महिला एवं बाल विकास विभाग की उड़ान योजना में आंगनबाड़ी केंद्रों पर लोहे के बॉक्स खरीद में विभाग के अफसरों और कार्मिकों की भूमिका सन्दिग्ध नजर आ रही हैं। मांडलगढ़ ब्लॉक के सभी 292 आंगनबाड़ी केंद्रों पर लोहे के बॉक्स आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सीधे बाजार से खरीदने के आदेश निदेशालय से मिले थे। निदेशालय द्वारा सभी आंगनबाड़ी केंद्र पर एक बॉक्स खरीद की राशि 5 हजार 960 रुपए निर्धारित कर आवंटित की गई। लेकिन जिला मुख्यालय के अफसरों व कार्मिकों ने निजी स्तर पर सस्ती दर से लोहे के बॉक्स बाजार से खरीद कर मांडलगढ़ ब्लॉक के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 5960 रुपए के बिल के साथ भिजवा दिए,और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के बैंक खाते में आई राशि को जबरन वसूल कर लिया। कुछ कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया तो उनकी आवाज दबा दी गई। हरिलाल जाट जिला परिषद सदस्य ने बताया कि बॉक्स को 6 हजार में खरीद कर भारी भ्रष्टाचार किया गया है। इस मामले में मांडलगढ़ सीडीपीओ ने बताया कि विभाग की उड़ान योजना के तहत प्रत्येक केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने स्वयं ने निर्धारित मापदण्ड में लोहे के बॉक्स खरीदे हैं।


**Livestock Research Station Dag, Jhalawar-326514**
**(Rajasthon University of Veterinary and Animal Sciences)**

No. F.6 ( ):01/Dag/LRS/RAJUVAS/AHDP/2022-23/137 Dated: 13/10/2022

**Open Tender Notice OGT-02 (2022-23)**

Sealed Tenders are invited from eligible original manufacturers / distributors for open general tender for the supply of "FEED INGREDIENTS". Tender application will be open for submission from 14-10-2022 10 29.10.2022 (5.00 PM) and after this bids will be opened by tender opening committee at LRS Dag on 31.10.2022 at 2.00 P.M. onwards.

Detailed Terms & Conditions for the tender are available on State Procurement Portal website http://www.pep.raj.nic.in and University website www.raiuvas.ore. The Incharge, LAS Dag holds right to reject one or more tender. The Bids / Tenders not fulfilling prescribed terms & conditions or submitted after due date shall be rejected

For this Open Tender UBN No. VAU2223GS0B00087

Raj.Samwad/C/9315/22-23 **INCHARGE**


# महिला व पुरुषों को वार्ड में एक साथ देख नाराज हुए मंत्री मीणा

**■ एनबीएसयू वार्ड स्टोर में दिखा तब्दील**

**मंडावरी, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा मंडावरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करने के दौरान वार्ड में पुरुष एवं महिला का एक जगह भर्ती होने को लेकर गहरी नाराजगी जताई। उनके द्वारा मौके पर मौजूद सीएमएचओ को भविष्य में महिला व पुरुषों को अलग-अलग वार्ड में भर्ती कर उनका इलाज करने के निर्देश दिए।

चिकित्सा मंत्री मीणा नवजात शिशु के लिए बनाए गए न्यू बेबी बोर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट के वार्ड के स्टोर जैसा दिखने पर शिशुओं की देखरेख उपचार के लिए मशीन को सही जगह रखकर उसके समुचित उपयोग व रखरखाव निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री मीणा द्वारा आन कॉल के नाम पर रात्रि समय में अस्पताल से दूर रहने व सूचना मिलने पर वहां आने को लेकर भी नाराजगी जाहिर की। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि चिकित्सकों का यह रवैया ठीक नहीं है चिकित्सकों की जिस समय ड्यूटी जहां लगाई जाए उसे वही स्थाई रहना चाहिए।

वहां मौजूद लोगों द्वारा चिकित्सकों की कमी से अवगत कराये जाने पर मंत्री मीणा द्वारा सीएचसी मंडावरी में आने वाले मरीजों को पर्याप्त सुविधा मिले इसके लिए सर्जन चिकित्सा पीसी गुप्ता को फैमिली प्रोग्राम कार्यक्रम से हटाकर पूरे समय मंडावरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रखने के निर्देश दिए।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि ऐसा करने से सोनोग्राफी मशीन की सुविधाओं का गर्भवती महिलाओं समेत इस उपचार से जरूरतमंद मरीजों को निर्बाध लाभान्वित किया जा सकेगा।

# शहर में दुकानों से लिए मावे व लड्डू के सैंपल



चिड़ावा खाद्य विभाग के फूड इंस्पेक्टर ने मावे के सैम्पल लिए।

**■ संजय और मनोज मिष्ठान भंडार पर कार्रवाई की**

**चिड़ावा, (निसं)।** शहर में आज खाद्य विभाग की टीम ने दो प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की। टीम सबसे पहले मंड्रेला बाईपास पर मनोज मिष्ठान भंडार पहुंची। यहां पर फूड इंस्पेक्टर महेंद्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में यहां से मावे का सैंपल लिए इसके बाद टीम अरडावतिया कॉलोनी में संजय मिष्ठान भंडार पहुंची। दुकानदार ने टीम का सहयोग करते हुए सैंपल के लिए नमूने उपलब्ध करवाए। यहां पर टीम ने देसी घी के लड्डू और मावा के नमूने लिए। फूड इंस्पेक्टर चतुर्वेदी ने कहा कि किसी भी प्रकार की मिलावटी सामान मिलने पर 181 नंबर पर शिकायत दे सकते हैं। वहीं शिकायत सही पाई गई तो शिकायतकर्ता को इनाम देने का भी प्रावधान है।

## रिफाइंड सोयाबीन तेल, कलाकंद, मावा, भुजिया व पनीर के 6 सैंपल लिए

**रतनगढ़, (निसं)।** शुद्ध के लिए युद्ध अभियान में जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा टीम ने 6 नमूने लिये। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि 18 अक्टूबर 2022 को 6 नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूल सिंह बाजिया व विनोद थारवान ने बताया कि शुद्ध के लिए युद्ध विशेष अभियान के तहत फर्म चिमनलाल श्याम सुंदर रतनगढ़ से रिफाइंड सोयाबीन तेल का एक नमूना लिया गया है।

फर्म गजानंद सुशील कुमार रतनगढ़ से कलाकंद व मावा का एक एक नमूना लिया गया है। फर्म तुलसी स्टोर रतनगढ़ से भुजिया का एक नमूना लिया गया है।फर्म बेनीवाल ब्रदर्स रतनगढ़ से मावा हुए पनीर का एक एक नमूना लिया गया है। सभी व्यापारियों को साफ-सफाई रखने व शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने के लिए पाबंद किया गया। सभी नमूनों को प्रयोगशाला जयपुर में जांच के लिए भिजवाया गया है जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


Office of Project Director
**RUIDP Rajasthan Urban Infrastructure Development Project**
(A unit of RUDSICO)
AVS Building, Jawahar Circle, JLN Marg, Jaipur - 302017
Tel No.: 0141-2721966, Fax No.: 0141-2721919
Email: mail.ruidp@rajasthan.gov.in, website: www.ruidp.rajasthan.gov.in

**Invitation for Bids No: RSTPSP/OCB/NTL/29**

दिनांक: 11 अक्टूबर, 2022

**राजस्थान द्वितीयक नगर विकास क्षेत्र परियोजना (RSTDSP)-Additional Financing**

1. राजस्थान शहरी आधारभूत विकास परियोजना (RUIDP) निम्नलिखित कार्यों के लिए पात्र निविदादाताओं से e-proc वेबसाइट पर ओपन बिडिंग कॉम्पिटिशन (OCB) के तहत ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित करता हैं:

| क्र. सं. | क्लस्ट/पैकेज संख्या | पैकेज का नाम एवं कार्य का विवरण | निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | RSTDSP/JSL /CTYBF/01 | जैसलमेर में शहरी सौन्दर्यीकरण के कार्य-पुर्ननिविदा | 14 नवम्बर 2022 की दोपहर 3 बजे तक |

2. निविदा दस्तावेज e-proc वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 12, अक्टूबर 2022 से उपलब्ध होंगे। निविदा दिनांक 14 अक्टूबर, 2022 को दोपहर 3.00 बजे तक e-proc पर प्रस्तुत की जा सकेगी।
3. प्री-बिड मीटिंग दिनांक 20 अक्टूबर, 2022 को दोपहर 3.00 बजे आयोजित की जावेंगी। सभी भावी निविदादाताओं को प्री-बिड मीटिंग में सम्मिलित होने की सलाह दी जाती है। यह भी सलाह दी जाती है कि निविदादाता कार्यस्थल का दौरा एवं निविदा दस्तावेजों का पूर्ण रूप से अध्ययन कर लेवें।
4. निविदादाताओं के प्रश्नों के स्पष्टीकरण/Addendum एवं शुद्धिपत्र केवल e-fproc वेबसाईट पर प्रकाशित किये जायेंगे ना कि किसी समाचार पत्र में।
5. अतिरिक्त परियोजना निदेशक, आरयूआईडीपी, जयपुर (0141-2548404) से निविदादाता, निविदा प्रक्रिया संबंधित पूर्ण जानकारी ले सकते हैं।

NIB Code : UID2223A0018, UBN : UID2223WSOB00018
राज.संवाद/सी/9199/2022-23 अतिरिक्त परियोजना निदेशक


# विद्युत विभाग का कनिष्ठ अभियंता रिश्वत लेते गिरफ्तार

## घरेलू कनेक्शन का डी.पी. लगवाने के नाम पर लिए 14 हजार रुपये



बूंदी एसीबी की गिरफ्त में आरोपी कनिष्ठ अभियंता नचिकेत पारेता।

**■ आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

**बूंदी, (निसं)।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर बूंदी एसीबी द्वारा पुलिस उप अधीक्षक एसीबी ज्ञान चंद मीणा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुये लाखेरी विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता नचिकेत पारेता को परिवादी से 14 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी के पुलिस उप अधीक्षक ज्ञान चंद मीणा ने बताया कि परिवादी द्वारा एसीबी कार्यालय बूंदी में उपस्थित होकर शिकायत दी गई कि घरेलू कनेक्शन हेतु डी.पी.लगवाने की एवज में नचिकेत पारेता कनिष्ठ अभियंता जयपुर डिस्कॉम, लाखेरी, जिला बूंदी द्वारा 15 हजार रूपये की रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी, कोटा के पुलिस अधीक्षक आलोक श्रीवास्तव के सुपरविजन में एसीबी की बूंदी इकाई ने शिकायत का सत्यापन किया। शिकायत सही पाए जाने पर मंगलवार को पुलिस निरीक्षक ताराचंद एवं उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्रवाई करते हुये नचिकेत पारेता पुत्र जगदीश निवासी बॉटम लेवल, कस्बा लाखेरी, जिला बूंदी हाल कनिष्ठ अभियंता जयपुर डिस्कॉम, लाखेरी, जिला बूंदी को परिवादी से 14 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एम. एन. के निर्देशन में आरोपी के निवास, अन्य ठिकानों की तलाशी एवं पूछताछ जारी है।

## हैड कान्स्टेबल 5 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**■ एसीबी श्रीगंगानगर की टीम ने दबोचा, मुकदमे में मदद करने के लिए मांगी थी रिश्वत**

**हनुमानगढ़, (निसं)।** एसीबी श्रीगंगानगर की टीम ने हनुमानगढ़ में पीलीबंगा पुलिस थाने के हैड कॉन्स्टेबल सुरेश कुमार शर्मा को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पुलिस थाने में दर्ज मामले में मदद करने के लिए परिवादी से 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इसमें से 5 हजार रुपए की रिश्वत हैड कॉन्स्टेबल ने पहले ही ले ली थी। यह कार्रवाई एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर श्रीगंगानगर प्रथम इकाई की ओर से की गई।

पकड़ा गया हैड कॉन्स्टेबल पिछले कुछ समय से शिकायतों के चलते एसीबी के निशाने पर था। एसीबी की श्रीगंगानगर प्रथम इकाई को परिवादी की ओर से शिकायत दी गई कि उसकी ओर से धोखाधड़ी से गाड़ी हड़पने के आरोप में दर्ज करवाए गए मुकदमे में मदद करने के एवज में आरोपी सुरेश कुमार शर्मा ने 10 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इस पर एसीबी बीकानेर के एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई के सुपरविजन में एसीबी की श्रीगंगानगर प्रथम इकाई के पुलिस उप अधीक्षक भूपेन्द्र सोनी के निर्देश में शिकायत का सत्यापन किया गया। सत्यापन में रिश्वत राशि की मांग करने की पुष्टि हुई। आरोपी हैड कॉन्स्टेबल की ओर से शिकायत के सत्यापन के दौरान ही परिवादी से 5 हजार रुपए की रिश्वत राशि के रूप में वसूल कर लिए गए।

मंगलवार को एसीबी टीम ने पीलीबंगा पुलिस थाना में ट्रेप कार्रवाई करते हुए हैड कांन्स्टेबल सुरेश कुमार पुत्र रामचंद्र शर्मा निवासी देवजी का थाना, तहसील हिंडोली, जिला बूंदी को परिवादी से 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जिसके बाद टीम ने एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एमएन के निर्देश पर आरोपी के निवास और अन्य ठिकानों की तलाशी ली। आरोपी हैड कांन्स्टेबल को बुधवार को एसीबी कोर्ट श्रीगंगानगर में पेश किया जाएगा।

## ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** सादुलपुर चूरू रेलखण्ड पर कस्बे के साँखू फाटक के आसपास एक व्यक्ति की ट्रेन के निचे आकर कटने से मृत्यू हो गई। थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा ने बताया कि राकेश कुमार पुत्र इन्द्रराम निवासी वार्ड 1 राजगढ (चूरू) ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि उसका भाई प्रीतम पुत्र इन्द्रराम 17 अक्टूबर 2022 को सुबह 11 बजे घर से चूरू जाने के लिए कहकर निकला था। मगर आज सुबह 6 बजे उन्हे सूचना मिली कि आपके भाई की ट्रेन से कटकर मृत्यू हो गई है।


**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांक:- न.पा.नि. /निर्माण/2022-23/9685 दिनांक:13.10.2022

**ई निविदा सूचना संख्या 18/2022-2023 के लिए नोट प्रकाशन करने बाबत**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट' प्रक्रिया हेतु ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा फार्म एवं ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण व शर्तें वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in व http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा का कार्य | : | NIB Code DLB2223A5659 (कुल 4 कार्य) |
| Unique Bid Number | : | DLB222318346, DLB222318347, DLB222318348, DLB222318349 |
| निविदा की कुल लागत | : | Rs 64.75 लाख (सभी कार्यों की अनुमानित लागत) |
| निविदा जारी करने की दिनांक | : | दिनांक 14.10.2022 |
| निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने को शुरुआती दिनांक व समय | : | दिनांक 14.10.2022 को 11:00 बजे से |
| ऑन लाइन निविदा जमा कराने की अंतिम दिनांक | : | दिनांक 19.10.2022 सायं 18:00 बजे |
| भौतिक रूप से कार्यालय में निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की दिनांक | : | दिनांक 20.10.2022 को अपराह्न 13:00 बजे तक नगर पालिका निवाई कार्यालय में |
| तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | : | दिनांक 20.10.2022 को अपराह्न 14:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : | Will be Intimated latter to the Technically Qualified bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | : | 90 Days |

अध्यक्ष राज.संवाद/सी/9195/2022-2023 अधिशाषी अधिकारी



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग, परियोजना वृत्त (शहर), जयपुर**

क्रमांक-SEPC/NIB/2022-23/1568-1574 दिनांक- 14.10.2022
Email: sepcjpr@gmail.com Phone No. 0141-2711894

**"निविदा आमंत्रण सूचना"**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु विक्रेताओं से मुहरबन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विववरण | अनुमानित राशि (रु) | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन जमा की अंतिम तिथि | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | कार्य पूर्णता अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02/22-23 | Water Supply Project for providing Bisalpur Water from Mahal Yojana Pumping Station to Bombay Hospital, Jagatpura, Jaipur | 129.67 लाख | 8.11.2022 शाम 6.00 बजे तक | 09.11.2022 शाम 03.00 बजे | 6 माह |

विस्तृत निविदा प्रपत्र http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।

(शुभाँशु दीक्षित)
अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग,
परियोजना वृत शहर, जयपुर

DIPR/C/13400/2022

## आरसीए के चुनाव पर 14 नवंबर तक रोक जारी

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने आरसीए चुनाव पर लगी अंतरिम रोक को 14 नवम्बर तक बढ़ा दिया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में आरसीए को जवाब के लिए समय दिया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश दौसा जिला क्रिकेट संघ व अन्य जिला संघों की याचिका पर दिए। वहीं मामले में हाईकोर्ट की ओर से पूर्व में मुख्य चुनाव अधिकारी रामलुभाया को जारी नोटिस की तामील नहीं हुई है।

सुनवाई में आरसीए की ओर से कहा गया कि उन्हें याचिका पर विस्तृत जवाब पेश करना है। इसलिए उन्हें समय दिया जाए। इस पर अदालत ने आरसीए को जवाब के लिए 14 नवंबर तक का समय दिया है। वहीं अदालत के सामने आया कि मुख्य चुनाव अधिकारी रामलुभाया को जारी नोटिस की तामील नहीं हुई है। इस पर अदालत ने मामले की सुनवाई टाल दी। गौरतलब है कि पूर्व आईएएस और प्रदेश के जिलों के पुनर्गठन के लिए बनी हाई पावर कमेटी के चेयरमैन रामलुभाया को आरसीए का मुख्य चुनाव अधिकारी बनाने को लेकर याचिकाओं में चुनौती दी गई है। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने 29 सितंबर को आदेश जारी कर तीस सितंबर को होने वाले चुनाव पर रोक लगा दी थी।

# जयपुर में दूषित 700 किलो बादाम और 300 किलो जीरा जब्त





- सीआईडी क्राइम ब्रांच और खाद्य सुरक्षा टीम ने करणी विहार क्षेत्र में श्याम बालाजी ट्रेडर्स पर छापा मारा
- 2500 किलो बादाम, 750 किलो जीरा, 2000 किलो लौंग व 1500 किलो सफेद मिर्च के सैंपल भी लिए

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजस्थान पुलिस की सीआईडी क्राइम ब्रांच और खाद्य सुरक्षा टीम ने जयपुर के करणी विहार थाना क्षेत्र में श्याम बालाजी ट्रेडर्स के यहां छापामार भारी मात्रा में खराब व मिलावटी सूखा मेवा और मसाले जप्त किये। टीम ने फर्म से अन्य मसालों और मेवों के सैंपल भी जुटाए है। मौके से खाद्य सुरक्षा टीम ने 700 किलो बादाम व 300 किलो अनुपयोगी जीरा जब्त किया। जबकि 2500 किलो बादाम, 750 किलो जीरा, 2000 किलो लौंग व 1500 किलो सफेद मिर्च के सैंपल लिए गए। इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा व महेंद्र, कांस्टेबल बंशी लाल एवं तकनीकी भूमिका में सोहन देव यादव की अहम भूमिका रही है।

एडीजी डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि दिवाली के त्यौहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध कार्रवाई के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम भी एक्टिव हो गई है। सीआईडी की टीम की मात्र 5 दिनों में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। मुखबिर से मिली सूचना पर क्राइम ब्रांच के डीएसपी पुष्पेंद्र सिंह राठौड के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा व महेंद्र एवं कांस्टेबल करणी सिंह व बंशी लाल की टीम को सोमवार की शाम करणी विहार क्षेत्र में भेजा गया।

एडीजी मेहरड़ा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह राणावत व आसिमदीन को बुला स्थानीय थाना पुलिस की सहायता से श्याम बालाजी ट्रेडर्स नाम की फर्म पर छापा मारा गया। जांच के दौरान मौके पर भारी मात्रा में अनुपयोगी व मिलावटी मसाले व सूखे मेवे पाये गये।

## आरएएस वृद्धिचंद गर्ग एपीओ

जयपुर, (का.सं.)। राज्य सरकार ने आज एक आदेश जारी कर टी.ए.डी., उदयपुर के अतिरिक्त आयुक्त डॉ.वृद्धिचंद गर्ग को पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा (एपीओ) में रखा है।

आदेशानुसार गर्ग इस दौरान अपनी उपस्थिति कार्मिक विभाग में देंगे।

## बिना टिकट यात्रा पर दोगुना जुर्माना

जयपुर (कासं)। जयपुर की लो फ्लोर बसों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियां पर जुर्माना दोगुना लगाया जाएगा। पहले बिना टिकट यात्रा करने या कम राशि का टिकट लेकर अधिक दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों से 100 की पेनल्टी वसूली जाती थी। जिसे अब बढ़ाकर 200 कर दिया गया है। यह निर्णय जेसीटीएसएल कंपनी संचालक मंडल की 64वीं बैठक में हुआ है। विशेषाधिकारी आरएएस राजकुमार कस्वां ने बताया कि यह आदेश 1 नवंबर से प्रभावी होंगे।

# प्रदेश में मंगलवार को 33 नए करोना संक्रमित मिले

- अलवर में 10, जयपुर में 7 व कोटा में 6 नए मरीज पाए गए हैं।
- राज्य में मंगलवार को नए संक्रमितों के मुकाबले में लगभग तीन गुना मरीज ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 310 रह गए हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में मंगलवार को 33 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच 98 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ एक्टिव केस घटकर 310 रह गए हैं। राहत की बात यह भी है कि राज्य में पिछले कई दिनों से करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 9 जिलों में 33 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को 21 रोगी पाए गए थे। इधर आज सबसे ज्यादा 10 मरीज अलवर में मिले हैं। इसके अलावा जयपुर में 7, कोटा में 6, जोधपुर और पाली में 3-3 तथा नागौर, राजसमंद, सीकर और उदयपुर में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 8747 जांचें हुई है।

प्रदेश में पिछले कई दिनों से रिकवरी में आ रही कमी के बाद मंगलवार को एक ही दिन में नए संक्रमितों के मुकाबले तीन गुना मरीज ठीक हुए हैं। इस दौरान 98 संक्रमितों के रिकवर होने से एक्टिव केस घटकर 310 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में 13 मरीजों के ठीक होने से 56 एक्टिव केस रह गए हैं। प्रदेश में मंगलवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9644 लोगों की मौत हो चुकी है।

राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 6 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें खातीपुरा में 2 तथा बजाज नगर, बापू नगर, गांधी नगर, जमवारामगढ़, खातीपुरा और राजापार्क में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

# कांग्रेसियों के लिए गांधी परिवार भगवान से भी बड़ा : शेखावत

- भगवान राम से राहुल की तुलना निंदनीय, माफी मांगे कांग्रेस : देवनानी

जयपुर। राजस्थान के चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा के कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भगवान श्रीराम से तुलना करने पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने तीखा तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों के लिए गांधी परिवार भगवान से भी बड़ा है। कांग्रेसी नेता अब जल्द ही गांधी परिवार की तुलना परमात्मा से भी करने लगेंगे।

मंगलवार को ट्वीट कर शेखावत ने कहा कि कांग्रेस ने भगवान श्रीराम को काल्पनिक करार दिया था। आज उसकी सरकार का मंत्री राहुल गांधी की यात्रा को प्रभु राम की अयोध्या से लंका की महायात्रा से भी महान बताने लगा है।

गौरतलब है कि चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने सोमवार को भारत जोड़ो यात्रा की तुलना भगवान श्रीराम से कर दी थी। लालसोट में उन्होंने कहा था कि श्रीराम ने लंका तक पैदल यात्रा की थी, पर राहुल गांधी इससे ज्यादा कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3500 हजार किलोमीटर लंबी पदयात्रा पर निकले हैं।

वहीं विधायक वासुदेव देवनानी ने परसादीलाल मीणा द्वारा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तुलना भगवान श्रीराम की पैदल यात्रा से करने पर पुरजोर विरोध दर्ज कराया है। देवनानी ने कहा कि कांग्रेस दल से विधायक का टिकट लेने एवं गहलोत सरकार में मंत्री पद पर बने रहने हेतु कांग्रेसी मंत्री इस हद तक अपने आकाओं की चापलूसी कर सकते हैं, इसकी कल्पना तक नहीं थी। मंत्री मीणा ने निश्चित ही हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंचाया है इसकी जितनी आलोचना की जाए उतनी ही कम है।


देवनानी ने कहा कि मंत्री मीणा ने भगवान श्रीराम और उनके करोडों रामभक्तों का अपमान किया है। यह चापलूसी की हद ही है कि केवल अपना टिकट और अपना मंत्री पद बचाए रखने में इस प्रकार की हल्की स्तर की राजनीति पर उतरना पड़ा।

## विधेयकों को राज्यपाल ने अनुमति दी

जयपुर, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को पन्द्रहवीं राजस्थान विधानसभा में पारित विभिन्न विधेयकों को अपनी अनुमति प्रदान की है।

राज्यपाल मिश्र ने विधानसभा के सप्तम सत्र में 21 सितम्बर को पुन: पारित राजस्थान अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक 2020 को अनुमति प्रदान की है। इसी तरह 20 सितम्बर को राज्य विधानसभा में पारित राजस्थान विधानसभा (अधिकारियों तथा सदस्यों की परिलब्धियां और पेंशन) (संशोधन) विधेयक 2022 तथा इसी दिन पारित एक और विधेयक राजस्थान सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक 2022 को भी अनुमति प्रदान की है।

# 'हर विधानसभा क्षेत्र के सेन समाज दस अभ्यर्थियों को सेलून बूथ उपलब्ध देंगे'



केश कला बोर्ड, जयपुर के अध्यक्ष ( राज्यमंत्री ) महेन्द्र गहलोत की अध्यक्षता में आज मंगलवार को केश कला बोर्ड की प्रथम बैठक आयोजित की गई।

जयपुर, (का.सं.)। केश कला बोर्ड, जयपुर के अध्यक्ष (राज्यमंत्री) महेन्द्र गहलोत की अध्यक्षता में आज मंगलवार को केश कला बोर्ड की प्रथम बैठक आयोजित की गई।

गहलोत ने बताया कि बैठक में सेन समाज के बालक-बालिकाओं को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रत्येक जिला मुख्यालय पर आवासीय छात्रावास हेतु नि:शुल्क/5 प्रतिशत आरक्षित दर पर 5000 वर्ग मीटर भूमि आवंटन कराने, सैन समाज के लोग जो थड़ी एवं सड़क के किनारे पीपल, नीम, सफेदा के नीचे बैठकर केशकला कारीगर कार्य कर रहे हैं। उन्हें स्थायित्व प्रदान करने एवं कार्य कुशलता में वृद्धि हेतु प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 10 व्यक्तियों के हिसाब से कुल 2000 व्यक्तियों को सेलून/अलमारी बूथ उपलब्ध करवाने हेतु कार्य योजना तैयार की गई। प्रति सेलून/अलमारी बूथ की लागत लगभग 50 हजार रूपयें है।

उन्होंने बताया कि सेन समाज के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए उनकी आर्थिक समृद्धि तथा रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कुल 200 विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रति विधानसभा 50 अभ्यर्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस प्रकार कुल 10000 व्यक्तियों को बिना ब्याज प्रतिव्यक्ति एक लाख से पांच लाख रूपये का ऋण प्रदान कराने, शहरी निकायों/ग्रामीण संस्थानों में कियोस्क आवंटित कराने का प्रस्ताव लिया गया।

बैठक में सदस्य आनन्द प्रकाश पंवार, अशोक सैन, माणक सैन, सुनिल आमेरिया तथा विभागीय अधिकारीगणों द्वारा भाग लिया गया।

## अस्पतालों में लगेंगे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

जयपुर, (का.सं.)। राज्य सरकार प्रदेश में पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अस्पतालों के लिक्विड़ एवं सॉलिड़ वेस्ट के निस्तारण के लिए बनने वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हेतु 20 करोड़ रूपए के बजट को मंजूरी दी है।

## अब होगी प्रत्येक राजकीय भवन की जिओ टैगिंग

जयपुर, (का.सं)। राज्य सरकार प्रदेश में बेहतर सेवा प्रदायगी के लिए निरंतर कार्यरत है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के विभिन्न विभागों व उपक्रमों की परिसंपत्तियों, योजनाओं एवं कार्यों की भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) के माध्यम से जिओ टैगिंग कर उन्हें मैप से जोड़ने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस हेतु प्रारंभ में 153.80 करोड़ रूपए की वित्तीय स्वीकृति दी गई है। जीआईएस एक ऐसी प्रणाली है जिसे पृथ्वी की सतह पर भौगोलिक स्थितियों के संबंध में डाटा एकत्रित करने, संग्रहित करने, संशोधन करने तथा विश्लेषण करने के लिए बनाया गया है।

## सेंट्रल पार्क में 'वर्ल्ड स्पाइन डे'

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर के सेंट्रल पार्क में गुरुकुल योग संस्थान और मणिपाल हॉस्पिटल के तत्वाधान में ''वर्ल्ड स्पाइन डे'' मनाया गया। योग गुरु महेंद्र सिंह राव और प्रेरणा शर्मा ने सबसे पहले सभी डॉक्टर्स और साधकों को योग करवाया।

कार्यक्रम में डॉक्टर श्रवण चौधरी ने स्पाइन की संरचना और उसकी देखभाल के तरीके बताए। डॉ. अमित निठारवाल ने स्पाइन की सर्जरी से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय बताएं। उन्होंने जेडीए द्वारा चलाए जा रहे योग के कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। दोनों ही डॉक्टरों ने साधकों द्वारा पूछे गए स्पाइन रोग से संबंधित सवालों का जवाब दिया।

डॉक्टर साक्षी ने स्पाइन रोग से बचने के लिए योग को नियमित करने की सलाह दी। गुरुकुल योग संस्थान के मुख्य संरक्षक राजू मंगोड़ी वाला ने सब को शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में अनुराग मोहन,चेतन खांडल, ललित रागनी, एमपी माथुर ,मधु कुमावत अनीता रुंगटा, सुधाकर ग्रोवर, आदि सदस्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में गुरुकुल योग संस्थान के अध्यक्ष रामशरण गुप्ता ने सभी का आभार और धन्यवाद प्रकट किया।

# विधानसभा अध्यक्ष के नोटिस मामले में जल्द सुनवाई का प्रार्थना पत्र मंजूर

जयपुर। हाईकोर्ट ने विधानसभा स्पीकर की ओर से पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट सहित उनके गुट के 19 विधायकों को दिए अयोग्यता नोटिस मामले में जल्द सुनवाई का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लिया है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और वीके भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश मोहन लाल नामा के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।

प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता विमल चौधरी और अधिवक्ता योगेश टेलर ने बताया कि राजनीतिक अस्थिरता की वजह से प्रदेश का काम बाधित हो रहा है। सरकार का पूरा ध्यान इसी ओर रहता है। कोर्ट को विधानसभा अध्यक्ष की नोटिस के संबंध में वैधानिकता तय करनी है। जिस पर जल्द सुनवाई होनी चाहिए। जिसका याचिकाकर्ता विधायक पीआर मीना के अधिवक्ता ने विरोध करते हुए कहा की सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी लंबित है, इसलिए हाईकोर्ट को फिलहाल मामले पर सुनवाई नहीं करनी चाहिए। इस पर हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के सुनवाई पर रोक नहीं होने का हवाला देते हुए नामा का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर मामले की सुनवाई नवंबर के तीसरे सप्ताह में रखी है। गौरतलब है कि राजस्थान हाईकोर्ट ने 24 जुलाई, 2020 को आदेश जारी कर विधानसभा स्पीकर की ओर से पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित 19 विधायकों को 14 जुलाई, 2020 को दिए अयोग्यता नोटिस की क्रियान्विति पर यथा-स्थिति के आदेश दिए थे। इसके साथ ही अदालत ने मामले में विभिन्न संवैधानिक बिंदुओं पर सुनवाई के लिए याचिका को लंबित रखा था।

# राजस्थान में गैंगस्टर्स को तलाश रही एनआईए टीम

जयपुर (कासं)। राजस्थान, पंजाब और दिल्ली के टॉप-10 गैंगस्टर्स और उनके गुर्गों को एन.आई.ए. की टीम तलाशने में जुटी है। इसे लेकर तीनों राज्यों में छापेमारी की जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्याकांड में शामिल रहे गैंगस्टर व अन्य बदमाशों को एनआईए ने टारगेट किया है। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के तार राजस्थान से भी जुड़े हुए थे और हत्याकांड में शार्प शूटर व गाड़ी राजस्थान के गैंगस्टर द्वारा ही उपलब्ध करवाई गई थी। इसके साथ ही राज्य में सक्रिय अन्य गैंगस्टर्स के ठिकानों पर भी कार्रवाई की जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को बीकानेर में लॉरेंस गैंग व बबीहा गैंग के गुर्गों की तलाश में एनआईए की टीम ने बीकानेर रेंज में छापेमारी की। बदमाशों के परिजनों और सहयोगियों से पूछताछ के बाद रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि एनआईए की टीम ने चूरू जिले में गैंग के शूटर संपत नेहरा के पैतृक निवास पर और नेहरा के संपर्क में रहे लोगों के घरों पर दबिश देकर जानकारी जुटाई। पूछताछ में सामने आया है कि संपत नेहरा पिछले 6 वर्षो से अपने घर नहीं आ रहा है, वर्तमान में पंजाब की जेल में बंद है। इसके अलावा लॉरेंस गैंग के 20 बदमाश व नेहरा गैंग के 10 लोगों पर पूर्व में कार्रवाई कर जेल भिजवाया गया था, एनआईए टीम पूरी जानकरी हासिल कर वापिस रवाना हुई।

बताया जा रहा है कि राजस्थान के झुंझुनूं, सीकर, चूरू, गंगानगर, हनुमानगढ़ और अलवर सहित अनेक कई जिलों में एनआईए की टीम छापे मारने में जुटी है। सूत्रों की माने तो एनआईए की टीम गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके साथ जुड़ी हुई अन्य गैंग के बदमाशों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इसके साथ ही राजस्थान में फरारी काट रहे हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों के बदमाशों व उनकी गैंग पर भी कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि कार्रवाई के दौरान स्थानीय पुलिस को भी एनआईए टीम ने अपने साथ लिया है। हालांकि राजस्थान पुलिस के किसी भी अधिकारी द्वारा अभी इस बारे में कोई भी आधिकारिक बयान नहीं दिया जा रहा है।

# सरगना समेत तीन शातिर वाहन चोर जयपुर पुलिस के हत्थे चढ़े

## आरोपियों ने नशे का शौक पूरा करने के लिए शहर में एक दर्जन से ज्यादा वारदातों को अंजाम दिया



झोटवाड़ा पुलिस ने चोरी की सात बाइक बरामद कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

जयपुर, (कासं)। राजधानी जयपुर की झोटवाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए सरगना सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 7 बाइक बरामद की है। पूछताछ में एक दर्जन वारदातों का खुलासा हुआ है।

डीसीपी वेस्ट वंदिता राणा ने बताया कि 10 अक्टूबर को फिरोज खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बाइक 7 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे इलाके में मोनिका हॉस्पीटल के बाहर से चोरी हो गई। इस कार्रवाई करते हुए वाहन चोरों को पकड़ने के लिए एडिशन डीसीपी रामसिंह शेखावत के निर्देशन में व एसीपी प्रमोद स्वामी और थानाधिकारी घनश्याम सिंह राठौड़ के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर कई बदमाशों से पूछताछ की। इस बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी सोहेल उर्फ शूटर निवासी सिका मौहल्ला मुकन्दगढ़ झुंझुनूं हाल किराएदार शिवाजी नगर झोटवाड़ा, नदीम खान निवासी श्रीरामपुरी निवारू रोड जयपुर तथा अनुज कुमार खांडल निवासी मानसरोवर कॉलोनी कालवाड़ रोड जयपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान चोरी की वारदात कबूल करने पर तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सोहेल पूर्व में जयपुर शहर में आधा दर्जन मामलों में चालानशुदा है। तीनों आरोपी नशा करने के आधी है। यह लोग नशे का शौक पूरा करने के लिए मोटरसाइकिल चोरी कर उनके पार्ट बेच देते थे। पूछताछ में सामने आया कि आरापियों ने जयपुर शहर के झोटवाड़ा, करधनी, करणी विहार व अन्य स्थानों पर बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है।

# रोडवेज कर्मचारियों ने प्रदेशभर में किया एक घंटे कार्य बहिष्कार

- विरोध-प्रदर्शन के दौरान 52 डिपो से नहीं हुआ बसों का संचालन
- अगस्त-सितंबर माह के बकाया वेतन और पेंशन देने की मांग




जयपुर में सिंधी कैंप बस स्टैण्ड के निकास द्वार पर सैकड़ों सेवारत-सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने रोडवेज प्रशासन के विरोध में नारे लगाए।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे के आव्हान पर मंगलवार को प्रदेशभर में रोडवेज के 52 आगारों और तीन केन्द्रीय कार्यशालाओं के कर्मचारियों ने दोपहर 1 से 2 बजे तक कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान सभी 52 डिपो से रवाना होने वाली बसों के पहिए थमे रहे। कर्मचारियों ने बीते दो माह के बकाया वेतन-पेंशन और पिछले 8 माह में सेवानिवृत हुए कार्मिकों के परिलाभ देने की मांग उठाई। एटक यूनियन के प्रदेश संयोजक एम. एल. यादव ने बताया कि जयपुर में सिंधी कैंप बस स्टैण्ड के निकास द्वार पर सैकड़ों सेवारत-सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने रोडवेज प्रशासन के विरोध में नारे लगाए। इस बीच सिंधी कैंप से रवाना होने वाली 100 से ज्यादा बसों का संचालन नहीं हो सका। यादव ने बताया कि रोडवेज कर्मचारियों का अगस्त व सितंबर का वेतन बकाया है, पेंशन भी नहीं दी जा रही। दीपावली के त्यौहार पर लोग अपने परिवार को क्या जवाब देंगे।

## '124 नए पशु चिकित्सा उपकेन्द्र खोले'

जयपुर, (का.सं.)। राज्य सरकार ने मंगलवार को आदेश जारी कर पशु चिकित्साविहीन ग्राम पंचायतों में 124 नए पशु चिकित्सा उपकेंद्र खोले हैं।

पशुपालन मंत्री लालचन्द कटारिया ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के लिए सतत प्रयासरत है।

## महिला मंडल का सम्मान किया

**चूरू, (कासं)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा चूरू द्वारा 108 कुंड श्री गायत्री महायज्ञ के सफ़लतापूर्वक संपन्न होने के पश्चात कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के क्रम में आज गायत्री परिवार की महिला मंडल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम राम सिंह राठौड़ वरिष्ठ प्रतिनिधि शांतिकुंज हरिद्वार के सानिध्य में हुआ। व्यवस्थापक उम्मेद सिंह राठौड़ ने सबका स्वागत सत्कार किया। राम सिंह राठौड़ ने कहा वे माताएं बहिनें धन्य हो गई जिन्होंने कलश धारण किया व महायज्ञ में आहुतियां दी। पृथ्वीराज सैनी ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया। महिला मंडल की तरफ से सावित्री कंवर ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब आने वाले समय में मिशन की गतिविधियों को आगे बढ़ायेंगे तभी यज्ञ की सार्थकता होगी। महिला मंडल की गायत्री शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति किसी भी तरह से नर से पीछे नहीं रहने वाली है। इस अवसर पर सम्मानित होने वाली महिलाओं में कमलेश कंवर, जगदीश कंवर, किशन कंवर, प्रेम कंवर, पुष्पा, रमा देवी, प्रकाश कंवर, अनीता जोशी, संतोष शर्मा, कैलाश कंवर, संतोष कंवर, गिरिजा हेम कार, सुमित्रा शर्मा, रशिया कंवर, मोनिका शेखावत, गायत्री श्रीवास्तव व पुष्पा सोनी आदि थीं।

# पार्षद बाबूलाल कुलदीप ने भूख हड़ताल कर रहे पार्षद पिता को समर्थन दिया

## पार्षद बाबूलाल ने कहा कि नगरपरिषद में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है



पार्षद पिता के साथ भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व उपसभापति व पार्षद बाबूलाल कुलदीप व अन्य।

- सभापति पर पार्षदों की अनदेखी करने का लगाया आरोप, कहा विधायक की है सिस्टम पर कमजोर पकड़
- मांगे नहीं मानने तक आंदोलन जारी रहेगा

**सुजानगढ़, (निसं)।** नगरपरिषद के समक्ष भूख हडताल कर रहे पार्षद पिता दीन मोहम्मद खीची को पूर्व उपसभापति एवं पार्षद बाबूलाल कुलदीप ने अपना समर्थन दिया है।

वार्ड नं. 10 में विकास कार्य एवं समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर पार्षद अब्दुल कासिम के पिता द्वारा दो दिनों से भूख हडताल की जा रही है। पार्षद पिता ने बताया कि वार्ड में सडकें-नालियां बनवाने, गंदे पानी की निकासी के लिए कच्चे नाले की रोज सफाई करवाने, क्षतिग्रस्त नाले की मरम्मत करवाने, बिजली के तारों को ठीक करवाने, विद्युत पोलों पर लाइट लगवाने आदि मांगो एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए वे भूख हडताल कर रहे हैं तथा मांगे नहीं माने जाने तक उनका आन्दोलन जारी रहेगा।

इस अवसर पर पूर्व उपसभापति व पार्षद बाबूलाल कुलदीप ने कहा कि नगरपरिषद में भ्रष्टाचार अपने चरम है तथा यहां कोई काम नहीं हो रहा है। सभापति पर पार्षदों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कुलदीप ने इसे विधायक मनोज मेघवाल की कमजोरी बताया। उन्होने कहा कि विधायक का सिस्टम पर कोई नियंत्रण नहीं है, जिसका आगामी विधानसभा चुनाव में खामियाजा भुगतना पडेगा।

## कार पलटने से एक की मौत, दो घायल

**सुजानगढ़, (निसं)।** गोपालपुरा रोड पर स्विफ्ट गाडी पलटने से एक युवक की मौत हो गई तथा दो जने घायल हो गए। हनुमानाराम तरड निवासी कांधलसर, बीदासर ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि रात करीब 1.30 बजे मेरा भतीजा प्रेमचंद व उसके दो दोस्त अंकित नाई निवासी लाडनूं तथा नन्दू जाट निवासी सुजानगढ कार में सवार हो कर गोपालपुरा की ओर जा रहे थे। कार को नन्दू चला रहा था, जिसने कार को गफलत एवं लापरवाही से चलाई, जिससे कार तीन-चार पलटी खा कर कार रूक गई। हादसे में प्रेमचंद की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के समय डूंगर बालाजी जा रहे जिनरासर के पैदल यात्री संघ बबलू सिंह राजपूत व सोनू राजपूत ने घायलों को गाडी से बाहर निकाला। सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्यामसुंदर स्वर्णकार व एम्बुलेंस चालक नोरतन बिजारणियां मौके पर पहुंचे तथा शव को बगडिया उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। सडक से गुजर रहे लाडनूं निवासी गाडी चालक की सहायता से सुनील स्वामी, पंकज स्वामी ने घायलों को सरकारी अस्पताल सुजानगढ पहुंचाया। एएसआई तेजाराम ने मौके पर पंहूच कर घटनास्थल का जायजा लिया।

## दीपावली पर आकर्षक रोशनी से जगमगाया नवलगढ़



नवलगढ़ नगर पालिका में पालिका कार्यालय से लेकर घुमचक्कर सर्किल तक तिरंगा लाइट लगाई गई हैं।

- विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा के मार्गदर्शन में ऐतिहासिक कार्य हुआ

**नवलगढ़, (निसं)।** नगर पालिका अध्यक्ष शोयब खत्री ने अनूठी पहल करते हुए विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा के मार्गदर्शन में ऐतिहासिक कार्य करते हुए पहली बार दीपावली के पावन पर्व पर नगर पालिका कार्यालय से लेकर घुमचक्कर सर्किल तक तिरंगा लाइट लगाई गई हैं।

रात्रि को मनमोहक दृश्य देखकर हर कोई गदगद हो जाता हैं। जिसका शुभारंभ सोमवार रात्रि विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा के भाई सुरेश शर्मा, एसडीएम सुमन सोनल, पालिकाध्यक्ष शोयब खत्री, उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया ने स्वीच ऑन कर शुरू किया गया।

इस दौरान पार्षद लोकेश जांगिड़, महेंद्र सैनी, आरिफ चौहान, छीतरमल सैनी, घुमचक्कर व्यापार मंडल अध्यक्ष कैलाश जांगिड़ सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# भामाशाह मनोज घुमरिया वीरांगना सहित पूरे परिवार का सम्मान करेंगे




शहीद नायक धर्मपाल सैनी

- शहीद धर्मपाल सैनी का दसवां शहादत दिवस आज
- घुमरिया ने कहा, सरहद पर सैनिक जान की परवाह किए बिना हर समय तैनात रहते हैं तो हम घर में रहते हैं सुरक्षित

**खेतड़ी, (निसं)।** कांगो शांति सेना में शहीद हुए गोठडा के शहीद नायक धर्मपाल सैनी का बुधवार को दसवां शहादत दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह मनोज घुमरिया होंगे। इस दौरान वीरांगना संतरा देवी सहित पूरे परिवार का भामाशाह मनोज घुमरिया की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।


सीआरपीएफ के रिटायर्ड हवलदार शहीद के बड़े भाई राधेश्याम सैनी ने बताया कि उनके भाई धर्मपाल सैनी का जन्म 5 मई 1979 को गोठडा पंचायत की ढाणी जैसा वाली में हुआ था। वह शुरू से ही काफी होनहार व मेधावी छात्र था। स्कूली शिक्षा के बाद 6 जून 2000 को भारतीय सेना की फर्स्ट गार्ड में भर्ती हुआ था। शहीद नायक धर्मपाल सैनी ने सेना में रहते हुए कई ऑपरेशन में भाग लिया। जहां अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया। जिस पर भारतीय सेना की ओर से साउथ अफ्रीका के कांगो में भेजी गई शांति सेना में उन्हें शामिल किया गया। जब वह शांति सेना में कांगो में तैनात थे। तो 15 अक्टूबर 2012 को देश के लिए वीरगति को प्राप्त हो गए थे। शहीद के परिवार में मां कमला देवी वीरांगना संतरा देवी, बड़ी बेटी किरण व छोटी बेटी नीतू है। बड़ी बेटी किरण एमएससी कर रही है जबकि छोटी बेटी नीतू एसएमएस अस्पताल जयपुर में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। इनके पिता ताराचंद का काफी समय पूर्व देहांत हो चुका है। शहीद धर्मपाल सैनी की प्रतिमा सिंघाना जयपुर स्टेट हाइवे पर लगी हुई है। जिसका 13 अप्रेल 2013 को प्रदेश के मुखिया अशोक गहलोत ने अनावरण किया था। शहीद धर्मपाल के शहादत दिवस पर पूरा परिवार एकत्रित हुआ है।

भामाशाह, पर्यावरण प्रेमी मनोज घुमरिया के द्वारा पूरा परिवार का सम्मान किया जाएगा व शहीद का शहादत दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति व परिजन सहित प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करेंगे। भामाशाह मनोज घुमरिया ने बताया कि देश के नाम प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद कभी मरते नहीं है। उनकी शहादत के किस्से झुंझुनूं के चप्पे-चप्पे पर अमर गाथा कहते हैं। देश की सीमा पर हम सब की रक्षा करते हैं। सरहद पर हमारे जवान जान की परवाह किए बिना हर समय तैनात रहते हैं तो हम घर में सुरक्षित रहते हैं।

## रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**झुंझुनूं, (निसं)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को मंडावा पंचायत समिति की वाहिदपुरा ग्राम पंचायत में जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। जिला कलेक्टर कुड़ी ने चौपाल में आमजन की समस्याओं के ज्ञापन लिए और मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर कुडी ने बताया कि चिरंजीवी योजना में 10 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। ऐसे में इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठाएं। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा खेल मैदान की समस्या रखने पर भी तहसीलदार और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं जिला परिषद सीईओ जवाहर चौधरी ने स्वच्छता अभियान में ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की। चौपाल में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रामेश्वर सिंह ने भी लंपी रोग के बचाव, रोकथाम और उपाय की विस्तार से जानकारी दी। चौपाल का संचालन एडीएम जेपी गौड़ ने किया। चौपाल में जिला परिषद के एसीईओ रामनिवास चौधरी, डीएसओ कपिल झाझड़िया, एवीवीएनएल एक्सईएन मुमताज अली, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी निखिल कुमार समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ठगी के मामले में एसीबीईओ सूरजगढ़ कुल्हार गिरफ्तार



अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सज्जन सिंह कुल्हार को पुलिस ने गिरफ्तार किया

- जमीन के सौदे में धोखाधड़ी का मामला

**सूरजगढ़, (निसं)।** जमीन के सौदे में धोखाधडी के मामले में सूरजगढ़ में कार्यरत एसीबीईओ, यानि कि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सज्जन सिंह कुल्हार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जी, हां इस मामले में सेही कलां निवासी विनोद सांगवान ने मामला दर्ज कराया था कि सज्जन सिंह कुल्हार ने अप्रेल माह में एसीबीईओ सूरजगढ़ सज्जन सिंह कुल्हार को 60 लाख रूपए में जमीन बेची थी। इसमें से आधे पैसे सज्जन सिंह ने कैश दे दिए थे। वहीं शेष 30 लाख रूपए के लिए 10-10 लाख रूपए के तीन चैक दिए थे। जिनको 31 जुलाई 2022 तक देना था। 30 लाख कैश होते ही विनोद सांगवान ने अपनी जमीन की रजिस्ट्री सज्जन सिंह कुल्हार के नाम करवा दी। सज्जन सिंह ने शेष 30 लाख रूपए में से नौ जुलाई को 10 लाख रूपए कैश लाकर विनोद सांगवान को दिए और एक 10 लाख रूपए का चैक विनोद सांगवान से ले गया। शेष 20 लाख रूपए के लिए 15 जुलाई की तारीख दी। लेकिन आरोपी सज्जन सिंह कुल्हार ने 31 जुलाई तक बाकि के पैसे नहीं दिए। जिस पर विनोद सांगवान ने 1 अगस्त 2022 को 10-10 लाख रूपए के दो चैक बैंक में क्लियरेंस के लिए लगा दिए। जिस पर बैंक ने बताया कि आरोपी सज्जन सिंह द्वारा इन दोनों चैकों का भुगतान रूकवा दिया गया है। जिसके बाद विनोद सांगवान ने लगातार सज्जन सिंह से शेष पैसों की उगाही की। तो सज्जन सिंह ने शेष पैसे देने से मना कर दिया।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद मंगलवार को एसीबीईओ सज्जन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार कर सज्जन सिंह को जब हवालात में बंद कर रही थी तो पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सज्जन सिंह बार-बार पुलिसकर्मियों को झटका देकर खुद को छुड़वाता हुआ दिखाई दिया और हवालात में जाने से मना करने लगा। लेकिन पुलिसकर्मियों ने समझाइश कर एसीबीईओ को हवालात में बंद किया। जिसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## बैंक मैनेजर को लूटने का प्रयास

**पिलानी, (निसं)।** गणेश कॉलोनी स्थित राजस्थान बड़ौदा ग्रामीण बैंक पिलानी शाखा के प्रबंधक भंवरलाल शर्मा को मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैंक परिसर में घुसकर चाकू की नोंक पर लूटने का प्रयास किया। बैंक शाखा प्रबंधक भंवरलाल शर्मा ने आपबीती बताई कि मंगलवार सुबह 9:10 बजे के लगभग वे जब बैंक परिसर के मैन हॉल में घुसे। वैसे ही उनके पीछे पीछे एक अज्ञात व्यक्ति बैंक परिसर के हॉल में घुसकर उनके ऊपर चाकू तान लिया तथा उससे दो लाख रुपयों की मांग की। अचानक उसी वक्त बैंक की महिला सफाई कर्मचारी बैंक शाखा परिसर में पहुंच गई। उसने मैनेजर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा काकू ताने देखा तो चिल्लाने की कोशिश की। तभी मैनेजर ने महिला सफाई कर्मचारी को चिल्लाते हुए कहा कि इसके हाथ में चाकू है। अज्ञात व्यक्ति हमारे चिल्लाने पर भाग छूटा। उसके पीछे वे भी दौड़ा तो तेजी से दौड़ कर वह गलियों में घुस गया। मैंने उसी वक्त पिलानी पुलिस को सूचित किया। पिलानी पुलिस ने बैंक शाखा पहुंचकर मौका मुआयना किया तथा पास पड़ौस के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा। पुलिस द्वारा मौका मुआयना कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। बैंक प्रबंधक भंवरलाल शर्मा ने बताया कि बैंक द्वारा हम लिखित शिकायत पुलिस को भिजवा रहे हैं।

## ट्रेडर्स एसोसिएशन की बैठक हुई

**रतनगढ़, (निसं)।** माहेश्वरी भवन के प्रांगण में रतनगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन के संरक्षक नरेंद्र झवर की अध्यक्षता में कार्यकारिणी बैठक हुई। बैठक में दीपावली पर्व के पश्चात इस माह के अंतिम रविवार 30 अक्टूबर को जनहित में एसोसिएशन द्वारा रक्तदान शिविर लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया । शिविर प्रभारी एसोसिएशन के संरक्षक प्रतापसिंह बोथरा ने बताया कि आयोजित होने वाला रक्तदान शिविर रतनगढ़ जैन परिषद के तत्वावधान में एबीसीआई इन्फ्राट्रक्चर्स प्रा. लि. दिल्ली के सौजन्य से लगेगा । बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष महर्षि, गजेंद्र शर्मा ,राजकुमार मारोठिया, प्रहलाद जसैल, प्रभात बील, असलम कुरेशी, सुनील कम्मा, सीताराम दायमा, नवरत्न बबेरवाल, अनिल ताम्रायत, लिखमीचंद जांगिड ,राहुल सहित कार्यकारिणी के सदस्य भी उपस्थित थे । सभी ने जैन परिषद का रक्तदान शिविर के लिए आभार प्रकट किया।

# 14 वर्षीय कबड्डी में चूरू प्रथम रहा



कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बालिका सम्भाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ।

**चूरू, (कासं)।** कस्तुरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्‌यालय में चल रही 14 व 19 वर्षीय बालिका सम्भाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसीबीईओ खालीद अली ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम अधिकारी अर्जुन सिंह राठौड़, शारीरिक शिक्षक सुरेन्द्र कुमार, ओम सिंह, प्राचार्य विमला बुडानियां थीं।

कार्यक्रम अधिकारी अर्जुन सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में सीकर, झुंझुनू व चूरू जिले की टीमों ने भाग लिया, इसमें 14 वर्षीय कबड्डी में चूरू प्रथम रहा, खो-खो में चूरू प्रथम वालीबॉल में चूरू प्रथम स्थान पर रहा। 13 वर्षीय कबड्डी, खो-खो व वालीबॉल में सीकर प्रथम रहा। इस अवसर पर विजेता टीम को प्रतिक चिन्ह् देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी अर्जुन सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुये कहा कि जो खिलाड़ी राज्य स्तर पर खेलेगा उन खिलाड़ियों को और अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शारीरिक शिक्षकों व स्टॉफ सदस्यों ने सहयोगी भूमिका निभाई। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक राजकला, सन्तोष कस्वां, सुलोचना, राज कँवर, शबनम, सुनीता, सुकेश, तनुजा, अनिता, विनोद आदि उपस्थित थे।

## इश्तियाक कुरैशी अध्यक्ष बने



इश्तियाक कुरैशी

**झुंझुनूं, (निसं)।** प्रदेश सेवादल के अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के आदेशानुसार जिलाध्यक्ष हारून रशीद लालपुर ने इश्तियाक कुरैशी को झुंझुनूं सेवादल कांठोस का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया। कुरैशी की नियुक्ति पर प्रदेश सेवादल के सचिव एमडी चोपदार, इमरान राइन मंड्रेलिया, बाबू भाई अली हसन, मुजमिल खान, इदरीश रहमानी, इरशाद फारुकी, सलीम गहलोत, फारूक खान सोती, अजय बाडलवास, सरफराज खान, अकरम कुरैशी, साकिर कुरैशी, सफीक कुरैशी, युनूस रहमानी, टीनू सुल्तान खान, साजिद दीवान आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी और ख़ुशी जाहिर की।

# किसान आंदोलनों के समय लगे सभी मुकदमे वापस लेने की मांग



अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी के पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

**चूरू, (कासं)।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी के पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि राजस्थान में किसानों पर किसान आंदोलनों के समय लगे सभी मुकदमें वापस लिये जाएं। एमएसपी पर बाजरा, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन आदि की खरीद तुरंत शुरू की जाये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सही क्रॉप कटिंग करवाई जाये। क्रॉप कटिंग के बाद बरसात से फसलों को हुए नुकसान के लिए दुबारा रिपोर्ट करवाकर मुआवजा और कृषि बीमा क्लेम दिया जाये। राज्य के किसानों को डीएपी बीज और यूरिया की आपूर्ति बिना बाधा के तुरंत की जाये। बिजली की डिमांड जमा कृषि पर तुरंत बिजली कनेक्शन दिए जाये। सहकारी समितियों में किसानों से जीवन बीमा के नाम से जो रुपए लिए जा रहे हैं, उन्हें बंद किया जाये। सौर ऊर्जा सिस्टम में किसानों को सामान उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है ,सामान तुरंत उपलब्ध करवाए जाये आदि मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय तहसील कमेटी के जिलाध्यक्ष इंद्राज सिंह, अध्यक्ष रणसिंह भांम्बू, मंत्री घनश्याम पांडिया सहित किसान सभा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय भामाशाहों और प्रेरकों का सम्मान




झुंझुनू एकेडमी विजडम सिटी के मोदी सभागार में जिला स्तरीय सम्मान समारोह में भामाशाहों और प्रेरकों को सम्मानित किया गया।

- जिला कलेक्टर ने कहा, आगे भी सहयोग देते रहे, दिलाते रहे
- गत 3 वर्षों के 161 भामाशाह शिक्षाश्री की उपाधि से एवं 44 प्रेरक शाला प्रेरक के सम्मान से सम्मानित किए गये

**झुंझुनूं, (निसं)।** राज्य सरकार के क्रांतिकारी नवाचार की पहल के रूप में शिक्षा विभाग में राजकीय विद्यालयों में भौतिक संसाधनों की अभिवृद्धि के लिए विकास कार्यों मैं सहयोग देने वाले भामाशाहों और प्रेरकों का झुंझुनू एकेडमी विजडम सिटी के मोदी सभागार में जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी ने भामाशाह एवं उनके प्रेरकों के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान की प्रशंसा की एवं जिला परिषद सीईओ जवाहर चौधरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कि भामाशाह और प्रेरकों ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल करते हुए विद्यालयों की दशा और दिशा को परिवर्तित किया है। जिनके बदौलत झुंझुनूं जिला जिला शिक्षा में सर्वोच्च स्थान पर है। कार्यक्रम के प्रारंभ में डीईओ एलीमेंट्री मनोज कुमार ढाका ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं एडीईओ एलीमेंट्री प्रमोद आबूसरिया ने भामाशाह एवं प्रेरकों का अभिनंदन किया।

सम्मान समारोह में मंचासीन अतिथि के रूप में डीईओ सैकंडरी सुभाषचंद्र ढाका, डाइट प्रिंसीपल अमीलाल मूंड, जीवेम समूह के चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक विजेंद्र सिंह राठौड, जीवेम समूह के छात्रावास अधीक्षक कुरड़ाराम धींवा, सीबीईओ झुंझुनूं महेंद्र जाखड, सीबीईओ अलसीसर राजेंद्र खीचड, सेवानिवृत्त शिक्षक जयलाल आबूसरिया, सुमेरसिंह महला, आकाश मोदी रहे। प्रमोद आबूसरिया ने बताया कि विगत 3 वर्षों के 161 भामाशाह को शिक्षाश्री की उपाधि से एवं 44 प्रेरकों को शाला प्रेरक के सम्मान से सम्मानित किया गया। भामाशाह के रूप में सम्मानित होने वालों ने रुपाणा धाम महंत पवन, सुमेरसिंह महला, जयलाल आबूसरिया, रवि आबूसरिया, कृष्ण गावड़िया, नरेंद्र अग्रवाल, डॉ. राधाकृष्ण सुमन, हरलालसिंह चौधरी, वीर चक्र विजेता रामकुमार आदि को शिक्षाश्री से विभूषित किए गया एवं प्रेरकों के रूप में एडीईओ एलीमेंट्री प्रमोद आबूसरिया, पूर्व डीईओ लक्ष्मी नारायण बडीवाल, प्रधानाचार्य प्रकाशचंद्र चाहर, प्रधानाचार्या सुमन, प्रधानाचार्य गरिमा चाहर, प्रधानाचार्या सुनिता यादव सहित 44 प्रेरकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसीबीईओ अशोक पूनियां एवं प्रधानाचार्य राजेश बूरी ने किया।

## मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाई

**रतनगढ़, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार, ताल्लुका विधिक सेवा समिति रतनगढ़ के तत्वावधान मे मंगलवार को गढ़ परिसर से कन्हैयालाल पारीक अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के निर्देशन में मोबाईल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बार संघ अध्यक्ष रोहिताश सिंह राठौड़ ने बताया कि मोबाईल वैन 18 से 21 अक्टूबर तक रतनगढ़ मुख्यालय पर रहेगी व कुल 12 गावों का दौरा करेगी एवं आगामी लोक अदालत 12 नवम्बर का प्रचार प्रसार का कार्य करेगी। मोबाईल वैन के साथ अधिवक्ता एवं कर्मचारी मौजुद रहेंगे जो डोर स्टेप प्री- काउंसलिंग का कार्य भी करेंगें। मोबाईल वैन महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक विकास से संबंधित कानून व्यवस्थाओं के बारें में जानकारी देगी। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता संतोष बाबू इन्दौरिया, अधिवक्ता संजय कटारिया, मनीष शर्मा, दिग्वजय सिंह, सुरेन्द्र, विकास, खेमाराम एवं तालुका सचिव हिमांशु सोलंकी मौजूद रहे।

# सर्व समाज ने विधायक शर्मा को श्रद्धांजलि दी

**सरदारशहर, (निसं)।** गांधी चौक में मंगलवार को सर्व समाज द्वारा दिवंगत विधायक पंडित भंवरलाल शर्मा को सैकडों संस्थाओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष राजकरण चौधरी ने की। गांधी चौक में विधायक शर्मा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किए गए।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य गिरधारीलाल पारीक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस धरा पर निर्विक और सच्चे जन सेवकों ने जन्म लिया है। जिन्होंने राजनीति में क्षेत्र की जनता की सच्ची सेवा की है। उनमें में पूर्व वित्तमंत्री चंदनमल बैद जैसे नेता हुए हैं। लेकिन हमारे जननायक भंवरलाल शर्मा ने तो कबीर के दोहे को चरितार्थ किया। जिसमें कबीर ने कहा थाकि कबीर जब हम जन्मे जग हंसा और हम रोए, ऐसी करनी कर जा हम हंसे और जग रोए। आज सरदारशहर में ऐसा वातावरण बना है कि हमारे नेता भंवरलाल हंस रहे हैं और हम सभी की आंखें नम हो रही है।क्योंकि उन्होंने हमेशा गरीब की सेवा की और क्षेत्र के विकास के लिए भी पार्टी के उच्च नेताओं से भी स्पष्ट कहने से कभी पीछे नहीं रहे।

सभा में कस्बे की 100 से अधिक संस्थाओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में देश के वरिष्ठ उद्योगपति विकास मालू, विनीत मालू, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रभाकर जोशी, शिक्षाविद उमरदीन सैय्यद, पार्षद शोभाकांत स्वामी, अभिभाषक संघ अध्यक्ष माणकचंद भाटी,व्यापार मंडल अध्यक्ष शिव भगवान सैनी, मौलाना उस्मान, पूनमचंद तिवाडी, जितेन्द राजवी, मुखराम नारोलिया, जयचंद शर्मा, डा. पूनमचंद भाटी, नरेंद्र पींटू नाई, पत्रकार संघ की ओर से मुरलीधर बोचीवाल, दीनदयाल लाटा, चन्द्रप्रकाश लाटा, सरदारशहर परिषद दिल्ली के सदस्य मांगीलाल डांगी, नगरपालिका उपाध्यक्ष अब्दुल रशीद, पूर्व प्रधान विक्रमसिंह राठौड, राजेन्द्र विद्यालय की ओर से पृथ्वीसिंह बिदावत,पार्षद हंसराज, राजेश पारीक आदि श्रद्धांजलि अर्पित की।



''बेशक कल हमारे लिए शुरुआत मुश्किल रही। कल के प्रदर्शन से हम सभी निराश हैं। लेकिन मुझे लगता है कि हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज यह है कि हम ढिलाई नहीं बरतें और समाधान निकालने की कोशिश करें।''

– जेसन होल्डर

वेस्टइंडीज के क्रिकेटर, टी20 विश्व कप में टीम के प्रदर्शन को लेकर



# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## मैथ्यू वेड

ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने पिछले हफ्ते पर्थ में पहले टी20 के दौरान इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड को क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने की बात स्वीकार की और कहा कि अगर विरोधी टीम अपील करती तो वह खुशी से मैदान से बाहर चले जाते। बाएं हाथ के बल्लेबाज वेड ने गेंद को हवा में खेला और फिर अपने हाथ खोल दिए जिससे कि वुड अपनी ही गेंद पर कैच नहीं लपक पाएं या रन आउट नहीं कर पाएं। वेड ने कुछ भी गलत करने से इनकार किया लेकिन बाद में स्वीकार किया कि उन्होंने जब रीप्ले देखा तो उन्हें अपनी गलती समझ आई।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टेस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

## बिन्नी बने बीसीसीआई के 36वें अध्यक्ष

मुंबई,18 अक्टूबर। पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी आधिकारिक रूप से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के 36वें अध्यक्ष बन गये हैं। बीसीसीआई ने मंगलवार को हुई वार्षिक आम सभा में इसका निर्णय लिया। बीसीसीआई ने यहां जारी बयान में बताया कि राजीव शुक्ला बोर्ड के उपाध्यक्ष जबकि जय शाह सचिव के पद पर बने रहेंगे। देवजीत सैकिया को बोर्ड का सह-सचिव और आशीष शेलार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी पदाधिकारी वार्षिक आम सभा में निर्विरोध चुने गये।

भारत के लिये 27 टेस्ट और 72 एकदिवसीय मैच खेलने वाले बिन्नी इस पद पर सौरव गांगुली की जगह लेंगे जो 2019 में बोर्ड अध्यक्ष नियुक्त हुए थे। बिन्नी अगले साल भारत में होने वाले क्रिकेट विश्व कप 2023 से पहले बोर्ड की कमान संभालेंगे।

इसी बीच, एम मजूमदार को बीसीसीआई के शीर्ष परिषद में आम सभा का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। अरुण सिंह धूमल और अभिषेक डालमिया इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रतिनिधि नियुक्त किये गये। बोर्ड ने आम सभा में 2023-2027 के लिए सीनियर पुरुष भविष्य दौरा कार्यक्रम और 2022-2025 के लिए सीनियर महिला भविष्य दौरा कार्यक्रम को को मंज़ूरी दी। अगले साल होने वाले महिला आईपीएल को मंज़ूरी देने के अलावा वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट को भी अनुमोदित किया गया। बैठक की समाप्ति से पहले आम सभा के सदस्यों ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों के लिए निवर्तमान पदाधिकारियों, आईपीएल संचालन परिषद के अध्यक्ष और सदस्यों एवं सभासदों के प्रयासों की सराहना की।

# एशिया कप 2023 के लिये पाकिस्तान नहीं जायेगी भारतीय टीम: शाह

मुंबई, 18 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय टीम एशिया कप 2023 के लिये पाकिस्तान नहीं जायेगी और टूर्नामेंट का आयोजन किसी तीसरी तटस्थ जगह किया जायेगा।

शाह ने यहां आयोजित बीसीसीआई की आम सभा के बाद कहा, एशिया कप 2023 का आयोजन किसी तीसरे स्थान पर होगा। मैं यह बात एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष के तौर पर कह रहा हूं। हम (भारत) वहां (पाकिस्तान) नहीं जा सकते, वह भी यहां नहीं आ सकते। पहले भी एशिया कप का आयोजन तटस्थ जगह पर हुआ है।

एसीसी ने फिलहाल इस मुद्दे पर चर्चा नहीं की है।

उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) के अनुसार एशिया कप 2023 के अलावा चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 की मेज़बानी भी पाकिस्तान के पास है, जबकि भारत को विश्व कप 2023 की मेज़बानी करनी है। शाह के बयान से इन प्रतियोगिताओं के आयोजनों पर असर पड़ सकता है।

भारत ने 2006 से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। दोनों देशों की सरकारों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण 2012 से भारत-पाकिस्तान ने द्विपक्षीय क्रिकेट भी नहीं खेला है। बीसीसीआई ने पिछले हफ्ते राज्य संघों को भेजे गये वार्षिक आम सभा एजेंडा नोट में पाकिस्तान में 2023 एशिया कप का उल्लेख किया था, जिससे लगभग 15 वर्षों में पहली बार भारत की पाकिस्तान यात्रा की संभावना सामने आई थी।

भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी मैच अगस्त-सितंबर में 2022 एशिया कप में खेला गया था। दोनों टीमें 23 अक्टूबर को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में भी आमने-सामने होंगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अभी तक इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## यूएई को हराकर श्रीलंका ने सुपर-12 की उम्मीदें ज़िन्दा रखीं



जीलॉन्ग, 18 अक्टूबर। श्रीलंका ने पथुम निसांका (74) के संयम भरे अर्द्धशतक के बाद दुश्मंता चमीरा (15/3) और वानिंदू हसरंगा (8/3) की धारदार गेंदबाजी से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के पहले दौर के मैच में मंगलवार को 79 रन से रौंद दिया। श्रीलंका ने ग्रुप-ए के मुकाबले में यूएई को 153 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में यूएई 73 रन पर ऑलआउट हो गयी। भारतीय मूल के गेंदबाज़ कार्तिक मयप्पन (19/3) ने हैट्रिक लेकर श्रीलंका के मध्यक्रम की धज्जियां उड़ा दीं। निसांका ने बिखरती हुई श्रीलंकाई पारी को संभालते हुए 60 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की बदौलत 74 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। श्रीलंका के गेंदबाजों ने 152 रन की रक्षा करते हुए यूएई के किसी भी बल्लेबाज़ को विकेट पर कदम नहीं जमाने दिये। यूएई के लिये अय्यान अफ़ज़ल ख़ान ने 19(21), चिराग़ सूरी ने 14(19), जबकि जुनैद सिद्दीकी ने 18(16) रन बनाये। इनके अलावा यूएई का कोई बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका और टीम 17.1 ओवर में 73 रन पर सिमट गई। चमीरा ने श्रीलंकाई गेंदबाजी की अगुवाई करते हुए 15 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि हसरंगा ने आठ रन देर तीन विकेट निकाले।

महीष तीक्ष्णा ने दो जबकि प्रमोद मदुशन और दसुन शनाका न एक-एक विकेट लिया। पहले मैच में नामीबिया के हाथों 55 रन से हारने के बाद श्रीलंका के लिये यह मुकाबला करो या मरो का था। श्रीलंका ने 79 रन की विशाल जीत के साथ रन रेट में भी इज़ाफ़ा किया है जिससे सुपर-12 में पहुंचने की उम्मीदें पुनः जीवित हो गई हैं।

## पाक ने दी अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप से हटने की धमकी

कराची, 18 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह के एशिया कप को तटस्थ स्थल पर खेलने वाले बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पाकिस्तान ने मंगलवार को अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्वकप से हटने की धमकी दी।

एशियाई क्रिकेट परिषद (एससीसी) के कार्यकारी बोर्ड के फैसले के अनुसार पाकिस्तान को अगले साल एशिया कप की मेजबानी करनी है। संयोग से शाह एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष हैं।

शाह ने मुंबई में मंगलवार को बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि भारत एशिया कप तटस्थ स्थल पर खेलेगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा के करीबी सूत्रों ने संकेत दिया कि शाह के बयान के बाद वह भारत में होने वाले वनडे विश्वकप से हटने पर विचार कर रहे हैं। पीसीबी के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर कहा,'' पीसीबी अब कड़ा फैसला लेने के लिए तैयार है क्योंकि वह यह भी जानता है कि अगर इन बड़ी प्रतियोगिताओं में पाकिस्तान भारत से नहीं खेलता है तो आईसीसी और एसीसी को नुकसान होगा।''

भारत वैश्विक या महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं में पाकिस्तान से खेलता रहा है लेकिन उसने 2008 में एशिया कप के बाद पाकिस्तान का दौरा नहीं किया। पाकिस्तान की टीम आखिरी बार 2012 में सीमित ओवरों की द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए भारत दौरे पर आई थी। पीसीबी से जब संपर्क किया गया तो उसने शाह के बयान पर आधिकारिक प्रतिक्रिया करने से इंकार कर दिया।

पीसीबी के एक प्रवक्ता ने कहा,'' अभी हमें कुछ नहीं कहना है लेकिन हम परिस्थितियों पर गौर करेंगे और अगले महीने मेलबर्न में होने वाली आईसीसी बोर्ड की बैठक जैसे उचित मंच पर यह मसला उठाएंगे।''

हालांकि पता चला है कि पीसीबी अध्यक्ष राजा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शाह के बयान से काफी खफा है और उन्होंने कुछ कड़े फैसले लेने का निर्णय किया है। पीसीबी सूत्रों ने कहा रमीज राजा एसीसी को इस मसले पर कड़ा पत्र भेजेंगे और शाह के बयान पर चर्चा करने के लिए अगले महीने मेलबर्न में एसीसी की आपात बैठक बुलाने की मांग करेंगे।

सूत्रों ने कहा, 'एक विकल्प जिस पर विचार किया जा रहा है वह एसीसी से बाहर होना है क्योंकि जब एसीसी अध्यक्ष इस तरह का बयान देता है तो पाकिस्तान का उस संस्था में बने रहने का कोई मतलब नहीं है।''

## रोमांचक मुकाबले में नीदरलैंड की विजय

गीलोंग, 18 अक्टूबर । नीदरलैंड ने बास डी लीड (30 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और विक्रमजीत सिंह के 39 रनों की बदौलत नामीबिया को आईसीसी टी20 विश्व कप के पहले दौर के मुकाबले में मंगलवार को पांच विकेट से मात दी। नामीबिया ने ग्रुप-ए मैच में नीदरलैंड को 122 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे डच टीम ने तीन गेंदें शेष रहते हुए हासिल कर लिया। नीदरलैंड 13 ओवर में 90/1 के स्कोर के साथ आसानी से लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी, लेकिन अगले चार ओवरों में उन्होंने केवल 12 रन बनाकर चार विकेट गंवाये। सेट बल्लेबाज मैक्स ओडॉ के रनआउट होने के बाद जेजे स्मिट ने टॉप कूपर और कॉलिन ऐकरमैन को आउट किया जबकि जैन फ्राइलिंक ने स्कॉट एडवर्ड्स का विकेट लिया जिससे मैच रोमांचक मोड़ पर आ खड़ा हुआ। इसके बाद डी लीड ने टिम प्रिंगल (09 नाबाद) के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। डी लीड ने 30 गेंदों पर दो चौकों के साथ नाबाद 30 रन बनाये और आखिरी ओवर की तीसरी गेंद पर दो रन भागकर नीदरलैंड को विजय दिलाई। नामीबिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी लेकिन उनकी पारी रफ्तार नहीं पकड़ सकी। फ्राइलिंक ने एक चौके और एक छक्के के साथ नामीबिया के लिये सर्वाधिक 43 रन बनाये, इसके लिये हालांकि उन्होंने 48 गेंदें खेलीं। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज माइकल वैन लिंगेन ने 20(19) और स्टेफ़न बार्ड ने 19(22) रन बनाये। नीदरलैंड ने पिछले मैच की तरह ही कसी हुई गेंदबाजी की और आखिरी पांच ओवरों में 40 रन देने के अलावा कभी भी नामीबियाई बल्लेबाजों को हाथ नहीं खोलने दिये।डी लीड ने तीन ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिये जबकि रोलोफ़ वैन डर मरवे, पॉल वैन मीकरन, कॉलिन एकरमैन और टिम प्रिंगल ने एक-एक विकेट लिया।

## बिना हिजाब पदक जीतने के बाद लापता हुई ईरानी एथलीट

सियोल/तेहरान, 18 अक्टूबर। आईएफएससी विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली ईरानी महिला एल्नाज रेकाबी बिना हिजाब के दक्षिण कोरिया में प्रतिस्पर्धा करने के बाद लापता हो गई हैं। एबीसी न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, 33 वर्षीय रेकाबी ईरान के इस्लामी गणराज्य के अनिवार्य हिजाब नियम की अवज्ञा करने वाली दूसरी महिला एथलीट हैं। बीबीसी के अनुसार, सोमवार की सुबह ईरानी टीम के दक्षिण कोरिया से रवाना होने के बावजूद रेकाबी के दोस्त रविवार रात से उससे संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। रेकाबी ने फ्रांस स्थित यूरोपीय मीडिया आउटलेट यूरोन्यूज़ को 2016 में दिये गये साक्षात्कार में प्रतियोगिताओं के दौरान हिजाब पहनने पर कहा था, ''शुरुआत में, यह अन्य एथलीटों के लिए थोड़ा विचित्र था। वे एक लड़की को लेकर उत्सुक थे जो उसके सिर पर एक स्कार्फ और एक ऐसी पोशाक पहने हुए थी जो इतने गर्म तापमान में बाहों और पैरों को ढकती थी। निश्चित रूप से गर्म मौसम में हिजाब एक समस्या बन जाता है।'' उन्होंने कहा था, ''प्रतियोगिता के दौरान आपके शरीर को गर्मी को बाहर निकालने की जरूरत होती है, लेकिन हमने खुद एक ऐसी पोशाक बनाने की कोशिश की है जो हिजाब का सम्मान करती है और चढ़ाई के खेल के अभ्यास के अनुकूल है।''

## राजस्थान को 20 रन से हराकर मुंबई क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

राजकोट, 18 अक्टूबर। शानदार लय में चल रहे पृथ्वी साव की आक्रामक और यशस्वी जायसवाल की प्रभावशाली बल्लेबाजी से मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी मैच में मंगलवार को यहां राजस्थान को 20 रन से हराकर क्वार्टर फाइनल का टिकट पक्का किया। मुंबई ने छह विकेट पर 159 रन बनाने के बाद राजस्थान को सात विकेट पर 139 रन पर रोक दिया। ग्रुप ए के इस मैच में साव ने तीन चौके और दो छक्के की मदद से 17 गेंद में 32 और जायसवाल ने 27 गेंद में 46 रन बनाये। जायसवाल ने सात चौके और दो छक्के जड़े। मुंबई के लिए सरफराज खान (37) और शिवम दुबे (26) ने भी बल्ले से अच्छा योगदान दिया। राहुल चाहर राजस्थान के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम 47 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद लय हासिल नहीं कर सकी। मुंबई के तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने चार ओवर में 12 रन देकर दो विकेट लिये। मोहित अवस्थी ने 29 रन देकर दो विकेट लिये। मुंबई के पांच मैचों में 20 अंक हो गये। ग्रुप चरण में टीम को अभी दो और मैच खेलने है। ग्रुप के अन्य मैचों में रेलवे ने असम को आठ विकेट हराया। मध्यप्रदेश ने मिजोरम को छह विकेट से शिकस्त दी।विदर्भ ने करीबी मुकाबले में उत्तराखंड को दो रन से हराया।

## फ्रांस के करीम बेंजेमा ने जीता श्रेष्ठ फुटबालर का बैलेन डि ओर पुरस्कार

फ्रांस के करीम बेंजेमा को सोमवार को यहां दुनिया के श्रेष्ठ फुटबालर के रूप में बैलेन डि ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रियल मैड्रिड को पिछले वर्ष चैंपियंस लीग और ला लीगा में कामयाबी दिलाने वाले बेंजेमा 24 साल बाद यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने वाले पहले फ्रांसीसी फुटबालर हैं। इससे पहले जिनेदिन जिदान ने यह पुरस्कार जीता था। अब तक कुल पांच फ्रांसीसी फुटबालर यह ट्रॉफी जीत चुके हैं।

घोषणा के बाद बेंजेमा ने अपनी मां और बेटे को भी मंच पर बुलाया। सोमवार को हुए समारोह ने जिदान ने ही उन्हें यह ट्रॉफी प्रदान की। बेंजेमा ने कहा कि यह पुरस्कार पाकर मुझे अपने काम पर नाज हो रहा है। यह मेरा बचपन का सपना था। मेरे दो रोल मॉडल रहे हैं, एक तो जिदान और दूसरे रोनाल्डो। मैं यकीन रखता हूं कि कुछ भी संभव है। बार्सिलोना की एलेक्सिया ने लगातार दूसरी बार जीती ट्रॉफी : महिला वर्ग में बार्सिलोना की कप्तान एलेक्सिया पुटेलास ने लगातार दूसरे वर्ष यह ट्रॉफी जीती। लगातार दो बार सम्मान पाने वालीं वह पहली महिला फुटबालर हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के एकदिवसीय कप्तान बने कमिंस

मेलबर्न, 18 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को मंगलवार को एकदिवसीय टीम की कमान भी सौंप दी गई।

कंगारू टीम के पूर्व एकदिवसीय कप्तान ऐरन फिंच ने न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया घरेलू शृंखला के दौरान खेल के इस प्रारूप से सन्यास ले लिया था, जिसके बाद यह जिम्मेदारी कमिंस को दी गई है। फिंच अब भी ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान हैं।

कमिंस ऑस्ट्रेलिया के 27वें एकदिवसीय कप्तान बनेंगे। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज अगले साल भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 से पहले 50 ओवर के क्रिकेट में टीम का नेतृत्व करेंगे। न्यू साउथ वेल्स के 29 वर्षीय कमिंस सीमित ओवर क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया पुरुष टीम का नेतृत्व करने वाले पहले तेज गेंदबाज बनेंगे, जबकि लेग स्पिन के जादूगर शेन वॉर्न के बाद वह ऐसा करने वाले दूसरे गेंदबाज होंगे। एकदिवसीय कप्तान के रूप में कमिंस का पहला अभियान अगले महीने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू शृंखला होगी। कमिंस ने कप्तान के रूप में फिंच की तारीफ करते हुए कहा कि वह एकदिवसीय क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करने के अवसर का इंतजार कर रहे हैं।

# खिलाड़ियों को बार-बार चोट लगना चिंताजनक : बिन्नी

मुंबई, 18 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के नये अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने भारत के प्रमुख खिलाड़ियों के बार-बार चोटठास्त होने पर चिंता जताते हुए कहा है कि वह ''समस्या की तह तक पहुंचकर'' चोटों को कम करने के तरीके तलाशना चाहते हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

बिन्नी ने अध्यक्ष पद ठाहण करने के बाद संवाददाताओं से अनौपचारिक बातचीत में कहा, ''हम देखेंगे कि खिलाड़ियों की चोटों को कम करने के लिए हम क्या कर सकते हैं। खिलाड़ियों का बार-बार चोटिल होना चिंता का विषय है, और हम इसकी तह तक जाना चाहते हैं और देखना चाहते हैं कि इसे बेहतर के लिए कैसे बदला जा सकता है।''

बिन्नी यहां हुई बीसीसीआई की वार्षिक आम सभा में निर्विरोध बोर्ड के अध्यक्ष चुने गये हैं। उन्होंने 36वें बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली की जगह ली है।

उन्होंने कहा, ''हमारे पास राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (बेंगलुरु में) में उत्कृष्ट डॉक्टर और प्रशिक्षक हैं, लेकिन हमें चोटों को कम करने और रिहैब प्रक्रिया में सुधार करने का प्रयास करना चाहिए।''

भारत ने इस साल विभिन्न प्रारूपों में 40 खिलाड़ियों को मैदान पर उतारा है। इसका एक कारण यह रहा कि भारत ने पारस्परिक शृंखलाओं के साथ काफी क्रिकेट खेला, लेकिन चोटों ने भी बार-बार स्क्वाड बदलने में भूमिका निभाई है।

रोहित शर्मा की टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी टी20 विश्व कप खेलने गई है, लेकिन उनके पास टीम के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रमुख ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा नहीं हैं। बुमराह पीठ में चोट के कारण टीम से बाहर हैं जबकि जडेजा दाहिने घुटने की सर्जरी के बाद रिहैब से गुजर रहे हैं। इसके अलावा, लंबे रिहैब के बाद दक्षिण अफ्रीका सीरीज़ के लिये टीम में वापसी करने वाले दीपक चाहर भी पीठ की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया नहीं जा सके।

बिन्नी ने खिलाड़ियों की चोट पर काम करने के अलावा घरेलू क्रिकेट के लिये पिचों में सुधार करने की बात भी कही।

बिन्नी ने कहा, ''घरेलू विकेट थोड़े और जीवंत होने चाहिये ताकी हमारी टीमों को ऑस्ट्रेलिया जैसी जगहों पर परेशानी का सामना न करना पड़े, जहां ज्यादा रफ्तार और उछाल वाली पिचें होती हैं।''

विजयनगरम के महाराज और सौरव गांगुली के बाद बिन्नी बीसीसीआई अध्यक्ष बनने वाले तीसरे क्रिकेटर हैं। बिन्नी से पहले बीसीसीआई अध्यक्ष रहे गांगुली बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक में बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहे। वह जल्द ही सीएबी के अध्यक्ष पद पर लौट सकते हैं।

कर्नाटक के 67 वर्षीय बिन्नी अध्यक्ष के रूप में तीन साल का एक कार्यकाल ही पूरा करेंगे क्योंकि बीसीसीआई संविधान के अनुसार प्रशासकों और पदाधिकारियों की आयु 70 वर्ष से ज्यादा नहीं हो सकती। विश्व कप 1983 जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे बिन्नी ने उस टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लिये थे। क्रिकेट से सन्यास लेने के बाद बिन्नी ने कोचिंग का रुख किया। कुछ समय राष्ट्रीय चयनकर्ता के रूप में सेवा करने के बाद वह कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के प्रशासक के रूप में भी काम कर चुके हैं।

## श्रीकांत, त्रीसा-गायत्री डेनमार्क ओपन के दूसरे दौर में

ओडेंसे, 18 अक्टूबर। पूर्व चैम्पियन किदांबी श्रीकांत ने हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस की कड़ी चुनौती से पार पाकर मंगलवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

श्रीकांत ने पांच साल पहले यहां खिताब जीता था। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने विश्व में 14वें नंबर के हांगकांग के खिलाड़ी को 56 मिनट तक चले मुकाबले में 17-21, 21-14, 21-12 से हराया।

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी ने भी महिला युगल के अपने पहले मैच में डेनमार्क की एलेक्जेंड्रा बोए और अमाली मैगलुंड को 21-15, 21-15 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

भारतीय जोड़ी का सामना जोंगकोलफन कितिथाराकुल और राविंदा प्राजोंगजाई की थाईलैंड की छठी वरीय जोड़ी से होगा।

इससे पहले श्रीकांत और एंगस के बीच रिकॉर्ड 3-3 से बराबर था। श्रीकांत को एंगस ने शुरू में कड़ी चुनौती दी और वह जल्द ही पिछड़ गए। हांगकांग के खिलाड़ी ने पहले गेम के इंटरवल तक 11-8 से बढ़त हासिल कर रखी थी।

## अक्टूबर 19 से लौटेगी पुणे ओपन गोल्फ चैंपियनशिप

पुणे, 18 अक्टूबर। भारत में पेशेवर गोल्फ की संचालक संस्था भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) पुणे ओपन गोल्फ चैंपियनशिप के छठे संस्करण का आयोजन 19 से 22 अक्टूबर तक पूना क्लब गोल्फ कोर्स में करेगी।

पीजीटीआई ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि 40 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में उदयन माने, राशिद खान, अजितेश संधू, विराज मडप्पा, वीर अहलावत, युवराज सिंह संधू, मनु गंडास, वरुण पारिख और ओम प्रकाश चौहान जैसे प्रमुख खिलाड़ी शामिल होंगे। इसके साथ-साथ पूर्व चैंपियन क्षितिज नवीद कौल (2019), अनुरा रोहाना (2017) और हरेंद्र गुप्ता (2016) भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। अनुरा रोहाना के अलावा मिथुन परेरा, एन थंगराजा और के प्रबागरन टूर्नामेंट में श्रीलंकाई चुनौती का प्रतिनिधित्व करेंगे। बंगलादेश के जमाल हुसैन, बादल हुसैन और मोहम्मद अकबर हुसैन के साथ-साथ नेपाल के सुकरा बहादुर राय भी अंतरराष्ट्रीय चुनौती पेश करेंगे। मेजबान शहर पुणे का प्रतिनिधित्व पेशेवर रोहन ढोले पाटिल, गुरकी शेरगिल (पीजीटीआई पर पूर्व विजेता), प्रवीण पथारे, समीर एम शेख, राजीव दातार, सागर रघुवंशी और सुनील बाबूराव गलफडे के साथ-साथ शौकिया आरोन रॉकी और वीपी विमल देव करेंगे। यह एक 72-होल स्ट्रोक-प्ले टूर्नामेंट होगा जिसमें 123 पेशेवरों और तीन शौकिया सहित 126 खिलाड़ी खेलेंगे। प्रतियोगिता में कट पहले 36 होल के बाद लगाया जाएगा। शीर्ष 50 एवं टाई पर रहने वाले खिलाड़ी आगे चलकर अन्य 36 होल के लिए खेलेंगे। पीजीटीआई के सीईओ श्री उत्तम सिंह मुंडी ने कहा, पुणे ओपन हाल के वर्षों में पीजीटीआई पर सबसे महत्वपूर्ण पड़ावों में से एक बन गया है। देश के शीर्ष गोल्फरों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम दर्शनीय होने वाला है। हम इस आयोजन में समर्थन करने के लिए पूना क्लब गोल्फ कोर्स और अन्य इवेंट भागीदारों को धन्यवाद देते हैं।

## रुतुराज की शतकीय पारी से महाराष्ट्र ने दर्ज की बड़ी जीत

चंडीगढ़, 18 अक्टूबर। सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड की आक्रामक शतकीय पारी के दम पर महाराष्ट्र ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी मैच में मंगलवार को यहां केरल पर 40 रन से जीत दर्ज की।

कप्तान गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और फिर 68 गेंदों में 114 रन की पारी के दौरान सात छक्के और आठ चौके जड़े। महाराष्ट्र ने चार विकेट पर 167 रन बनाने के बाद केरल को 20 ओवरों में आठ विकेट पर 127 रन पर रोक दिया। केरल के लिए रोहन कुन्नुम्मल ने सबसे ज्यादा 44 गेंदों में 58 रन बनाये। महाराष्ट्र के लिए सत्यजीत बछाव (11 रन देकर तीन विकेट) और अजीम काजी (25 रन देकर दो विकेट) ने क्रमशः तीन और दो विकेट लिए, जबकि राजवर्धन हंगरगेकर (16 रन पर एक विकेट) और शमशुजामा काजी (आठ रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट लिया।

## धामपुर शुगर ने जीता अंतरराष्ट्रीय ब्रिज चैंपियनशिप का खिताब

नयी दिल्ली, 18 अक्टूबर। धामपुर शुगर टीम ने 23 के स्कोर के साथ एचसीएल अंतरराष्ट्रीय ब्रिज चैंपियनशिप 2022 का गोल्ड का खिताब जीत लिया है।

धामपुर शुगर ने 40 लाख की पुरस्कार राशि वाला टीम ऑफ फोर गोल्ड खिताब जीतने के लिये फॉर्मिडेबल्स को मात दी। उपविजेता फॉर्मिडेबल्स को 24 लाख रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा टीम प्रदीप ने टीम ऑफ फोर सिल्वर खिताब जीता। पार्थो सारथी मुखर्जी और अनिरुद्ध भट्टाचार्य ने ओपन पेयर्स गोल्ड मुकाबला जीता जबकि राजीव खंडेलवाल और हिमानी खंडेलवाल ने ओपन पेयर्स का सिल्वर मुकाबला अपने नाम किया। राष्ट्रमंडल खेल 2018 की गोल्ड मेडलिस्ट और एशियाई खेल ब्रिज मेडलिस्ट किरण नादर ने सभी विजेताओं और उपविजेताओं को सम्मानित किया। नादर ने सम्मान समारोह के दौरान कहा, खुद एक ब्रिज खिलाड़ी होने के नाते मैं हमेशा एक ऐसा मंच बनाना चाहती थी जो उम्र, जनसांख्यिकी और सीमाओं की परवाह किए बिना ब्रिज खिलाड़ियों को एक मंच पर लाए। एचसीएल अंतरराष्ट्रीय ब्रिज चैंपियनशिप के पिछले 19 संस्करणों में यह कैसे प्रकट हुआ है, यह हमारी कल्पना से परे है। मैं एचसीएल अंतरराष्ट्रीय ब्रिज चैंपियनशिप की सफलता और साल दर साल मिलने वाली भागीदारी को देखकर बेहद खुश हूं। सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बहुत-बहुत बधाई।

## जयपुर पिंक पैंथर्स ने बंगाल वॉरियर्स को 39-25 से धोया

बेंगलुरू, 18 अक्टूबर। अर्जुन देसवाल और वी अजीत के शानदार खेल के दम पर जयपुर पिंक पैंथर्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के मैच में मंगलवार को यहां बंगाल वॉरियर्स को 39-24 के बड़े अंतर से हराया। अर्जुन ने एक बार फिर सुपर टेन (10 या अधिक अंक) बनाया जिससे जयपुर की यह पांच मैचों में चौथी जीत है। टीम के लिए वी.अजीत कुमार, अंकुश और भवानी राजपुत ने पांच-पांच अंक बटोरे। बंगाल वॉरियर्स के लिए श्रीकांत जाधव ने सबसे ज्यादा छह अंक बनाये। पर खिसक गई है। रीयाल मैड्रिड ने रविवार को बार्सीलोना को 3-1 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर तीन अंक की बढ़त बना ली थी।

## राज सिंह ने किया सीनियर लीग का उद्घाटन, नेशनल यूनाइटेड की जीत

नयी दिल्ली, 18 अक्टूबर। नेशनल यूनाइटेड स्पोर्ट्स क्लब ने मैन ऑफ द मैच सफीला डेली के दो शानदार गोलों की मदद से फुटबाल दिल्ली सीनियर डिवीज़न लीग के उद्घाटन मैच में मंगलवार को जगुआर फुटबाल क्लब को 5-0 से हराकर अभियान शुरू किया। विजेता टीम के लिए यूंगाचन लुईराम ने दो और नालीरैंग सोंग ने एक गोल जमाया। दिन के दूसरे मैच में नए क्लब यूनाइटेड भारत ने सीआईएसएफ प्रोटेक्टर के साथ शून्य गोल का ड्रॉ खेलकर अंक बांटे। फुटबॉल दिल्ली द्वारा आयोजित सीनियर डिवीजन लीग का उद्घाटन भारतीय कुश्ती की जानी मानी शख्सियत द्रोणाचार्य राज सिंह ने किया। इस अवसर पर डीएसए अध्यक्ष शराफतुल्लाह और आयोजन समिति के चेयरमैन जगदीश मल्होत्रा एवं संयोजक हरगोपाल भी मौजूद थे। गुरु हनुमान के शिष्य और गुरु के अखाड़े से राष्ट्रीय कोच बने राज सिंह ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहलवानों को प्रशिक्षण दिया। सुशील और योगेश्वर दत्त जैसे ओलंपिक पदक विजेता पहलवान उनकी देखरेख में आगे बढ़े।

## मयप्पन ने ली टी20 विश्व कप 2022 की पहली हैट्रिक

जीलॉन्ग, 18 अक्टूबर । संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के स्पिन गेंदबाज़ कार्तिक मयप्पन ने मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले में टी20 विश्व कप 2022 की पहली हैट्रिक ली। मयप्पन ने पारी के 15वें ओवर की चौथी, पांचवीं और छठवीं गेंद पर क्रमशः भानुका राजपक्षा, चरिता असलंका और दसुन शनाका को आउट करके यह कीर्तिमान रचा। यह टी20 विश्व कप इतिहास की पांचवीं जबकि इस टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक है। दाएं हाथ के लेग-ब्रेक गेंदबाज मयप्पन ने अपने चार ओवरों में तीन विकेट लेकर कुल 19 रन दिये।

## विलारीयाल ने ओसासुना को हराया

मैड्रिड, 18 अक्टूबर। आरनोट डेंजुमा के दो गोल से विलारीयाल ने ओसासुना को 2-0 से हराकर स्पेनिश लीग में पिछले चार मैच से जीत के इंतजार को खत्म किया। डेंजुमा ने दोनों हाफ में एक-एक गोल किया। उन्होंने दूसरा गोल पेनल्टी किक पर किया। यह सितंबर की शुरुआत से विलारीयाल की पहली जीत है। इस जीत से विलारीयाल की टीम सातवें स्थान पर पहुंच गई है। ओसासुना की टीम नौवें स्थान

# 'जिन्होंने आलाकमान को ललकारा, वह बैकफुट पर हैं'

## 'विधानसभा से त्यागपत्र देना उनकी भारी गलती थी, इस बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करें'

- दिव्या मदेरणा ने फिर साधा इस्तीफा देने वाले कांग्रेस विधायकों पर निशाना।
- इस्तीफा प्रकरण पर विधानसभा अध्यक्ष की चुप्पी, लेकिन जोशी से मिलकर आए भाजपा नेताओं ने कहा, विधानसभा अध्यक्ष कह रहे हैं नियम देखकर ऐसा निर्णय करूंगा, जिसकी नज़ीर संसदीय इतिहास में दी जाएगी।
- सारे प्रकरण के बीच पायलट ने अपनी आर्मी यूनिट, दिल्ली कैंट स्थित सिख रैजिमैंट की यूनिट में ड्यूटी दी।

जयपुर, 18 अक्टूबर (का.प्र.)। राजस्थान कांग्रेस के भीतर पायलट और गहलोत गुट के बीच तलवारें खिंची हुई हैं। गहलोत ने जहा खुद मोर्चा संभाल रखा है, तो पायलट खुद चुप्पी साधे हुए हैं। इधर कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने भाजपा नेताओं के बयान का हवाला देकर समानांतर बैठक करने वाले नेताओं पर फिर निशाना साधा और कहा कि जिन्होंने आलाकमान को ललकारा वो बैकफुट पर है।

इस बीच सचिन पायलट सियासी विवाद से अलग दिल्ली में आर्मी कैंट में नजर आए। मंगलवार को अपनी आर्मी ड्यूटी के लिए पहुंचे पायलट ने कैप्टन की यूनिफॉर्म में फोटो ट्विटर पर शेयर किए। इन्हें काफी पसंद किया जा रहा है।

पायलट ने दिल्ली कैंट में सिख रेजिमेंट की यूनिट में पहुंचकर कुछ समय ड्यूटी दी। पायलट ने रेजिमेंट के अफसरों और जवानों से मुलाकात की और कामकाज के बारे में चर्चा की। पायलट को 124 सिख रेजिमेंट अलॉट है। पायलट दिल्ली दौरे के समय साल में कई बार अपनी यूनिट में जाते हैं और बैठकों में शामिल होते हैं। आज भी इसी सिलसिले में पायलट अपनी यूनिट गए थे। सचिन पायलट ने सितंबर 2012 में केंद्रीय मंत्री रहते हुए टेरिटोरियल आर्मी में बतौर लेफ्टिनेंट जॉइन किया था। पिछले साल दिसंबर में ही पायलट को कैप्टन के पद पर प्रमोशन मिला था।

इधर एक बार फिर समानान्तर विधायक दल की बैठक बुलाने और उसके बाद विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफे देने तथा इस मुद्दे पर डॉ. सी.पी. जोशी से मिलने के बाद उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का हवाला देते हुए कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने फिर निशाना साधा है। दिव्या ने कहा कि "मेरी बात को दोहराते हुए कि जिन्होंने आलाकमान को ललकारा, वह आज बैकफुट पर हैं। त्यागपत्र देना भारी गलती थी, इस बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करे।" इसी का साथ दिव्या ने ट्विटर पर यह भी लिखा कि "इतिहास गवाह है आलाकमान से जो टकराएगा, चूर-चूर हो जायेगा! अपने हित के लिए पार्टी बदलना अवसरवाद की श्रेणी में आता है तो अपने हित के लिए इस्तीफ़ा नौटंकी और दबाव की राजनीति करना भी अवसरवाद की श्रेणी में ही आता है।"

हालांकि इस्तीफा प्रकरण पर स्पीकर जोशी अभी तक चुप्पी साधे हुए हैं लेकिन उनसे मिल कर आए भाजपा नेताओं ने कहा है कि विधानसभा अध्यक्ष कह रहे हैं नियमों के अनुसार ऐसा करूंगा, जिसकी नजीर संसदीय इतिहास में दी जाएगी।



सचिन पायलट मंगलवार को अपनी आर्मी ड्यूटी के लिए दिल्ली कैंट की सिख रेजिमैंट की यूनिट में पहुंचे। जहां उन्होंने कुछ समय ड्यूटी दी और रेजिमैंट के अफसरों और जवानों से मुलाकात की।

## डार्क वैब...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है क्योंकि बहुत बड़ी आबादी इसकी आदी है। पिछले एक साल में ही करीब 30,000 करोड़ रू. की कीमत की ड्रग्स जब्त की गईं, जबकि यह जब्ती तो ड्रग के विशाल व्यवसाय का एक कण मात्र ही है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि कोरियर तथा डाक सेवाओं से की गई रिकवरी 3 गुना बढ़ गई है।

सी.ए.जी. के अनुसार, 70 प्रतिशत ड्रग भारत में समुद्री रास्तों से प्रवेश करती हैं। गश्ती दलों की रिपोर्ट मोह भंग करने वाली है।

## 'जयललिता की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उनके डॉक्टर के.एस. शिवाकुमार, तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सी. विजय भास्कर तथा तत्कालीन स्वास्थ्य सचिव जे. राधाकृष्णन की भूमिका दोषपूर्ण पाई है। प्रसंगवश बता दें कि मुख्यमंत्री पद ग्रहण करने से कुछ घंटे पहले ही, शशिकला जेल भेज दी गई थीं क्योंकि वे आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में दोषी पाई गई थीं तथा उन्हें 2017 में चार वर्ष की जेल हो गई थी। उसके बाद शशिकला से सब कुछ छिन गया। उन्हें पार्टी से निष्काषित कर दिया गया था तथा पार्टी में पुनः प्रवेश के उनके सारे प्रयास असफल रहे।

अब, जाँच आयोग की रिपोर्ट आज विधानसभा के पटल पर रखे जाते ही अन्नाद्रमुक विचित्र किन्तु उत्तेजनापूर्ण स्थिति में आ गई, क्योंकि अन्नाद्रमुक के पूर्व नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम ने भी ऐसे पर्याप्त संकेत दिये थे कि पार्टी में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं हैं तथा जयललिता के इलाज तथा उन्हें मृत्यु तक पहुँचाने वाली परिस्थितियों से संबंधित मुद्दे तो हैं ही। लेकिन पार्टी में उनके विरोधी तथा तत्कालीन मुख्यमंत्री इडापड्डी पलानी स्वामी के साथ तालमेल के बाद, उन्होंने अपने स्वर बदल लिये। जयललिता को 22 सितम्बर 2016 को चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था और हृदय की गति अचानक रूक जाने के एक दिन बाद 5 दिसम्बर को उनकी मौत हो गई थी। ऐम्स, यू.के. और यू.एस.ए. के विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित डॉक्टर्स की एक टीम ने उनका उपचार किया था।

अरूमुगम आयोग ने तत्कालीन मुख्य सचिव राम मोहन राव की भी "आपराधिकता" पायी थी, जिन्होंने प्रक्रियात्मक पहलुओं को लेकर विभिन्न तिथियों में 21 फार्मों पर अपने हस्ताक्षर किए थे। आयोग ने कहा कि "वास्तव में यह मानवीय त्रुटि है और वह उसका परिणाम भुगतेंगे, खासकर इसलिए क्योंकि इसमें स्वर्गीय मुख्यमंत्री का जीवन जुड़ा हुआ था। अतः जाँच का आदेश दिया जाएगा।"

आयोग ने कहा कि "अपोलो अस्पताल के चेयरमैन डॉ. प्रताप सी. रेड्डी अपने कर्त्तव्यों से बंधे थे और अपनी पूरी समझ से वास्तविक तथ्य बताने को अधिकृत थे, लेकिन उन्होंने सच नहीं बोला। उन्होंने एक पत्रकार सम्मेलन में यह ग़लत बयान दिया कि जयललिता को अस्पताल से कभी भी डिस्चार्ज किया जा सकता है।" आयोग ने यह भी दावा किया कि डॉ. रेड्डी स्वर्गीय मुख्यमंत्री के हृदय रोग और उन्हें दिए जा रहे उपचार के बारे में अक्सर वास्तविक तथ्य बताए बिना बीफ्रींग्स जारी किया करते थे। अब यह सरकार पर निर्भर है कि वह इस मामले की छानबीन को लेकर क्या निर्णय लेती है।"

मजेदार बात यह है कि अरूमुगा स्वामी आयोग की मैडिकल रिपोर्ट्स में सहायता के लिए गठित ऐम्स के मैडिकल पैनल ने पहले अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी जिनमें जयललिता को दिए गए उपचार को लेकर अपोलो हॉस्पिटल को क्लीन चिट दी गई थी। ऐमस पैनल ने अस्पताल के फायनल डायग्नॉसिस से भी सहमति जतायी थी।



श्रीलंका के शेहान करुणातिलका को उनके उपन्यास "द सेवन मून्स ऑफ माली अल्मेडा" के लिए इस वर्ष का बुकर पुरस्कार प्राप्त हुआ है। लेखक की इस उपलब्धि से भीषण आर्थिक मंदी से जूझ रहे इस देश में सकारात्मक और उत्साहवर्धक मौहाल बन गया है। करुणातिलका को, अंग्रेजी भाषा के साहित्यिक पुरस्कार के साथ, क्वीन कंसोर्ट कैमिला से ट्रोफी सहित 50,000 पाउंड का पुरस्कार भी मिला है। श्रीलंका में 1990 के दौरान चल रहे गृहयुद्ध की पृष्ठभूमि वाला यह उपन्यास समलैंगिक युद्ध फोटोग्राफर और जुआरी माली अल्मेडा के बारे में है। करुणातिलका ने पुरस्कार स्वीकार करते हुए कहा, श्रीलंका समझ गया है कि भ्रष्टाचार, नस्ल-विरोधी और क्रोनिज़्म के विचारों ने काम नहीं किया है तथा कभी भी काम नहीं करेगा।

# कांग्रेस विधायकों द्वारा दिए गए इस्तीफों पर भाजपा विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी को ज्ञापन सौंपकर उचित निर्णय लेने का अनुरोध किया

## डॉ. पूनिया ने कहा, "हमारा ऐतराज यह है कि जब इस्तीफे दे दिए हैं तो राजस्थान में सरकार कौन चला रहा है?"

- उन्होंने यह भी कहा कि, "बहुमत से फैसला करते हैं तो राज्य में सरकार 20 लोग तो चला नहीं रहे ये कहते हैं कि, 102 का बहुमत हमारे पास है तो जब 90-91 विधायकों ने इस्तीफा दिया, तो सरकार अल्पमत में आ ही जाती है।"

जयपुर, 18 अक्टूबर (का.सं.)। राजस्थान में राज्य सरकार का समर्थन कर रहे लगभग 91 विधानसभा सदस्यों द्वारा 25.09.2022 को विधानसभा अध्यक्ष को दिए गए सामूहिक त्यागपत्र के उपरान्त भी संवैधानिक पद पर बने रहने के संदर्भ में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित भाजपा विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) डॉ. सी.पी. जोशी से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा और उनसे उचित निर्णय लेने का अनुरोध किया।

बाद में सतीश पूनिया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, 2018 में कांग्रेस के बिखराव की शुरुआत जो राजभवन से हुई थी की परिणिति राजद्रोह के मुकदमों, पीसीसी चीफ एवं डिप्टी चीफ मिनिस्टर की बर्खास्तगी और बाड़ाबंदी के रूप में हुई, उसकी परिणति चिट्ठी पत्री में, सदन में विरोध और विकार में हुई।

अंततः एक ऐसा अवसर आया जब लगभग 90-91 सदस्यों ने स्पीकर के घर पर आकर पूरे नियोजित तरीके से इस्तीफे दिए, कहा तो यह गया कि तात्कालिक फैसला था पर यह टैंट वाला कहां से आया, क्या हलवाई घर में रखते हैं शांति धारीवाल, क्या स्पीकर महोदय ने जलेबियां पहले बनवा रखी थीं, इसका मतलब यह पूरा एक किस्म का सियासी मामला था।

तय यह करना है कांग्रेस को कि यह सियासी पाखंड था, यदि नहीं इस्तीफे सच्चे थे तो इसके लिए हम लोग स्पीकर के पास आए हैं स्पीकर महोदय को पूरा अवसर मिले, उन्होंने कहा था कि यह संवैधानिक मसला है, इसके लिए दूसरे प्रदेशों की मिसाल, देश की मिसाल का अध्ययन करना है तो 2 हफ्ते का उन्हें पर्याप्त समय मिला था और जब यह समय हो गया तब हमने उनके दरवाजे पर गुहार लगाई है की राजस्थान में यह पता लगे कि सरकार कौन चला रहा है?

क्योंकि वह बंगला सरकारी लिए हुए हैं, सरकारी खाट तोड़ रहे हैं, गाड़ी सरकारी तोड़ रहे हैं, रोटियां सरकारी तोड़ रहे हैं, कलम सरकारी चला रहे हैं, तबादले सरकारी कर रहे हैं तो हमारा ऐतराज यह है कि जब इस्तीफा दे दिए तो सरकार कौन चला रहा है?

राजस्थान की जनता यह जानना चाहती है कि क्या राजस्थान में संवैधानिक मशीनरी का फेलियर हुआ है, अब स्पीकर साहब को यह तय करना है कि उस पर वह क्या निर्णय लेते हैं, उन्होंने कहा कि मुझे थोड़ा वक्त चाहिए संवैधानिक प्रक्रिया का अध्ययन करने के लिए, हमने निवेदन किया कि आप इस कुर्सी पर विराजे हो लोकतंत्र की यह सर्वोच्च कुर्सी है, जो सदन के सदस्यों के प्रति यह अधिकार देती है और इस लिहाज से राजस्थान की जनता उत्सुक भी है और जनता को भरोसा है कि आप कांग्रेस के इस पाखंड पर योग्य निर्णय लेंगे, यह बात ठीक है कि डिक्टेट नहीं कर सकते, हमने तो उनसे संवैधानिक अधिकारों की बात की, हमने उनसे निवेदन, आग्रह और गुहार लगाई है देखते हैं उनका निर्णय क्या होता है।

राज्य सरकार अल्पमत में दिख रही है और सरकार बंटी हुई है, यदि आप बहुमत से फैसला करते हैं तो सरकार 20 लोग तो चला नहीं रहे, उन्होंने कहा कि 102 का बहुमत हमारे पास है तो जैसे कहा जाता है कि 90-91 लोगों ने इस्तीफा दिया है, इतनी बड़ी संख्या में इस्तीफों के बाद सरकार अल्पमत में आ ही जाती है।

# सरिस्का अभ्यारण्य के दस कि.मी. दायरे में खनन की मंजूरी, हाई कोर्ट ने जवाब मांगा

- नैशनल बोर्ड ऑफ वाइल्डलाइफ से अनुमति लिए बिना वाणिज्यिक खनन की मंजूरी देने से जुड़े मामले में राज्य के खान व पैट्रोलियम सचिव, प्रमुख पर्यावरण सचिव, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य सचिव व चीफ वाइल्ड लाइफ वॉर्डन से हाई कोर्ट ने जवाब मांगा है।

जयपुर, 18 अक्टूबर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सरिस्का अभ्यारण्य के दस किलोमीटर के दायरे में नैशनल बोर्ड ऑफ वाइल्डलाइफ से अनुमति लिए बिना वाणिज्यिक खनन की मंजूरी देने से संबंधित जुडे मामले में राज्य के खान व पैट्रोलियम सचिव, प्रमुख पर्यावरण सचिव, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य सचिव व चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन से जवाब मांगा। जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव व जस्टिस वी.के. भारवानी की खंडपीठ ने यह आदेश रामस्वरूप जांगिड की जनहित याचिका पर दिए।

याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार ने 25 अगस्त व 9 सितंबर को आदेश जारी कर पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य सचिव को निर्देश दिया था कि वे राष्ट्रीय अभ्यारण्य के दस किमी के दायरे में नैशनल बोर्ड ऑफ वाइल्डलाइफ पृथक से स्वीकृति लिए बिना ही खानों के संचालन यानि सीटीओ के नवीनीकरण की कार्रवाई करें। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने गोवा फाउंडेशन बनाम केन्द्र सरकार के मामले में कहा है कि राष्ट्रीय वन्य जीव अभ्यारण्य के दस किमी के दायरे में माइनिंग करने के लिए नैशनल बोर्ड ऑफ वाइल्डलाइफ से अनुमति लेना जरूरी है। ऐसे में राज्य सरकार द्वारा बिना नैशनल बोर्ड ऑफ वाइल्डलाइफ से अनुमति लिए अभ्यारण्य क्षेत्र में वाणिज्यिक खनन कार्य की मंजूरी देना गलत व सुप्रीम कोर्ट आदेशों का उल्लंघन है। इसलिए बिना यहां खान संचालन करने की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है।

# त्रिमूर्ति सर्किल से स्मॉल इंडियन सिवैट को रैस्क्यू किया

- जयपुर ज़ू व रक्षा जयपुर संस्था ने बिल्ली जैसे जानवर सिवैट को रैस्क्यू किया।

जयपुर, 18 अक्टूबर (का.सं.)। आज जयपुर के त्रिमूर्ति सर्किल स्टिथ होटल ग्रैण्ड उनियारा होटल से बिल्ली जैसे एक जंगली जानवर के होने की सूचना मिलने पर, संस्था " रक्षा जयपुर" व चिड़ियाघर के रेस्क्यू रेंजर राशिद खान मौके पर पहुंचे और पाया कि वह एक स्मॉल इंडियन सिवैट है। थोड़ी मशक्कत के बाद टीम ने रेस्क्यू कर सिवैट को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

रक्षा जयपुर के संस्थापक रोहित गंगवाल ने बताया कि, रक्षा ने स्मॉल इंडियन सिवैट पहली बार रेस्क्यू किया है। गौर की बात यह है कि, आमतौर पर यह सिवैट जंगल में ही मिलती है और जंगल के निकट रिहायशी कॉलोनीयों मैं बहुत कम दिखाई देती है। पर जयपुर शहर के बीचोंबीच इसका नज़र आना आश्चर्यजनक है।

जयपुर में ज्यादातर कॉल्स कॉमन सिवैट के ही आते हैं जो सिवैट की दूसरी प्रजाति है।

झालाना अमागढ़ जंगल रिजर्व के रेंजर जनेश्वर चौधरी की टीम के नेतृत्व में आज शाम सिवैट को अमागढ़ में रिलीज़ किया गया।



## चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बने रहने के लिए इसे खत्म करने जा रहे है।

कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक मात्र विरोध प्रदर्शन राष्ट्रीय आंदोलन बन सकता है। उनका कहना है कि एक चिन्गारी आग भड़का सकती है। जाने माने न्यूज चैनल ब्लूमबर्ग पर शी के खिलाफ देश के विभिन्न शहरों में विरोध प्रदर्शन करने की खबर मिली है।

बड़े पैमाने पर लॉकडाउन होने से बहुत सारे लोग भोजन व आवाश्यक वस्तुओं की कमी के संकट से जूझ रहे है। कई क्षेत्रों में तो लोगों को अपने परिवार के लिए खाना लेने भी बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है।

चीन की सरकार व सरकार नियंत्रित मीडिया कह रहा है कि शी की ज़ीरो को कोविड नीति से लोगों की जानें बची हैं, जबकि असलियत में इसकी वजह से लोग देश से बाहर जाना तो दूर देश में भी कहीं नहीं जा पा रहे है।

इन प्रतिबंधों से चीन की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई है। चीन का आर्थिक विकास व ग्रोथ रेट घट गई है। उद्योग भी बंद हैं। इससे रोजगार का भी भारी संकट खड़ा हो गया है। आर्थिक स्थिति ऐसी उलट स्थिति में आ गई है कि कुछ उद्योग तो बंद ही हो गये हैं।

आवासन के क्षेत्र में ऐसा सबसे ज्यादा हुआ है। बड़ी-बड़ी गृह-निर्माण कंपनियों ने निर्माणाधीन फ्लैटों तथा अपार्टमेन्ट्स पर पैसा ले रखा है लेकिन ये कम्पनियाँ निर्मित घर देने में असफल रही हैं। जिन लोगों ने अपने अपार्टमेन्ट्स का भुगतान करने के लिये कर्ज लिया था, उन्होंने अपने कर्ज चुकाने से इंकार कर दिया है तथा इसके फलस्परूप बैंकों का पैसा नहीं लौट रहा है और बैंक बंद हो रहे हैं।

अर्थव्यवस्था की इस स्थिति के फलस्वरूप, एक तरफ तो असंतोष फैल रहा है, दूसरी आय कम होती जा रही है। लेकिन सरकार इस असंतोष का जिक्र होने पर ही आक्रामक मुद्रा में आ जाती है।

पूरे प्रशासन तथा विरोध के निष्ठुर उत्पीड़न पर सरकार की दमनकारी पकड़ के चलते, ज्यादा कुछ नहीं हो नहीं सकता। लेकिन फिर भी, जिस तरह से शी पूरे राष्ट्र पर अपने विचारों और सत्ता को थोपने की कोशिश जिस तरह से कर रहे हैं, उसके फलस्वरूप लोगों में बहुत बड़ा आक्रोश है लेकिन वह दबा हुआ है।

# केदारनाथ के पास हैलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

## पायलट सहित सात जनों की मौत

केदारनाथ/देहरादून, 18 अक्टूबर। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद में भगवान शिव के पांचवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के दर्शन उपरान्त छह तीर्थ यात्रियों को वापस लाते समय एक हैलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें पायलट सहित हैलीकॉप्टर में सवार सभी सात लोगों की मृत्यु हो गई। मृतक गुजरात और तमिलनाडु के निवासी थे। सभी शव बरामद किए जाने के बाद भी राहत कार्य जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैलिकॉप्टर दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। राज्य के अपर सचिव तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी नागरिक उड्डयन, सी. रविशंकर ने देहरादून में संवाददाताओं को बताया कि, मंगलवार को केदारनाथ से गुप्तकाशी जा रहे आर्यन एविएशन हैलिकॉप्टर कंपनी के हैलिकॉप्टर की दुर्घटना में पायलट सहित सात लोगों की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई है। दुर्घटना मंगलवार को प्रातः लगभग 11:40 बजे हुई। मृतकों में पायलट कैप्टन अनिल (मुंबई निवासी) सहित कुल 7 यात्री थे। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना ग्राम देव दर्शनी, तहसील गरुड़ चट्टी में हुई। रविशंकर ने बताया कि 11:45 बजे कॉलर सोनू बिष्ट ने आपातकालीन परिचालन केन्द्र, रुद्रप्रयाग को अवगत कराया कि स्थान देव दर्शनी (गरुड़ चट्टी) के समीप एक हैलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।

## ईरानी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

10 अक्टूबर को एक अधिसूचना जारी करके, "जनहित" में किसी अन्य व्यक्ति या साझेदारी फर्म को एक्साइज लाइसेंस ट्रांसफर करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। किन्तु रॉड्रिग्ज़ का आरोप है कि इस अधिसूचना का उद्देश्य स्मृति ईरानी के द्वारा किये गये खुले गैरकानूनी कृत्यों तथा फर्जीवाड़े को कपटपूर्ण तरीके से संरक्षण प्रदान करना है। वे कहते हैं कि परिवर्तित नियम "गोवा एक्साइज ड्यूटी एक्ट, 1964 के विपरीत/प्रतिकूल हैं क्योंकि इस अधिनियम की धारा कहती है कि इस प्रकार जारी किया लाइसेंस शुद्ध रूप से व्यक्तिगत तथा अहस्तान्तरणीय (नॉन-ट्रांसफरेबल) है तथा इस प्रकार, यह अधिसूचना मूल अधिनियम की अवहेलना नहीं कर सकती।

## समान...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से संबंधित सभी जनहित याचिकाओं को पी.आई.एल., "असम्पोषीणीय" (नॉन मेन्टेनबल) मानते हुये, खारिज कर दिया जाए।

दिल्ली के भाजपा नेता, वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर की गई एक पी.आई.एल. के जवाब में, केन्द्र सरकार ने कहा कि विधायिका (संसद) को कोई खास कानून बनाने के लिये परमादेश (रिट ऑफ मैन्डमस) जारी नहीं किया जा सकता। इस याचिका में शादी, तलाक, भरण-पोषण तथा निर्वाह-भत्ता को नियंत्रित करने वाले पर्सनल लॉज़ में एकरूपता की माँग की गई थी।

मंत्रालय ने दृढ़तापूर्वक कहा कि अदालत इस मामले में कोई निर्देश जारी नहीं कर सकती, क्योंकि इस मामले का संबंध नीति से है, जिसके बारे में केवल निर्वाचित प्रतिनिधि ही विचार कर सकते हैं। इस प्रकार का कानून बनाना या न बनाना विधायिका के कार्य क्षेत्र में है।

## पी.यू.सी.एल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आजीवन कारावास ही अधिकतम सजा है। सत्र न्यायालय की इस टिप्पणी की बॉम्बे हाई कोर्ट ने कड़ी आलोचना की थी। उसने कहा था कि "हम सुविज्ञ सैशन जज की अनुचित टिप्पणियों का अनुमोदन नहीं करते क्योंकि इनमें पक्षपातरीन उद्देश्य की कमी का फैसला देने का गैर इरादतन परिणाम रहा होगा।"

उसने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट अपने फैसले में संवैधानिक कोर्ट, यानी कि बॉम्बे हाई कोर्ट की टिप्पणियों की अनदेखी कर उसी निचली अदालत के निर्णय का हवाला देता है। बॉम्बे हाई कोर्ट के अनुसार सत्र न्यायालय के निर्णय में पक्षपातहीनता की कमी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सत्र न्यायालय के निर्णय पर भरोसा करके एक ऐसे फैसले से सहमति प्रकट की जो कि प्रथम दृष्टया ही पूर्वाग्रह से ग्रसित था और जिसमें न्याय नहीं था तथा जिसमें न्याय की निष्पक्षता के विचार की कमी थी। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के तर्कों की अवहेलना कर राज्य के इस तर्क पर अपनी सहमति प्रकट कर दी कि जो लोग "अर्बन नक्सल्स" हैं, वे कानून की सुरक्षात्मक प्रक्रिया का लाभ लेने के अधिकारी नहीं है। पी.यू.सी.एल. ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा करके सभी लोगों के लिए भय और पक्षपात रहित "समान कानूनी संरक्षण" सुनिश्चित करने को ताक पर रख दिया।

उसने आगे यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर विचार नहीं किया कि साईबाबा शारीरिक रूप से 90 प्रतिशत अक्षम है और वह नागपुर सैन्टल जेल की अपर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं से पीड़ित रहे। वह करीब आठ वर्ष जेल में बिता चुके हैं और अपनी देखभाल खुद नहीं कर सकते। कैदियों के स्वास्थ्य संरक्षण के अधिकार के संदर्भ में इस अनदेखी के त्रासद परिणाम हो सकते हैं, जैसा कि इस केस के एक दोषी पाण्डु नारोटे की मौत के रूप में देखा गया है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600